सत्यमेव जयते

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक
का राज्य के वित्त पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन
31 मार्च 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

बिहार सरकार

वर्ष 2019 का प्रतिवेदन संख्या 1

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक
का राज्य के वित्त पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन
31 मार्च 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

बिहार सरकार

वर्ष 2019 का प्रतिवेदन संख्या 1

विषय सूची

विवरण	संदर्भ	
	कंडिका	पृष्ठ
प्राक्कथन		v
कार्यकारी सारांश		vii
अध्याय – I राज्य सरकार का वित्त		
सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी0एस0डी0पी0)	1.1	1
राज्य के वित्तीय संसाधन	1.2	6
संसाधनों का अनुप्रयोग	1.3	14
सरकारी व्यय एवं निवेश	1.4	19
परिसंपत्तियाँ एवं देयताएँ	1.5	22
ऋण प्रबंधन	1.6	25
अध्याय – II वित्तीय प्रबंधन एवं बजटीय नियंत्रण		
प्रस्तावना	2.1	27
विनियोग लेखे का सारांश	2.2	27
वित्तीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन	2.3	28
आकस्मिकता निधि से अग्रिम	2.4	33
निधियों का अनावश्यक प्रतिधारण	2.5	35
असमाशोधित प्राप्तियाँ एवं व्यय	2.6	35
अनुदान संख्या–21 "शिक्षा विभाग" की समीक्षा	2.7	37
अनुदान संख्या–48 "शहरी विकास एवं आवास विभाग" की समीक्षा	2.8	38
अध्याय – III वित्तीय प्रतिवेदन		
व्यक्तिगत जमा खाते	3.1	41
भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के लिए कल्याण उपकर	3.2	42
लेखाओं में अपारदर्शिता	3.3	43
मुख्य उचंत एवं प्रेषण शीर्षों के अंतर्गत लंबित शेष	3.4	44
सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लेखाओं के अन्तिमीकरण में विलंब	3.5	45
उपयोगिता प्रमाण पत्रों को जमा नहीं किया जाना	3.6	46
लंबित विस्तृत आकस्मिक विपत्र	3.7	48
निवेशों/ऋणों प्रत्याभूतियों का असमाशोधन	3.8	49

विषय सूची

विवरण	संदर्भ	
	कंडिका	पृष्ठ
जमा राशि पर ब्याज की गैर–अदायगी	3.9	49
राज्य के पुनर्गठन के फलस्वरूप शेषों का विभाजन	3.10	50
रोकड़ शेष में अंतर	3.11	50
नकद शेष एवं नकद शेषों का निवेश	3.12	50
अस्थायी अग्रिम एवं अग्रदाय असमायोजन	3.13	51
राजस्व अधिशेष एवं राजकोषीय घाटा पर प्रभाव	3.14	52

परिशिष्ट

संख्या	विवरण	संदर्भ	
		कंडिका	पृष्ठ
1.1	राज्य का परिचय	1	55
1.2	भाग–कः सरकारी लेखे की संरचना एवं रूपरेखा	1.1	56
1.2	भाग–खः वित्त लेखे की रूपरेखा	1.1	56
1.3	वर्ष 2017–18 की प्राप्तियों एवं संवितरणों का सार	1.1.1	58
1.4	वर्ष 2017–18 के लिए बजट प्राक्कलन यथा वास्तविकी	1.1.3	61
1.5	राज्य सरकार के वित्त के कालश्रृंखला आँकड़े	1.2.2	62
1.6	31 मार्च 2018 को बिहार सरकार के वित्तीय स्थिति का सार	1.5.1	64
1.7	राजकोषीय स्थिति के मूल्यांकन के लिए अपनायी गई पद्धति	1.6.2	65
2.1	₹ 100 करोड़ तथा अधिक एवं कुल प्रावधान के 20 प्रतिशत से ज्यादा की बचत वाले अनुदानों/ विनियोजनों की विवरणी	2.3.1	66
2.2	सतत् बचत	2.3.2	68
2.3	अनुपूरक प्रावधान के मामले (प्रत्येक मामले में ₹ 10 लाख या उससे अधिक) जो अनावश्यक साबित हुए	2.3.3	70
2.4	निधियों का अनावश्यक पुनर्विनियोजन	2.3.4	72
2.5	निधियों का आधिक्य पुनर्विनियोजन	2.3.4	75
2.6	निधियों के पुनर्विनियोजन द्वारा अपर्याप्त निकासी	2.3.4	76
2.7	वर्ष के दौरान वृहत् अभ्यर्पण (₹ पाँच करोड़ और कुल प्रावधान का 50 प्रतिशत से अधिक)	2.3.5	78
2.8	निधियों का शत्-प्रतिशत अभ्यर्पण (₹ पाँच लाख से अधिक)	2.3.5	85

विषय सूची

संख्या	विवरण	संदर्भ	
		कंडिका	पृष्ठ
2.9	प्रत्येक मामले में ₹ एक करोड़ या अधिक एवं 10 प्रतिशत से ज्यादा अभ्यर्पित नहीं किए गए बचत	2.3.7	92
2.10	वित्तीय वर्ष के अंतिम कार्य दिवस में ₹ 10 करोड़ तथा कुल प्रावधान के 10 प्रतिशत से अधिक के निधियों के अभ्यर्पण	2.3.7	93
2.11	मार्च 2018 में सघन व्यय	2.3.8	95
2.12	गैर आकस्मिक खर्चों के लिए आकस्मिकता निधि से निकासी	2.4	96
2.13	निधियों का अनावश्यक प्रतिधारण	2.5	98
2.14	शत्–प्रतिशत प्रेषण की राशि का ब्यौरा	2.5	101
2.15	वर्ष 2017–18 के दौरान असमाशोधित राशि (प्रत्येक मामले में) की विवरणी	2.6	103
2.16	निधियों का अनावश्यक पुनर्विनियोजन (अनुदान सं0– 21)	2.7	108
2.17	अनावश्यक और आधिक्य अनुपूरक प्रावधान (अनुदान सं0–21)	2.7	109
2.18	महालेखाकार (ले0 एवं हक0) तथा विभागीय व्यय के आँकड़े के बीच भिन्नता (अनुदान सं0–21)	2.7	111
2.19	शिक्षा विभाग के लंबित असमायोजित सार आकस्मिक विपत्र (अनुदान संख्या–21)	2.7	115
2.20	शिक्षा विभाग के लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र (अनुदान संख्या–21)	2.7	116
2.21	दत्तमत अनुदान से अधिक व्यय की विवरणी (अनुदान संख्या 48)	2.8	117
2.22	निधि का शत् प्रतिशत अभ्यर्पण की विवरणी (अनुदान संख्या 48)	2.8	119
2.23	वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन निधि के अभ्यर्पण की विवरणी (अनुदान संख्या 48)	2.8	120
2.24	सघन व्यय (अनुदान संख्या–48)	2.8	123
2.25	महालेखाकार (ले0 एवं हक0) तथा विभागीय व्यय के आँकड़े के बीच भिन्नता (अनुदान संख्या 48)	2.8	126
2.26	असमायोजित सार आकस्मिक विपत्रों की स्थिति (अनुदान संख्या–48)	2.8	127

विषय सूची

संख्या	विवरण	संदर्भ	
		कंडिका	पृष्ठ
2.27	उपयोगिता प्रमाण पत्र का विवरण (अनुदान संख्या–48)	2.8	128
3.1	विगत तीन वित्तीय वर्षों से अपरिचालित व्यक्तिगत जमा खाते	3.1.2	129
3.2	लघु शीर्ष 800– 'अन्य प्राप्तियों' का परिचालन	3.3	131
3.3	लघु शीर्ष 800– 'अन्य व्यय' का परिचालन	3.3	132
3.4	30.09.2018 को सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम वार (सा0क्षे0उ0) बकाए लेखे, बिहार सरकार	3.5.1 & 3.5.2	133
3.5	सा0क्षे0उ0 को वित्तीय सहायता जिनके लेखे बकाये थे	3.5.3	136
3.6	लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्रों की विभागानुसार राशि	3.6	139
3.7	सरकारी कम्पनियों एवं सांविधिक निगमों से संबंधित 31 मार्च 2018 को बकाया अंश, ऋण एवं प्रत्याभूति	3.8	140
	संकेताक्षरों की शब्दावली		145

प्राक्कथन

बिहार राज्य के वित्त पर इस प्रतिवेदन को संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत बिहार के राज्यपाल को प्रस्तुत करने हेतु तैयार किया गया है।

यह प्रतिवेदन वर्ष 2017–18 के दौरान राज्य के वित्तीय निष्पादन का आकलन करने एवं राज्य विधायिका को वित्तीय आँकड़ों पर आधारित लेखापरीक्षा विश्लेषण के आगत को उपलब्ध कराने का प्रयोजन रखता है। यह प्रतिवेदन बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन) अधिनियम, 2016, वित्त आयोग प्रतिवेदन (एफ0सी0), सरकारी कार्यों के प्रबंधन हेतु नियमों एवं संहिताओं तथा बजट अनुमान 2017–18 द्वारा उल्लिखित लक्ष्यों के विरूद्ध वित्तीय प्रदर्शन पर भी विश्लेषण करता है। प्रतिवेदन तीन अध्यायों में संरचित है।

अध्याय–1 में व्यापक वित्तीय और राजकोषीय प्रबंधन पर लेखापरीक्षा मत शामिल है। यह वित्त लेखे के लेखापरीक्षा पर आधारित है, और यह 31 मार्च 2018 तक बिहार सरकार के राजकोषीय स्थिति का मूल्यांकन करता है। यह सरकार के घाटा प्रबंधन, राजस्व एवं पूँजीगत व्यय की प्रवृत्तियों, आकस्मिक मुद्दे, प्रतिबद्ध एवं अनिवार्य व्यय, ऋण, निवेश एवं उधार ढाँचों पर अन्तर्दृष्टि प्रदान करता है।

अध्याय–2 बजटीय नियंत्रण, व्यय पर नियंत्रण और इसके लेखांकन की पड़ताल करता है। यह विनियोग लेखे की लेखापरीक्षा पर आधारित है और विनियोगों का अनुदानवार विवरण देता है तथा सेवा प्रदायी विभागों द्वारा, आवंटित संसाधनों के प्रबंधन के ढंग का वर्णन करता है।

अध्याय–3 विभिन्न विधायी, सांविधिक, विधिक एवं मानक व्यवसायिक प्रावधानों के अनुपालन अनिवार्यताओं पर प्रतिवेदन है। यह विभिन्न प्रतिवेदन संबंधी आवश्यकताओं और वित्तीय नियमों एवं प्रबंधनों के साथ बिहार सरकार के अनुपालन की सूची है।

यह लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी लेखापरीक्षा मानकों के अनुरूप की गई है।

कार्यकारी सारांश

कार्यकारी सारांश

राजकोषीय स्थिति

राजस्व प्राप्तियाँ, राजस्व व्यय एवं पूँजीगत व्यय, 2013–14 से तुलनात्मक रूप में 2017–18 में बढ़ा है। राजस्व प्राप्तियों को छोड़कर उनके वृद्धि दर को मुद्रास्फीति (स्थिर मुल्य पर) से गणना करने पर 2017–18 में कमी हुई है। विशेष रूप से पूँजी निर्माण की वृद्धि दर पिछले वर्ष से काफी कम था।

(कंडिका 1.1.1)

राज्य ने राजस्व अधिशेष का लक्ष्य हासिल किया लेकिन यह बकाया ऋण से जी0एस0डी0पी0 के अनुपात को हासिल नहीं कर सका। 14वें वित्त आयोग एवं बी0एफ0आर0बी0एम0 अधिनियम के अनुसार राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल हुआ परंतु बजट अनुमानों के अनुसार यह नहीं था।

(कंडिका 1.1.2)

राज्य का प्राथमिक घाटा वर्ष 2013–14 में ₹ 2,892 करोड़ से बढ़कर 2017–18 में ₹ 5,251 करोड़ हो गया है जो यह दर्शाता है कि गैर ऋण प्राप्तियाँ राज्य के प्राथमिक व्यय तथा साथ ही साथ ब्याज भुगतान को पूरा करने के लिए अपर्याप्त थे।

(कंडिका 1.1.2.2)

संसाधन संग्रहण

2016–17 से 2017–18 में राजस्व प्राप्तियाँ में ₹ 11,862 करोड़ (11 प्रतिशत) वृद्धि हुई, लेकिन यह बजट प्राकलन से ₹ 19,711 करोड़ कम था।

2016–17 से 2017–18 में राजस्व व्यय ₹ 7,859 करोड़ (आठ प्रतिशत) बढ़ा, लेकिन यह बजट प्राक्कलन से ₹ 19,979 करोड़ कम था।

2016–17 से 2017–18 में पूँजीगत व्यय ₹ 1,699 करोड़ (छः प्रतिशत) ज्यादा था, लेकिन यह बजट अनुमान से ₹ 3,289 करोड़ कम था।

अनुशंसाः *वित्त विभाग को बजट तैयारी की प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाना चाहिए, ताकि बजट अनुमान और वास्तविकता के बीच का अंतर कम हो।*

(कंडिका 1.1.1 एवं 1.1.3)

महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों और अनुशंसाओं का सारांश

सहायता अनुदान पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2017–18 में ₹ 5,161.11 करोड़ की वृद्धि मुख्यतः वस्तु एवं सेवा कर के क्रियान्वयन के कारण राजस्व घाटे के क्षतिपूर्ति (₹ 3,041 करोड़) के रूप में थी।

(कंडिका 1.2.2.4)

प्रतिबद्ध व्यय

राजस्व शीर्ष के अंतर्गत सरकार के प्रतिबद्ध व्यय में मुख्यतः वेतन एवं मजदूरी पर व्यय (₹ 17,778.74 करोड़), पेंशन (₹ 14,293.48 करोड़), ब्याज भुगतान (₹ 9,053.78 करोड़) तथा सब्सिडी (₹ 5,023.06 करोड़) शामिल है। प्रतिबद्ध व्यय (₹ 46,149.06 करोड़), राजस्व व्यय का एक प्रमुख घटक है और यह स्थापना एवं प्रतिबद्ध राजस्व व्यय (₹ 66,673 करोड़) का 69.22 प्रतिशत है।

(कंडिका 1.3.4)

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली

वी0एल0सी0 आँकड़े के जाँच से यह पता चला कि 2005–06 से 2017–18 के कुल अंशदान ₹ 3,891.21 करोड़ में से केवल ₹ 3,762.93 करोड़ ही एन0एस0डी0एल0 को हस्तांरित किए गए, शेष ₹ 128.28 करोड़ (मुख्य शीर्ष 8011 एवं 8342 के अंतर्गत क्रमशः ₹ 41.32 करोड़ एवं ₹ 86.96 करोड़) का योजना प्रावधानों के अनुसार अग्रेत्तर निवेश हेतु एन0एस0डी0एल0 को स्थानान्तरित किया जाना था। इस प्रकार वर्तमान दायित्व भविष्य के वर्षों में चली गयी।

वित्त विभाग के आंकड़ों के जाँच से पता चलता है कि राज्य सरकार द्वारा अंशदानों पर ब्याज की गणना नहीं की गयी। इसके अलावा वित्त लेखे के अनुसार वर्ष 2017–18 तक बिहार सरकार द्वारा संबंधित शीर्ष 2049–03–117–0001 में ब्याज का भुगतान/स्थानान्तरण नहीं किया गया। इस प्रकार राज्य सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों से संबंधित निधि का दोषपूर्ण उपयोग किया गया, फलस्वरूप कर्मचारियों को प्रतिलाभ की दर/सरकार के परिहार्य वित्तीय दायित्व की संभावित अनिश्चितता होगी तथा योजना खुद में असफल होगी।

अनुशंसाः *राज्य सरकार को अविलंब इस तरह की कार्रवाई करने की पहल करनी चाहिए जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि 1 सितंबर, 2005 या उसके बाद नियुक्त कर्मचारियों को पूर्णतः राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का लाभ मिल सके। ऐसा पूर्णतः कर्मचारियों के अंशदान की कटौती एवं सरकार द्वारा समतुल्य अंशदान की कटौती कर राशि को पूर्णतः एन0एस0डी0एल0 को ससमय स्थानांतरित कर किया जाना है।*

(कंडिका 1.3.4.1)

लोक व्यय की पर्याप्तता

विकासात्मक व्यय, सामाजिक सेवाओं पर व्यय, पूँजीगत व्यय और शिक्षा सेवाओं पर व्यय की दर कुल व्यय के अनुपात में सामान्य श्रेणी के राज्यों के औसत से अधिक था। यद्यपि, कुल व्यय में शिक्षा का अंश चार वर्षों की अवधि में 2017–18 में कम हो गया। जबकि कुल व्यय में स्वास्थ्य का अंश सामान्य श्रेणी के राज्यों के औसत से कम था।

(कंडिका 1.3.5.1)

अपूर्ण परियोजनाएँ

वर्ष 2011–12 से 2017–18 तक पूर्ण होने वाली कुल 127 परियोजनाओं जिनका अनुमानित लागत ₹ 1,819.64 करोड़ था, में से मात्र तीन परियोजनाओं का ही लागत संशोधन किया गया। शेष 124 कार्यों की जिनकी अनुमानित लागत ₹ 1,798.64 करोड़ थी, उनका लागत संशोधन का विवरण विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं करवाया गया।

अनुशंसाः *वित्त विभाग और संबंधित विभागों को एक ऐसी प्रणाली विकसित करनी चाहिए जिससे परियोजनाओं को ससमय पूरा किया जा सके। सभी लंबित परियोजनाओं का संशोधित अनुमान तैयार कर किया जाना चाहिए और परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु आवश्यक निधि का वास्तविक मूल्यांकन प्राथमिकता के आधार पर उनका अनुमोदन करवाना चाहिए।*

(कंडिका 1.4.2)

निवेश पर प्रतिलाभ

2013–18 की अवधि में सरकार की उधारी लागत तथा विभिन्न इकाईयों में निवेश पर प्रतिलाभ के बीच अंतर के कारण पिछले पाँच वर्षों में, राज्य सरकार को ₹ 3,479.32 करोड़ की काल्पनिक हानि हुई।

अनुशंसा: *वित्त विभाग एवं संबंधित प्रशासनिक विभागों को वैसे इकाईयों जिनका वित्तीय प्रदर्शन पूँजी की उधार लागत को भी पूरा नहीं करता है, में निवेश की समीक्षा करनी चाहिए। किसी भी हाल में, जिन इकाईयों के लेखे बकायें में है, उनमें निवेश तथा ऋण विस्तार नहीं किया जाना चाहिए।*

(कंडिका 1.4.3)

राज्य सरकार द्वारा ऋण एवं अग्रिम

विभिन्न इकाईयों में ऋणों एवं अग्रिमों पर बकाया ब्याज पिछले वर्षों से बढ़ कर 31 मार्च 2018 को ₹ 7,823.47 करोड़ हो गया।

अनुशंसा: *वित्त विभाग एवं संबंधित प्रशासनिक विभागों को उन इकाईयों को दिए गए ऋण एवं अग्रिमों को बट्टे खाते में डालने की कार्रवाई शुरू करनी चाहिए जिन्होंने पिछले अनेक वर्षों से मूलधन का पुनर्भुगतान अथवा ब्याज अदायगी नहीं किया है।*

(कंडिका 1.4.4)

आरक्षित निधियों के अंतर्गत लेन–देन

वित्त लेखे के अनुसार राज्य सरकार छः आरक्षित निधियों का संचालन करती है। चार आरक्षित निधियों यथा मूल्य ह्रास/नवीकरण आरक्षित निधियों, अकाल राहत निधियों, विकास एवं कल्याण निधियों, सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधियों में पिछले 17 से 18 वर्षों में कोई लेन–देन नहीं हुआ था।

अनुशंसा: *वित्त विभाग तथा संबंधित प्रशासनिक विभागों को वैसे सभी आरक्षित निधियों को बंद कर देना चाहिए जिनमें पिछले कई वर्षों से कोई लेन–देन नहीं हुआ है।*

(कंडिका 1.5.2)

निक्षेप निधि

12वें वित्त आयोग के अनुशंसा के आलोक में राज्यों को सभी प्रकार के ऋणों जिसमें बैंक ऋण, राष्ट्रीय सूक्ष्म बचत निधि पर दायित्व इत्यादि हेतु परिशोधन के लिए निक्षेप निधि का स्थापना करना चाहिए और इन निधियों के ऋणों के परिशोधन को छोड़कर और किसी उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक, जो निधि के प्रबंधन के लिए जिम्मेवार है के निर्देशानुसार वर्ष के प्रारंभ में बकाया देयताओं के 0.5 प्रतिशत का न्यूनतम वार्षिक योगदान निर्धारित किया जाना है। राज्य सरकार ने 2008–09 में एक समेकित निक्षेप निधि का स्थापना किया जो सिर्फ बाजार ऋण के परिशोधन के लिए था जबकि 2014–15 से इसका प्रयोग सरकार के सभी बकाया देयताओं के परिशोधन के लिए किया जाना था। 31 मार्च 2018 को निधि का अंत शेष ₹ 4,111.24 करोड़ था।

(कंडिका 1.5.2.1)

राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि

1 अप्रैल 2017 को निधि का प्रारंभिक शेष ₹ 696.39 करोड़ था। वर्ष के दौरान ₹ 721.32 करोड़ की राशि प्राप्त की गयी और प्राकृतिक आपदाओं पर ₹ 1,417.71 करोड़ व्यय किया गया जिससे 31 मार्च 2018 को निधि में अंतिम शेष ₹ छः हजार रह गया।

(कंडिका 1.5.2.2)

प्रत्याभूति की स्थिति

बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूति मोचन निधि की स्थापना नहीं की गयी और न ही प्रत्याभूति की सीमा के लिए कोई नियम बनाया गया।

(कंडिका 1.5.3)

सार्वजनिक ऋण की निवल उपलब्धता एवं लोक लेखे दायित्व

राज्य द्वारा ली गई उधार निधियों में से 80 से 85 प्रतिशत की राशि का उपयोग उधारी के पुनर्भुगतान तथा इसके ब्याज अदायगी के रूप में किया गया है, जो यह दर्शाता है कि राज्य द्वारा विकासात्मक क्रियाओं में कम खर्च किया गया है।

(कंडिका 1.6.1)

उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय)

डिस्कॉम के पुनरूद्धार पैकेज के अनुसार, राज्य सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा सहभागी ऋणदाता बैंकों को बॉन्ड जारी कर कंपनियों के ऋण (₹ 2,331.78 करोड़) का अधिग्रहण किया। उदय योजना के अंतर्गत जारी बॉन्ड पर राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2017–18 में ₹ 191.36 करोड़ ब्याज की अदायगी की गई।

(कंडिका 1.6.3)

बचत

2017–18 में कुल अनुदान/विनियोग ₹ 1,87,343.96 करोड़ के विरूद्ध ₹ 46,396.66 करोड़ (25 प्रतिशत) का बचत हुआ। वर्ष 2017–18 के दौरान ₹ 1,000 करोड़ एवं अधिक तथा कुल प्रावधानों के 20 प्रतिशत से अधिक के उल्लेखनीय बचत 11 अनुदानों में कुल ₹ 30,899.89 करोड़ (33 प्रतिशत) हुए। कुल अनुदान या विनियोग और व्यय के बीच महत्वपूर्ण अन्तर (प्रत्येक मामले में 20 प्रतिशत और अधिक), नौ अनुदानों/विनियोजनों के तहत ₹ 11,046.78 करोड़ के बचत की ओर ले जाती है। विगत पाँच वर्षों के दौरान 25 अनुदानों से संबंधित 27 मामलों में ₹ 24,318.74 करोड़ और अधिक की सतत् बचत हुए (₹ 100.34 करोड़ से ₹ 8,534.72 करोड़ के बीच)। 42 मामलों में शामिल 38 अनुदानों/विनियोगों में ₹ 16,290.56 करोड़ (प्रत्येक मामले में ₹ 10 लाख या उससे अधिक) के पूरक प्रावधान अनावश्यक सिद्ध हुए क्योंकि व्यय मूल प्रावधान के स्तर तक भी नहीं था।

अनुशंसाः *वित्त विभाग को विभागीय नियंत्री पदाधिकारियों द्वारा किये गये व्यय की प्रवृत्ति की निगरानी करनी चाहिए, ताकि अनावश्यक प्रावधान न किया जाए, राशियों को अनावश्यक रूप से न रोके रखे जाए एवं अंतिम क्षणों में अभ्यर्पण किये जाने एवं आवंटन के व्यपगत हुए बिना जल्द से जल्द अभ्यर्पण कर देना चाहिए।*

(कंडिका 2.2, 2.3.1, 2.3.2 और 2.3.3)

निधियों का अभ्यर्पण

₹ 46,396.66 करोड़ के कुल बचत में से ₹ 34,570.64 करोड़ का अभ्यर्पण हुआ और ₹ 11,826.02 करोड़ (कुल बचत का 25 प्रतिशत) व्यपगत हुआ। आगे, ₹ 19,042.51 करोड़ (वर्ष के दौरान कुल अभ्यर्पण का 55 प्रतिशत) का

अभ्यर्पण मार्च 2018 के अंतिम कार्य दिवस को किया गया। 35 अनुदानों/विनियोजनों (₹ 3,591.68 करोड़) के अन्तर्गत 189 लेखा शीर्षों में शत्–प्रतिशत निधि (प्रत्येक मामले में पाँच लाख से अधिक) का अभ्यर्पण हुआ।

अनुशंसा: *वित्त विभाग को निधियों का ससमय अभ्यर्पण सुनिश्चित करना चाहिए और विभागों द्वारा अभ्यर्पण को कमतर करने के लिए ससमय बजट जारी करने की प्रणाली विकसित करनी चाहिए।*

(कंडिका 2.2 और 2.3.5)

सघन व्यय

वर्ष 2017–18 के दौरान 18 विभागों द्वारा ₹ 19,664.66 करोड़ (उनके ₹ 25,196.70 करोड़ के कुल व्यय का 78.04 प्रतिशत) अंतिम तिमाही में किया गया। इसमें से ₹ 18,549.06 करोड़ (उनके कुल व्यय का 73.62 प्रतिशत) का व्यय मार्च 2018 में किया गया था।

अनुशंसा: *राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष के अंतिम भाग में सघन व्यय के नियंत्रण हेतु नियमों का निर्धारण करना चाहिए।*

(कंडिका 2.3.8)

आकस्मिकता निधि से अग्रिम

आकस्मिकता निधि कोष (₹ 350 करोड़) को नियमित रूप से वर्ष दर वर्ष अस्थायी रूप से बढ़ाया गया। 2017–18 में राज्य विधायिका द्वारा आकस्मिकता निधि कोष को अस्थाई रूप से ₹ 350 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 6,403.42 करोड़ कर दिया गया। इसकी तुलना में भारत सरकार का आकस्मिकता निधि कोष ₹ 500 करोड़ है। 2017–18 के दौरान राज्य सरकार द्वारा आकस्मिकता निधि से ₹ 4,949.21 करोड़ की राशि के 126 आहरण किये गये। जिनमें से कुल ₹ 314.49 करोड़ (6.35 प्रतिशत) के 35 आहरण संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए गैर–आकस्मिक व्यय के लिए किये गए।

अनुशंसाएँ: *वित्त विभाग को आकस्मिकता निधि कोष में ऐसी वृहद वार्षिक वृद्धि के प्रथा की समीक्षा करनी चाहिए और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए की आकस्मिकता निधि से अग्रिम केवल तात्कालिक आकस्मिक व्यय को पूरा करने के लिए किया जाए जैसा कि संविधान एवं बिहार आकस्मिकता निधि अधिनियम में परिकल्पित है। वित्त विभाग को आकस्मिकता निधि से किये गये व्यय के नियमितीकरण के समय इन शर्तो के सभी उल्लंघन को विधायिका के सम्मुख भी प्रस्तुत करना चाहिए।*

(कंडिका 2.4)

असमाशोधित प्राप्तियाँ एवं व्यय

विभागाध्यक्षों ने 2017–18 के दौरान क्रमशः प्राप्तियों के 48 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹ 18,909.57 करोड़ एवं व्यय के 102 मुख्य शीर्षों ₹ 1,19,427.35 करोड़ का समाशोधन महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) की पुस्तिकाओं से नहीं किया।

अनुशंसाएँ: *वित विभाग को एक क्रियाविधि विकसित करनी चाहिए, जिसमें नियंत्रणी पदाधिकारियों के लिए अनिवार्यता कर देनी चाहिए कि वे प्रत्येक महीने अपने प्राप्तियों एवं व्यय को महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के पुस्तिकाओं के साथ मिलान करें।*

(कंडिका 2.6)

व्यक्तिगत जमा (पी0डी0) खाते

मार्च, 2018 तक मौजूदा 174 पी0डी0 खातों में ₹ 5,888.45 करोड़ शेष था। 174 व्यक्तिगत जमा खातों में से 94 खाते 47 कोषागारों में विगत तीन वित्तीय वर्षों से अपरिचालित थे जिसमें से 89 में शेष शून्य और पाँच पी0डी0

खातों में ₹ 27.73 करोड़ की राशि बजटीय एवं वित्तीय नियमों के विरूद्ध अव्ययित थी। शेष राशि में से ₹ 65.77 करोड़ की अव्ययित राशि, कालातीत होने से बचने के लिए नौ पी0 डी0 खातों में लगातार पाँच वर्षों से अधिक से पड़ा रहा। अव्ययित राशि को वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व तक संचित निधि में वापस नहीं किये जाने से लोक निधि के दुरूपयोग, धोखाधड़ी और दुर्विनियोजन के जोखिम का सामना करना पड़ सकता है।

अनुशंसाएँ: *वित्त विभाग को सभी पी0डी0 खातों की समीक्षा करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि (i) सभी पी0डी0 खाते, जिनमें शून्य/न्यूनतम शेष राशि हैं, उन्हें तुरंत बंद किया जाए; (ii) सभी राशियाँ जो पी0डी0 खातों में पड़े हैं उन्हें वर्ष की समाप्ति पर शीघ्रता से संचित निधि में प्रेषित किया जाए; (iii) उन विभागीय और कोषागार पदाधिकारियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जाए जो पी0डी0 खातों से संबंधित वित्तीय नियमों के पालन में असफल रहे।*

(कंडिका 3.1)

भवन और अन्य निर्माण कार्यों के श्रमिकों (भ0अ0नि0श्र0) के लिए कल्याण उपकर का लेखांकन

बिहार सरकार द्वारा भ0अ0नि0श्र0 कल्याण उपकर के लेखांकन के लिए नियम नहीं बनाए गए हैं। विभिन्न विभागों द्वारा श्रमिक सहयोग से निष्पादित परियोजनाओं पर प्राप्त श्रम उपकर को इन्द्राज करने के लिए सरकार द्वारा उप शीर्ष नहीं खोला गया है। भ0अ0नि0श्र0 कल्याण बोर्ड के लेखाओं को वर्ष 2015–16 तक ही अंतिमीकृत किया गया है।

अनुशंसाएँ: *बिहार भ0अ0नि0श्र0 कल्याण बोर्ड को लेखाओं के ससमय संधारण को सुनिश्चित करना चाहिए और प्रासंगिक अभिलेखों का उचित रखरखाव करना चाहिए ताकि भवन एवं अन्य निर्माण कार्य श्रमिकों के काम करने की स्थिति में सुधार के उद्देश्यों को पूरा किया जा सके और उन्हें पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जा सके। बिहार सरकार को संवैधानिक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए तथा उपकर को संचित निधि के माध्यम से स्थानांतरित और उपकर के लेखांकन हेतु नियमावली भी तैयार करना चाहिए।*

(कंडिका 3.2)

लेखाओं में अपारदर्शिता

सर्वव्यापी लघु शीर्ष "800–अन्य प्राप्तियाँ/अन्य व्यय" के अंतर्गत वर्गीकृत क्रमशः ₹ 1,607.18 करोड़ के राजस्व एवं ₹ 107.09 करोड़ का व्यय, वित्तीय विवरणी में पारदर्शिता के अभाव को प्रदर्शित करता है।

अनुशंसाएँ: *वित्त विभाग, महालेखाकार (ले0 एवं हक0) के परामर्शानुसार सभी मदों की एक व्यापक समीक्षा करा सकता है, जो वर्तमान में लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत प्रदर्शित है और यह भी सुनिश्चित कर सकता है कि भविष्य में ऐसी प्राप्तियों और व्ययों को उचित लेखा शीर्षों में लेखांकित किया जाए।*

(कंडिका 3.3)

सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/निगमों के लेखाओं का अन्तिमीकरण

30 कार्यशील सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (160 लेखाएँ) और 37 अकार्यशील सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (1,016 लेखाएँ) का लेखा बकाया क्रमशः 1 से 22 साल एवं 1 से 41 साल तक का है जो कि कम्पनी अधिनियम/निगमों से संबंधित निर्धारित अधिनियम का उल्लंघन है। राज्य सरकार ने उन 27 सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों को ₹ 26,640.53 करोड़ बजटीय सहायता (इक्विटी, लोन, अनुदान और सब्सिडी) और स्वीकृत देयता (गारंटी) के माध्यम से दिया, जिनके लेखे मार्च 2018 तक बकाया थे।

अनुशंसाएँ: *वित्त विभाग को उन सभी सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के मामलों की समीक्षा करनी चाहिए जिनके लेखे बकाये हैं, सुनिश्चित करना चाहिए कि एक यथोचित अवधि तक इन लेखाओं को अद्यतन किया जाए, और उन सभी मामलों में जहाँ बकाया लेखों की स्थिति यथावत है, वित्तीय सहायता बंद कर देनी चाहिए।*

(कंडिका 3.5)

उपयोगिता प्रमाण पत्रों को जमा नहीं किया जाना

35 विभागों द्वारा सहायक अनुदान विपत्रों पर आहरित ₹ 36,593.50 करोड़ (2,455 यू0सी0) के उपयोगिता प्रमाण पत्र मार्च 2018 तक लंबित थे। उपयोगिता प्रमाण पत्रों की उच्च लंबित संख्या से निधि के दुरूपयोग और धोखाधड़ी को बढ़ावा मिलता है।

अनुशंसाएँ: *वित्त विभाग को एक निश्चित समय सीमा निर्धारित करना चाहिए जिससे कि प्रशासनिक विभाग लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्रों को संग्रहित कर सके। वित्त विभाग को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रशासनिक विभाग, उस अवधि तक दोषी अनुदानग्राहियों को आगे कोई अनुदान जारी न करे।*

(कंडिका 3.6)

लंबित विस्तृत आकस्मिक विपत्र

15,214 सार आकस्मिक विपत्र पर आहरित ₹ 6,162.68 करोड़ मार्च 2018 तक विस्तृत आकस्मिक विपत्रों के प्रस्तुतिकरण में विलंब के कारण लंबित थे। इनमें से 491 विपत्रों पर ₹ 867.31 करोड़ (29.84 प्रतिशत) का आहरण मार्च 2018 में किया गया। आहरित अग्रिम जिसको लेखाबद्ध नहीं किया गया, क्षति/गबन/दुष्कृत्य आदि को बढ़ावा देता है।

अनुशंसाएँ: *वित्त विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी नियंत्रण पदाधिकारियों द्वारा निर्धारित अवधि के आगे तक लंबित एसी विपत्रों को समयबद्ध तरीके से समायोजित करें, तथा यह भी सुनिश्चित करें कि एसी विपत्रों को सिर्फ बजट के व्यपगत होने से बचाने के लिए आहरित नहीं किया जाए। वैसे पदाधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की पहल की जाय जो ए0सी0 विपत्रों पर निधि का आहरण सिर्फ बजट को व्यपगत होने से बचाने के लिए करते हैं।*

(कंडिका 3.7)

निवेशों/ऋणों एवं अग्रिमों/प्रत्याभूतियों का असमाशोधन

वित्त लेखे में दर्शाए गए निवेशों, ऋणों एवं अग्रिमों तथा प्रत्याभूतियों के आँकड़े वित्त विभाग, कोषागारों तथा प्रशासनिक विभागों द्वारा प्रदत्त सूचना पर आधारित है। यद्यपि, यह पाया गया कि सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों द्वारा प्रदत्त आँकड़ों से ये आँकड़े क्रमशः ₹ 645.26 करोड़, ₹ 163.33 करोड़ एवं ₹ 2,185.48 करोड़ भिन्न थे।

अनुशंसाएँ: *राज्य सरकार के विभिन्न संस्थाओं को दी गई निवेशों, ऋणों एवं अग्रिमों और प्रत्याभूतियों से संबधित राज्य सरकार के अभिलेखों एवं लेखों में अंतरों के समाशोधन के लिए वित्त विभाग एवं संबंधित प्रशासनिक विभागों को महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए।*

(कंडिका 3.8)

राज्य के पुनर्गठन के फलस्वरूप शेषों का विभाजन

राज्य सरकार द्वारा (नवम्बर 2000 से) उत्तरवर्त्ती राज्यों बिहार और झारखण्ड के बीच ₹ 11,148.69 करोड़ की शेष राशि का विभाजन अब तक किया जाना शेष है।

अनुशंसा: *राज्य सरकार को दोनों उत्तरवर्त्ती राज्यों के बीच ₹ 11,148.69 करोड़ की शेषों को शीघ्रता से विभाजन करना चाहिए।*

(कंडिका 3.10)

असमायोजित अस्थायी अग्रिम

आठ विभागों/संगठनों द्वारा आहरित अस्थायी ₹ 145.24 करोड़ के अस्थाई अग्रिम की राशि वर्ष 1983 के बाद से समायोजन हेतु लंबित था। निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ऐसी लंबित असमायोजित राशि दुर्विनियोजन एवं गबन के जोखिम से भरा–पूरा है।

अनुशंसाएँ: *वित्त विभाग एवं संबंधित प्रशासनिक विभागों को सभी असमायोजित अस्थायी अग्रिमों एवं अव्ययित राशियों की समीक्षा करनी चाहिए, उसके तत्काल समायोजन के लिए कार्रवाई प्रारंभ तथा वैसे कर्मचारियों/पदाधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाय जिन्होंने निर्धारित समय के अंदर अस्थायी अग्रिमों एवं अग्रदायों को समायोजित/वापस नहीं किया है।*

(कंडिका 3.13)

राजस्व अधिशेष एवं राजकोषीय घाटा पर प्रभाव

व्यय एवं राजस्व के गलत लेखांकन के प्रभाव के परिणामस्वरूप ₹ 227.06 करोड़ प्रत्येक का राजस्व अधिशेष में अतिशयता एवं राजकोषीय घाटे में न्यूनोक्ति 2017–18 में हुई।

(कंडिका 3.14)

अध्याय–I

राज्य सरकार का वित्त

अध्याय I

राज्य सरकार का वित्त

1. यह अध्याय वित्त लेखे की लेखापरीक्षा पर आधारित मुख्य राजकोषीय संग्रह में परिवर्तन का विश्लेषण एवं 31 मार्च 2018 को बिहार सरकार के राजकोषीय स्थिति का मूल्याकंन करता है। यह सरकार के घाटे प्रबंधन, राजस्व एवं पूँजीगत व्यय की प्रवृत्ति, आकस्मिक मुद्दे, प्रतिबद्ध एवं अनिवार्य/बाध्यकारी व्यय, सब्सिडी, ऋण, निवेश एवं उधारी के स्वरूप पर अन्तर्दृष्टि प्रदान करता है।

राज्य की रूप रेखा ***परिशिष्ट 1.1*** में दर्शायी गयी है।

1.1 सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी0एस0डी0पी0)

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जी0डी0पी0) और राज्य के जी0एस0डी0पी0 की चालू मूल्यों और स्थिर मूल्यों (आधार वर्ष 2011–12) पर वार्षिक वृद्धि की प्रवृत्तियाँ ***तालिका 1.1*** में दिए गए है।

तालिका 1.1: भारत का सकल घरेलू उत्पाद और बिहार का जी.एस.डी.पी.

वर्ष	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
भारत का सकल घरेलू उत्पाद चालू मूल्यों पर (₹ करोड़ में)	1,12,33,522	1,24,67,959	1,37,64,037	1,52,53,714	1,67,73,145
भारत के सकल घरेलू उत्पाद का वृद्धि दर (प्रतिशतता)	12.97	10.99	10.40	10.82	9.96
चालू मूल्यों पर राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (₹ करोड़ में)	3,17,101	3,42,951	3,69,469	4,25,888	4,87,628
चालू मूल्यों पर राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद का वृद्धि दर (प्रतिशतता)	12.30	8.15	7.73	15.27	14.50
स्थिर मूल्यों पर राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (₹ करोड़ में)	2,69,650	2,79,482	2,95,622	3,24,778	3,61,504
स्थिर मूल्यों पर राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद का वृद्धि दर (प्रतिशतता)	4.98	3.65	5.77	9.86	11.31

(स्रोतः जी0डी0पी0/जी0एस0डी0पी0 के आँकड़े सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा दिनांक 28.08.2018 को जारी)

सरकारी लेखे की संरचना ***भाग–क*** में वर्णित है और वित्त लेखे की रूप रेखा ***परिशिष्ट 1.2*** के ***भाग–ख*** में है। बिहार के जी0एस0डी0पी0 का भारत के जी0डी0पी0 में योगदान वित्तीय वर्ष 2017–18 में 2.91 प्रतिशत था। बिहार के जी0एस0डी0पी0 की वृद्धि दर झारखंड (8 प्रतिशत), उत्तरप्रदेश (10 प्रतिशत), मध्यप्रदेश (11 प्रतिशत) एवं छत्तीसगढ़ (11 प्रतिशत) से ज्यादा थी।

1.1.1 राजकोषीय लेन–देन का सारांश

तालिका 1.2 और **1.3,** वर्ष 2013–18 के दौरान राज्य सरकार राजकोषीय लेन–देन के सारांश को दर्शाता है जबकि 2017–18 के दौरान संपूर्ण राजकोषीय स्थिति के साथ–साथ प्राप्तियों एवं संवितरणों का विस्तृत विवरण ***परिशिष्ट 1.3*** में प्रस्तुत किया गया है।

[1] जी0डी0पी0 और जी0एस0डी0पी0 निश्चित समय की अवधि में क्रमशः देश एवं राज्य के भीतर सभी आधिकारिक रूप में मान्यता प्राप्त अंतिम उत्पाद एवं सेवा का बाजार मूल्य होता है और देश एवं राज्य की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण प्रदर्शक होता है।

तालिका 1.2: 2013–18 के दौरान प्राप्तियों का सारांश

(₹ करोड़ में)

प्राप्तियाँ	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
खण्ड–'क' राजस्व					
राजस्व प्राप्तियाँ	68,919	78,417	96,123	1,05,585	1,17,447
कर राजस्व	19,961	20,750	25,449	23,742	23,137
करेत्तर राजस्व	1,545	1,558	2,186	2,403	3,507
संघीय कर/शुल्कों का अंश	34,829	36,963	48,923	58,881	65,083
भारत सरकार से प्राप्त अनुदान	12,584	19,146	19,565	20,559	25,720
खण्ड–'ख' पूँजीगत एवं अन्य					
विविध पूँजीगत प्राप्तियाँ	0	0	0	0	0
ऋणों एवं अग्रिमों की वसूली	15	1,493	19	23	22
अंतर्राज्यीय समाशोधन	0	0	0	0	0
लोक ऋण प्राप्तियाँ*	9,907	13,918	18,383	21,577	13,169
आकस्मिकता निधि	1,450	1,650	4,477	5,438	6,053
लोक लेखा प्राप्तियाँ	33,458	40,251	49,106	61,730	57,107
आंरभिक नकद शेष	3,716	6,156	6,337	11,717	17,062
योग	**1,17,465**	**1,41,885**	**1,74,445**	**2,06,070**	**2,10,860**

** वर्ष के दौरान कोई अर्थोपाय अग्रिमों की निकासी नहीं की गई।*

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

तालिका 1.3: 2013–18 के दौरान व्ययों का सारांश

(₹ करोड़ में)

	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
खण्ड–'क' राजस्व					
राजस्व व्यय	62,477	72,570	83,616	94,765	1,02,624
सामान्य सेवाएँ	22,018	26,408	27,972	30,607	33,374
सामाजिक सेवाएँ	26,395	31,713	35,943	40,737	45,770
आर्थिक सेवाएँ	14,060	14,445	19,697	23,417	23,476
सहायता अनुदान एवं अंशदान	4	4	4	4	4
खण्ड–'ख' पूँजीगत एवं अन्य					
पूँजीगत व्यय	14,001	18,150	23,966	27,208	28,907
ऋणों एवं अग्रिमों का संवितरण	807	369	621	114	243
अंतर्राज्यीय समाशोधन	0	0	0	0	0
लोक ऋण का पुनर्भुगतान	3,121	3,609	4,125	4,215	4,654
आकस्मिकता निधि	1,450	1,650	4,477	5,438	6,053
लोक लेखा संवितरण	29,453	39,200	45,923	57,268	46,298
अंतिम नकद शेष	6,156	6,337	11,717	17,062	22,081
योग	**1,17,465**	**1,41,885**	**1,74,445**	**2,06,070**	**2,10,860**

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

जी0एस0डी0पी0 के सापेक्ष राजस्व प्राप्तियाँ/राजस्व व्यय/पूँजीगत व्यय की प्रवृत्तियाँ चालू मूल्य के साथ–साथ स्थिर मूल्य पर नीचे **तालिका 1.4** में प्रस्तुत है।

तालिका 1.4: जी0एस0डी0पी0[2] के सापेक्ष राजस्व प्राप्तियाँ/राजस्व व्यय/ पूँजीगत व्यय की प्रवृत्तियाँ

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
जी0एस0डी0पी0 के सापेक्ष राजस्व प्राप्तियाँ					
चालू मूल्य पर राजस्व प्राप्तियाँ (₹ करोड़ में)	68,919	78,417	96,123	1,05,585	1,17,447
चालू मूल्य पर राजस्व प्राप्तियों का वृद्धि दर (प्रतिशत में)	15.70	13.78	22.58	9.84	11.23
स्थिर मूल्य पर राजस्व प्राप्तियाँ (₹ करोड़ में)	58,406	63,754	76,898	80,599	86,998
स्थिर मूल्य पर राजस्व प्राप्तियों का वृद्धि दर (प्रतिशत में)	7.79	9.16	20.62	4.81	7.94
राजस्व प्राप्तियाँ/सकल राज्य घरेलू उत्पाद (प्रतिशत में)	21.73	22.87	26.02	24.79	24.09
जी0एस0डी0पी0 के सापेक्ष राजस्व व्यय					
चालू मूल्य पर राजस्व व्यय (₹ करोड़ में)	62,477	72,570	83,616	94,765	1,02,624
चालू मूल्य पर राजस्व व्यय का वृद्धि दर (प्रतिशत में)	14.71	16.15	15.22	13.33	8.29
स्थिर मूल्य पर राजस्व व्यय (₹ करोड़ में)	52,947	59,000	66,893	72,340	76,018
स्थिर मूल्य पर राजस्व व्यय का वृद्धि दर (प्रतिशत में)	2.93	11.43	13.38	8.14	5.08
राजस्व व्यय/सकल राज्य घरेलू उत्पाद (प्रतिशत में)	19.70	21.16	22.63	22.25	21.05
जी0एस0डी0पी0 के सापेक्ष पूँजीगत व्यय					
चालू मूल्य पर पूँजीगत व्यय (₹ करोड़ में)	14,001	18,150	23,966	27,208	28,907
चालू मूल्य पर पूँजीगत व्यय का वृद्धि दर (प्रतिशत में)	46.08	29.64	32.04	13.53	6.24
स्थिर मूल्य पर पूँजीगत व्यय (₹ करोड़ में)	11,865	14,756	19,173	20,769	21,413
स्थिर मूल्य पर पूँजीगत व्यय का वृद्धि दर (प्रतिशत में)	36.56	24.37	29.93	8.32	3.10
पूँजीगत व्यय/सकल राज्य घरेलू उत्पाद (प्रतिशत में)	4.42	5.29	6.49	6.39	5.93

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

जैसा कि ऊपर की तालिका से स्पष्ट है, राजस्व प्राप्तियाँ, राजस्व व्यय और पूँजीगत व्यय, जी0एस0डी0पी0 प्रतिशत के रूप में, 2013–14 से तुलनात्मक रूप में 2017–18 में बढ़ा है। राजस्व प्राप्तियों को छोड़कर उनके वृद्धि दर को मुद्रास्फीति (स्थिर मूल्य पर) की गणना करने पर 2016–17 के तुलना में 2017–18 में इनकी वृद्धि दर में कमी हुई। विशेष रूप से पूँजीगत व्यय की वृद्धि दर पिछले वर्ष से काफी कम था।

1.1.2 राजकोषीय स्थिति की समीक्षा

वर्ष 2017–18 के दौरान राज्य का प्रदर्शन बजट में दिए गए प्रमुख परिवर्तनों के अंतर्गत, चौदहवें वित्त आयोग के अनुशंसा और बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम के अनुसार वास्तविकी और लेखापरीक्षा द्वारा कार्यित **तालिका 1.5** में दिया गया है। इस प्रतिवेदन में विभिन्न मुद्दों के विश्लेषण से यह परिलक्षित हुआ कि ₹ 227.06 करोड़ राजस्व अधिशेष अधिक बतलाया गया था जबकि राजकोषीय घाटा ₹ 227.06 करोड़ कम बतलाया गया था। दूसरे शब्दों में वास्तविक राजस्व अधिशेष ₹ 14,595.95 करोड़ तथा राजकोषीय घाटा ₹ 14,531.89 करोड़ है। यह प्रतिवेदन के अंतिम भाग में कंडिका 3.14 एवं **तालिका 3.7** में वर्णित है।

[2] जी0एस0डी0पी0 डिफ्लेटर = जी0एस0डी0पी0 चालू मूल्य पर/जी0एस0डी0पी0 स्थिर मूल्य पर

तालिका 1.5: 2017–18 के दौरान राज्य का प्रदर्शन

मुख्य राजकोषीय संकेतक	चौदहवें वित्त आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य	बी0एफ0आर0बी0एम0 अधिनियम द्वारा निर्धारित लक्ष्य	बजट अनुमान में निर्धारित लक्ष्य	वास्तविकी	लेखापरीक्षा द्वारा कार्यित वास्तविक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
राजस्व घाटा(-)/ अधिशेष (+) (₹ करोड़ में)	शून्य घाटा	शून्य घाटा	₹ 14,555.59 का अधिशेष	₹ 14,823.01	₹ 14,595.95
चालू मूल्य पर राजकोषीय घाटा/ जी0एस0डी0पी0 (प्रतिशत में)	3.50	3.00	2.87	2.93	2.98
चालू मूल्य पर जी0एस0डी0पी0 की तुलना में राज्य के कुल बकाया ऋण का अनुपात (प्रतिशत में)	24.84	19.81	19.81	32.15	32.15

(स्रोतः चौदहवें वित्त आयोग, बी0एफ0आर0बी0एम0 अधिनियम तथा वर्ष 2017–18 के लिए बजट आँकड़े)

राज्य ने राजस्व अधिशेष का लक्ष्य हासिल किया लेकिन जी0एस0डी0पी0 से बकाया ऋण के अनुपात का लक्ष्य हासिल नहीं किया। 14वें वित्त आयोग एवं बी0एफ0आर0बी0एम0 अधिनियम के अनुसार राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल किया परंतु बजट अनुमानों के अनुसार इनका लक्ष्य हासिल नहीं हो सका।

1.1.2.1 राजकोषीय घाटे की संरचना एवं वित्त पोषण

राजकोषीय घाटा, राजस्व और गैर–ऋण प्राप्तियों से राजस्व एवं पूँजीगत व्यय (ऋण और अग्रिम सहित) के आधिक्य को पूरा करने के लिए राज्य के कुल वित्त पोषण (मुख्य रूप से आर0बी0आई0 से अपने नकदी और निवेशित शेष की निकासी एवं उधारी द्वारा) का प्रतिनिधित्व करता है। राजकोषीय घाटे का वित्त पोषक का स्वरूप **तालिका 1.6** में परिलक्षित होता है।

तालिका 1.6: राजकोषीय घाटा के घटक एवं इसका वित्त पोषक

(₹ करोड़ में)

विवरण		2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
राजकोषीय घाटा (कोष्ठक में दिए गए आँकड़े जी0एस0डी0पी0 से प्रतिशत को दर्शाते है)		**8,351.92 (2.63)**	**11,178.50 (3.26)**	**12,061.59 (3.26)**	**16,479.15 (3.87)**	**14,304.83 (2.93)**
1	राजस्व अधिशेष	6,441.42	5,847.56	12,507.16	10,819.81	14,823.01
2	पूँजीगत व्यय	14,001.00	18,150.41	23,966.02	27,208.40	28,906.95
3	निवल ऋण एवं अग्रिम	792.35	1,124.35	602.73	90.56	220.90
राजकोषीय घाटे का वित्त पोषण का स्वरूप*						
1	बाजार उधारी	5,346.77	6,666.51	10,233.12	16,804.96	8,908.00
2	भारत सरकार से ऋण	(-)11.07	84.67	115.86	757.51	586.11
3	एन0एस0एस0एफ0 को जारी विशेष प्रतिभूति	631.52	3,150.22	2,024.86	(-)1,713.12	(-)1,768.75
4	वित्तीय संस्थाओं से ऋण	820.31	407.18	1,884.33	1,512.84	790.51
5	लघु बचत, भविष्य निधि आदि	(-) 297.90	(-) 182.77	(-)73.58	99.63	(-)80.25
6	जमा एवं अग्रिम	3,668.41	2,222.57	3,731.69	5,393.40	10,314.32
7	उचंत तथा विविध	(-) 2,007.59	(-) 1,231.88	(-) 5,245.97	(-)5,666.65	(-)3,813.95
8	प्रेषण	(-) 19.01	(-) 11.98	6.05	(-) 7.05	(-) 2.76
9	आरक्षित निधि	262.31	(-) 245.12	(-) 401.15	(-) 712.03	(-) 696.39
10	अंतर्राज्यीय समाशोधन	-	-	-	-	-
11	नकद शेष में कमी/ वृद्धि#	(-) 41.82	319.10	(-) 213.62	9.66	68.00
12	**सकल राजकोषीय घाटा**	**8,351.92**	**11,178.50**	**12,061.59**	**16,479.15**	**14,304.84**

** ये सभी आँकड़े वर्ष के दौरान निवल संवितरण/बर्हिगमन के है।*
 # नकद शेष (रिजर्व बैंक में जमा और कोषागार में प्रेषण)।

(स्रोतः संबंधित वर्षों का वित्त लेखे)

1.1.2.2 घाटा की गुणवत्ता

प्राथमिक घाटा पूर्व में लिए गए उधारों पर ब्याज भुगतान को छोड़कर चालू वर्ष के वित्तीय परिचालन का प्रमाण है। राज्य का प्राथमिक घाटा **तालिका 1.7** में दिखाया गया है।

तालिका 1.7: प्राथमिक घाटा

(₹ करोड़ में)

वर्ष	गैर ऋण प्राप्तियाँ[3]	प्राथमिक व्यय[4]	राजकोषीय घाटा	ब्याज अदायगी	प्राथमिक घाटा
1	2	3	4	5	6 (4-5)
2013-14	68,934	71,826	8,352	5,460	2,892
2014-15	79,910	84,960	11,179	6,129	5,050
2015-16	96,142	1,01,105	12,061	7,098	4,963
2016-17	1,05,608	1,13,896	16,479	8,191	8,288
2017-18	1,17,469	1,22,720	14,305	9,054	5,251

(स्रोत: संबंधित वर्षों का वित्त लेखा)

राज्य का प्राथमिक घाटा वर्ष 2013–14 में ₹ 2,892 करोड़ से बढ़कर 2017–18 में ₹ 5,251 करोड़ हो गया है। जो यह दर्शाता है कि गैर ऋण प्राप्तियाँ राज्य के प्राथमिक व्यय को पूरा करने के लिए अपर्याप्त थे। फिर भी, वर्ष 2016–17 की तुलना में राजकोषीय घाटों और प्राथमिक घाटों में क्रमशः 13 प्रतिशत और 37 प्रतिशत की कमी आयी।

1.1.3 बजट प्राक्कलन एवं वास्तविकी

बजट अनुमानों के विरूद्ध वास्तविक प्राप्तियों एवं व्यय में कमी, बजट तैयार करने में या तो असंभावित और अप्रत्याशित घटनाओं या कम/अधिक राजस्व या व्यय के अनुमान के कारण होता है। इसका विपरीत प्रभाव वांछित राजकोषीय उद्देश्यों पर पड़ता है।

वर्ष 2017–18 के चयनित राजकोषीय मानक के बजट प्राक्कलन की तुलना में यथा वास्तविकी **चार्ट 1.1** एवं ***परिशिष्ट 1.4*** में दिखाया गया है।

चार्ट 1.1: चयनित राजकोषीय मानक: 2017–18 के दौरान बजट प्राक्कलन एवं वास्तविकी



(स्रोत: बजट दस्तावेज तथा राज्य का वित्त लेखे, वर्ष 2017–18)

[3] गैर ऋण प्राप्तियाँ, ऋण एवं अग्रिम की वसूलियाँ और प्राप्तियाँ का योग है।

[4] प्राथमिक राजस्व व्यय (राजस्व व्यय – ब्याज भुगतान)+ पूँजीगत व्यय + ऋण एवं अग्रिम

उपर्युक्त चार्ट 2017–18 के दौरान बजट प्राक्कलन के विरूद्ध वास्तविक आँकड़ों में हुए परिवर्त्तन को दर्शाता है, जिसकी समीक्षा नीचे दी गयी है:

राजस्व प्राप्तियाँ	कर राजस्व में 27.70 प्रतिशत और भारत सरकार से प्राप्त सहायता अनुदानों में 30.40 प्रतिशत की कमी के कारण यह बजट आकलन से 14.37 प्रतिशत कम था।
राजस्व व्यय	सामान्य सेवाओं में 19.78 प्रतिशत (प्रशासनिक सेवाएँ में 14.71 प्रतिशत और पेंशन एवं विविध सामान्य सेवाओं में 29.92 प्रतिशत की कमी) और सामाजिक सेवाओं के अंतर्गत 14.14 प्रतिशत (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के कल्याण में 65.81 प्रतिशत और जलापूर्ति, स्वच्छता, आवास एवं शहरी विकास में 48.86 प्रतिशत) की कमी के कारण यह बजट आकलन से 16.30 प्रतिशत कम था।
पूँजीगत व्यय	सामान्य सेवाओं में 17.87 प्रतिशत एवं आर्थिक सेवाओं में 7.44 प्रतिशत (कृषि एवं संबद्ध सेवाओं में 36.14 प्रतिशत और ग्रामीण विकास में 28.19 प्रतिशत) में कमी के कारण यह बजट आकलन से 10.22 प्रतिशत कम था।
राजस्व अधिशेष	राजस्व व्यय में 16.30 प्रतिशत की कमी के कारण यह बजट आकलन से 1.84 प्रतिशत अधिक था। जबकि राजस्व प्राप्ति 14.37 प्रतिशत कम था।
राजकोषीय घाटा	राजस्व व्यय में 16.30 प्रतिशत एवं पूँजीगत व्यय में 10.22 प्रतिशत की कमी के कारण राजकोषीय घाटा बजट आकलन से 21.02 प्रतिशत कम था।
प्राथमिक घाटा	प्राथमिक घाटा बजट आकलन से 38.37 प्रतिशत कम था।

अनुशंसा: *वित्त विभाग को बजट तैयारी की प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाना चाहिए, ताकि बजट अनुमान और वास्तविकता के बीच का अंतर कम हो।*

1.2 राज्य के वित्तीय संसाधन

1.2.1 वार्षिक वित्त लेखे के अनुसार राज्य के संसाधन

वर्ष 2013–18 के दौरान कुल प्राप्तियों के विभिन्न घटक, इन घटकों के विचलन की प्रवृत्ति और 2017–18 के दौरान संसाधनों के संघटक को क्रमशः **चार्ट 1.2, 1.3 और 1.4** में प्रदर्शित किया गया है।

चार्ट 1.2: वर्ष 2017–18 के दौरान कुल प्राप्तियों की संरचना

(₹ करोड़ में)



(स्रोत: राज्य का वित्त लेखे, वर्ष 2017–18)

चार्ट 1.3: राज्य के प्राप्तियों की प्रवृत्ति



(स्रोत: संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

चार्ट 1.4: वर्ष 2017–18 के दौरान कुल प्राप्तियों के घटक

(₹ करोड़ में)



(स्रोत: राज्य का वित्त लेखे वर्ष 2017–18)

1.2.2 राजस्व प्राप्तियाँ

वित्त लेखे का विवरण–14 राज्य सरकार के राजस्व प्राप्तियों का विस्तृत ब्यौरा देता है। वर्ष 2013–18 की अवधि में राजस्व प्राप्तियों की प्रवृत्ति एवं संरचना को ***परिशिष्ट 1.5*** तथा **चार्ट 1.5** में भी क्रमशः दर्शाया गया है।

चार्ट 1.5: वर्ष 2013–18 के दौरान राजस्व प्राप्तियों की प्रवृत्ति एवं संरचना/घटक



(स्रोत: संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

वर्ष 2013–18 के दौरान राज्य के स्वयं राजस्व कुल राजस्व प्राप्तियों का 23 प्रतिशत से 31 प्रतिशत आता है। राजस्व प्राप्तियों का प्रमुख घटक केंद्रीय कर स्थानांतरण था जो 47 प्रतिशत से 56 प्रतिशत के बीच था।

1.2.2.1 राज्य के स्व–संसाधन

संसाधनों के संग्रहण में राज्य का प्रदर्शन का मूल्यांकन कर राजस्व और करेत्तर राजस्व के अनुसार किया जाता है, जिसमें केन्द्रीय करों में राज्यांश एवं सहायता अनुदान शामिल नहीं है जो कि वित्त आयोग की सिफारिशों पर आधारित होते है।

राज्य के कर राजस्व और करेत्तर राजस्व एवं बजट अनुमानों की तुलना नीचे **तालिका 1.8** में दी गई है:

तालिका 1.8: वर्ष 2017–18 के लिए प्रक्षेपण एवं वास्तविक प्राप्तियाँ

(₹ करोड़ में)

	बजट प्रक्षेपण	वास्तविकी
कर राजस्व	32,001.12	23,136.49
करेत्तर राजस्व	2,874.96	3,506.74

(स्रोत: वर्ष 2017–18 के वित्त लेखे एवं बजट प्राक्कलन)

कर राजस्व

राज्य का कर राजस्व 2016–17 में ₹ 23,742 करोड़ से 2.55 प्रतिशत घटकर 2017–18 में ₹ 23,137 करोड़ रह गया। कमी/वृद्धि के मुख्य संघटक नीचे **तालिका 1.9** में दिए गए है:–

तालिका 1.9: कर राजस्व के घटक

(₹ करोड़ में)

	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2016–17 से 2017–18 के दौरान भिन्नता (प्रतिशत)
बिक्री, व्यापार आदि पर कर	8,453	8,607	10,603	11,873	8,298	(-) 30.11
राज्य वस्तु एवं सेवा कर	-	-	-	-	6,747	-
राज्य उत्पाद शुल्क	3,168	3,217	3,142	30	(-) 3	(-) 110.00
मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क	2,712	2,699	3,409	2,982	3,726	24.95
वाहन कर	837	964	1,081	1,257	1,599	27.21
भू–राजस्व	202	277	695	971	779	(-) 19.77
माल एवं यात्रियों पर कर	4,349	4,451	6,087	6,245	1,645	(-) 73.66
अन्य कर	240	535	432	384	346	(-) 9.90
योग	**19,961**	**20,750**	**25,449**	**23,742**	**23,137**	**(-) 2.55**

(स्रोत: संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

बिक्री, व्यापार आदि पर कर और माल एवं यात्रियों पर कर में कमी जुलाई 2017 में वस्तु एवं सेवा कर के क्रियान्वयन के कारण हुई। राज्य उत्पाद शुल्क में कमी अप्रैल 2016 से राज्य में मद्यनिषेध लागू होने के कारण हुई। मद्यनिषेध लागू होने से राजस्व प्राप्तियों के अंर्तगत कर राजस्व का अंशदान 2015–16 के 26.47 प्रतिशत से घटकर 2016–17 में 22.49 प्रतिशत रह गया। 2016–17 में कुल राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि का कारण मुख्यतः केंद्रीय कर स्थानांतरण में 2015–16 के 51 प्रतिशत की तुलना में 2016–17 में 56 प्रतिशत था।

सकल राज्य घरेलू उत्पाद के सापेक्ष राज्य का स्व कर राजस्व मध्यप्रदेश (6.34 प्रतिशत), झारखंड (4.84 प्रतिशत), उत्तरप्रदेश (8.52 प्रतिशत) एवं छत्तीसगढ़ (6.82 प्रतिशत), के तुलना में केवल 4.74 प्रतिशत था।

करेत्तर राजस्व

2013–18 के दौरान करेत्तर राजस्व प्राप्तियों का विवरण नीचे **तालिका 1.10** में दिया गया है:

तालिका 1.10: करेत्तर राजस्व के घटक

(₹ करोड़ में)

करेत्तर राजस्व	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2016–17 से 2017–18 के दौरान भिन्नता (प्रतिशत)
ब्याज प्राप्तियाँ	269.48	344.77	583.66	939.91	1,577.24	67.81
गैर–लौह खनन और धातुकर्म उद्योग	569.14	879.87	971.34	997.60	1,082.67	8.53
अन्य करेत्तर प्राप्तियाँ	706.21	333.34	630.64	465.61	846.83	81.88
योग	**1,544.83**	**1,557.98**	**2,185.64**	**2,403.12**	**3,506.74**	**45.92**

(स्रोत: संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

राज्य का स्व संसाधन 2016–17 के ₹ 26,145.38 करोड़ से बढ़कर 2017–18 में ₹ 26,643.23 करोड़ हो गया।

1.2.2.2 वस्तु एवं सेवा कर (जी0एस0टी0)

राज्य सरकार वस्तु एवं सेवा कर कानून कार्यान्वित किया है जो 1 जुलाई 2017 से प्रभाव में हैं। वस्तु एवं सेवा कर (राज्यों का क्षतिपूर्ति) कानून 2017 के अनुसार, केन्द्र सरकार राज्यों को पाँच वर्षों की अवधि के लिए जी0एस0टी0 के कार्यान्वयन के कारण उत्पन्न होने वाले राजस्व के नुकसान की भरवाई करेगी। राज्य को देय क्षतिपूरक की गणना अंतिम राजस्व के आँकड़े की प्राप्ति के बाद, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए किया जाएगा जिसकी लेखापरीक्षा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, भारत सरकार द्वारा की जायगी। जी0एस0टी0 के तहत लगाए गए करों का एक आधार वर्ष (2015–16) का राजस्व आँकड़ा जी0एस0टी0 अधिनियम के तहत अंतिम रूप दिया गया है। बिहार के मामले में, आधार वर्ष (2015–16) में राजस्व ₹ 12,620.56 करोड़ था। राज्य में किसी भी वर्ष के लिए अनुमानित राजस्व की गणना, उस राज्य के आधार वर्ष के राजस्व पर अनुमानित विकास दर (प्रति वर्ष 14 प्रतिशत) को लागू करके की जाएगी।

आधार वर्ष के आँकड़े के अनुसार वर्ष 2017–18 (1 जुलाई 2017 से 31 मार्च, 2018 तक) के लिए अनुमानित राजस्व ₹ 12,301.25 करोड़ था। वर्ष 2017–18 के लिए जी0एस0टी0 के तहत राजस्व आँकड़ा को राजस्व प्राप्ति के प्रकृति के अनुसार वित्त लेखे में दर्शाया गया है यानि, राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एस0जी0एस0टी0), एस0जी0एस0टी0 और आई0जी0एस0टी0 के इनपुट टैक्स क्रेडिट क्रॉस उपयोग (एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर), एस0जी0एस0टी0 के कर घटक का आई0जी0एस0टी0 हस्तांरतण और आई0जी0एस0टी0 से अग्रिम का हस्तांतरण। वर्ष 2017–18 के दौरान जी0एस0टी0 के तहत राज्य सरकार की राजस्व प्राप्ति ₹ 12,301.25 करोड़ के विरूद्ध अनुमानित राजस्व प्राप्तियाँ **तालिका 1.11** में दी गई है।

तालिका–1.11: जी0एस0टी0 के पूर्व और एस0जी0एस0टी0 संग्रह, आई0जी0एस0टी0 का औपबंधिक बंटवारा, और भारत सरकार द्वारा जुलाई 2017 से मार्च 2018 के दौरान राज्य के प्रस्तावित राजस्व के विरूद्ध भारत सरकार द्वारा प्राप्त आई0 जी0एस0टी0 की क्षतिपूर्ति।

(₹ करोड़ में)

महीना	राजस्व की रक्षा	पूर्व जी0एस0टी0 एकत्रित*	एस0जी0एस0टी0 संग्रह	आई0जी0एस0टी0 का औपबंधिक बटवारा	कुल प्राप्त राशि**	क्षतिपूरक प्राप्त***	कमी / वृद्धि	अभियुक्ति
	1	2	3	4	5= (2+3+4)	6	7= {1-(5+6)}	8
जुलाई और अगस्त 2017	2,733.61	1,401.70	375.64	-	1,777.34	-	(-) 956.27	₹ 552.00 करोड़ की राषि विभाजन अग्रिम के रूप में आई. जी.एस.टी. को प्रदान की गयी जिसकी कटौती अगले वित्तीय वर्ष 2018–19 में होगी।
सितम्बर और अक्टूबर 2017	2,733.61	273.85	571.00	1,113.26	1,958.11	692.00	(-) 83.50	
नवम्बर और दिसम्बर 2017	2,733.61	165.19	547.84	1,093.66	1,806.69	1,054.00	127.08	
जनवरी और फरवरी 2018	2,733.61	175.06	551.62	1,087.00	1,813.68	373.00	(-) 546.93	
मार्च 2018	1,366.81	415.32	316.80	538.03	1,270.15	922.00	825.34	
कुल	**12,301.25**	**2,431.12**	**2,362.90**	**3,831.95**	**8,625.97**	**3,041.00**	**(-) 634.28**	

** वैट और सी.एस.टी. समेत (कुल रिफंड) और कर से प्राप्त राजस्व जो जी.एस.टी. इसमें पेट्रोलियम और मद्य पर भारित कर शामिल नहीं है।*
*** लेखापरीक्षित आँकड़े।*
**** क्षतिपूर्ति के आँकड़े औपबंधिक हैं।*

उपरोक्त तालिका 1.11 से देखा जा सकता है कि जी0एस0टी0 के क्रियान्वयन के कारण 2017–18 में ₹ 634.28 करोड़ का घाटा हुआ। जबकि ₹ 552.00 करोड़ आई0जी0एस0टी0 के अग्रिम विभाजन के फलस्वरूप प्राप्त हुआ जिसका समायोजन अगले वित्तीय वर्ष यथा 2018–19 में किया जाना है। इस प्रकार, जी0एस0टी0 के क्रियान्वयन

के कारण कुल घाटा ₹ 82.28 करोड़ था। तथापि ₹ 99.00 करोड़ (माह मार्च 2018 के लिए) की क्षतिपूर्ति इस कमी को पूरा करने के लिए भारत सरकार से मई 2018 में प्राप्त हुआ आधिक्य भुगतान का वसूली भविष्य में किए जाने वाले दावों या राज्य सरकार के खातों से प्रत्यक्ष आहरण जैसा भी नियम हो द्वारा किया जाना है।

1.2.2.3 संग्रहण पर लागत

वर्ष 2017–18 के दौरान मुख्य राजस्व प्राप्तियों के संग्रहण एवं उस पर हुए लागतों का विवरण **तालिका 1.12** में दिया गया है:

तालिका 1.12: राजस्व प्राप्तियों का सकल संग्रहण एवं व्यय

क्रम सं0	विवरण	सकल संग्रहण	संग्रहण पर व्यय	सकल संग्रहण से व्यय की प्रतिशतता	पिछले वर्ष का अखिल भारतीय औसत
		(₹ करोड़ में)			
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	वैट/बिक्री कर	8,298.10	72.30	0.87	0.69
2	राज्य उत्पाद शुल्क	(-)3.43	82.44	2,403.50	2.01
3	वाहन कर	1,599.51	61.62	3.85	2.61
4	मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क	3,725.66	53.85	1.45	2.99
5	एस.जी.एस.टी.	6,746.96	71.95	1.07	-
कुल		**20,366.80**	**342.16**	**1.70**	**-**

(स्रोतः वर्ष 2017–18 के वित्त लेखे)

जैसा कि उपर की तालिका से प्रदर्शित होता है कि राज्य उत्पाद कर के संग्रहण पर व्यय अखिल भारतीय औसत से ज्यादा था। यह मुख्यतः अप्रैल 2016 से राज्य में मद्य पर प्रतिबंध लगाने के कारण हुआ।

तालिका 1.13: सकल संग्रहण के सापेक्ष संग्रहण लागत

वर्ष	वैट/बिक्री कर		वाहन कर		मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क		राज्य उत्पाद शुल्क	
	बि.स.	भा.स.	बि.स.	भा.स.	बि.स.	भा.स.	बि.स.	भा.स.
2013-14	0.83	0.88	3.55	6.25	2.03	3.37	1.44	1.81
2014-15	1.11	0.91	3.97	6.08	1.40	3.59	1.53	2.09
2015-16	0.53	0.66	3.68	4.99	1.62	2.87	1.58	3.21
2016-17	0.64	0.69	3.67	2.61	1.60	2.99	310.05	2.01
2017-18	0.87	--	3.85	--	1.45	--	2,403.50	--

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

हलाँकि वैट/बिक्री कर एवं वाहन कर के संग्रहण में लागत पिछले वर्ष के अखिल भारतीय औसत से ज्यादा था।

1.2.2.4 भारत सरकार से सहायता अनुदान

वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर राज्य सरकार सहायता अनुदान और संघीय करों एवं शुल्कों में राज्यांश प्राप्त करती है। भारत सरकार के अनुदान का विवरण नीचे **तालिका 1.14** में दिया गया है।

तालिका 1.14: भारत सरकार से सहायता अनुदान

(₹ करोड़ में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
गैर–योजना अनुदान	3,288.13	3271.21	3,434.43	4,505.51	(-) 5.00
राज्य योजना मदों के लिए अनुदान	6,238.39	14,935.68	13,886.33	13,952.92	(-) 2.20
केन्द्र एवं केन्द्रीय योजना मदों के लिए अनुदान	136.65	117.49	2,083.98	1,422.91	(-) 1.00
केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के लिए अनुदान	2,920.86	821.88	160.86	677.68	13,312.26
वित्त आयोग अनुदान	-	-	-	-	4,525.06
राज्य के लिए अनुदान	-	-	-	-	7,891.01
कुल	**12,584.03**	**19,146.26**	**19,565.60**	**20,559.02**	**25,720.13**
पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि की प्रतिशतता	22.44	52.15	2.19	5.08	25.10
राजस्व प्राप्तियाँ	68,919	78,417	96,123	1,05,585	1,17,447
राजस्व प्राप्तियों के सापेक्ष कुल अनुदान की प्रतिशतता	18.26	24.42	20.35	19.47	21.90

(स्रोत: संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2017–18 में सहायता अनुदान में ₹ 5,161.11 करोड़ की वृद्धि मुख्यतः वस्तु एवं सेवा कर के क्रियान्वयन के कारण राजस्व घाटे के क्षतिपूर्ति (₹ 3,041 करोड़) के रूप में थी।

1.2.2.5 बकाया राजस्व

बकाये राजस्व का विवरण नीचे **तालिका 1.15** में है:

तालिका 1.15: बकाया राजस्व

(₹ करोड़ में)

क्रम सं0	राजस्व शीर्ष	विभाग का नाम	31 मार्च 2018 को कुल लंबित राशि	5 वर्षों से अधिक की लंबित राशि
1.	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	वाणिज्य कर विभाग	2,945.25	625.30
2.	माल एवं यात्रियों पर कर		1,332.34	12.97
3.	बिजली पर कर एवं शुल्क		22.99	2.25
4.	वस्तुओं एवं सेवाओं पर अन्य कर एवं शुल्क		10.58	8.22
5.	वाहन कर	परिवहन विभाग	1.89	अनुपलब्ध
6.	भू–राजस्व	राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग	143.26	अनुपलब्ध
7.	राज्य उत्पाद	निबंधन, उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग	49.40	22.23
8.	खनन एवं भूतत्व	खनन एवं भूतत्व विभाग	287.51	287.51
योग			**4,793.22**	**958.48**

(स्रोत: संबंधित विभाग)

अनुशंसा: *वित्त विभाग को एक प्रणाली विकसित करनी चाहिए जिससे बकाये राजस्व का तेजी से संग्रहण किया जा सके जिससे राज्य के राजकोषीय घाटे के भार को कम किया जा सके।*

1.2.3 पूँजीगत भाग के अंतर्गत प्राप्तियाँ

वर्ष 2013–18 के दौरान पूँजीगत भाग के अंतर्गत प्राप्तियों की प्रवृति **तालिका 1.16** में दी गई है।

तालिका 1.16: पूँजीगत भाग के अंतर्गत प्राप्तियों की प्रवृत्ति

(₹ करोड़ में)

राज्य की प्राप्तियों के स्रोत	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
पूँजीगत भाग के अंतर्गत प्राप्तियाँ	9,922	15,411	18,402	21,600	13,191
ऋणों एवं अग्रिमों की वसूली	*15*	*1,493*	*19*	*23*	*22*
लोक ऋण प्राप्तियाँ	*9,907*	*13,918*	*18,383*	*21,577*	13,169
लोक ऋण प्राप्तियों की वृद्धि दर (प्रतिशत)	04	40	32	18	(-)39
पूँजीगत भाग के अंतर्गत प्राप्तियों की वृद्धि दर (प्रतिशत)	04	55	19	17	(-)39

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

जैसा कि ऊपर से देखा जा सकता है, पूँजीगत भाग के अंतर्गत प्राप्तियाँ वर्ष 2016–17 के ₹ 21,600 करोड़ से घटकर वर्ष 2017–18 में ₹ 13,191 करोड़ रह गया यह कमी मुख्यतः लोक ऋण प्राप्तियाँ में 2016–17 के ₹ 21,577 करोड़ से 2017–18 में ₹ 13,169 करोड़ (₹ 8,408 करोड़) के कारण हुई।

पूँजीगत भाग के अंतर्गत प्राप्तियों में कमी मुख्यतः राजस्व अधिशेष में ₹ 4003.20 करोड़ की वृद्धि के कारण हुई।

1.2.3.1 आंतरिक स्रोतों से ऋण प्राप्तियाँ

वर्ष 2013–14 से 2017–18 के दौरान आंतरिक स्रोतों से ऋण प्राप्तियों का विवरण **तालिका 1.17** में दिया गया है।

तालिका 1.17: आंतरिक स्रोतों से ऋण प्राप्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरणी	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
बाजार उधारी	6,500	8,100	11,500	17,700	10,000
वित्तीय संस्थाओं से ऋण	1,471	1,154	1,204	1,588	1,771
अन्य[5]	1,386	3,946	4,861	777	0

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

राज्य द्वारा निवेश से प्राप्त ब्याज की तुलना में उच्च दर पर उधार के प्रभाव का वर्णन ***कंडिका 1.4.3*** में किया गया है।

1.2.3.2. भारत सरकार से ऋण एवं अग्रिम

वर्ष 2013–18 के दौरान राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार से प्राप्त ऋणों एवं अग्रिमों का विवरण ***तालिका 1.18*** में दिया गया है।

तालिका 1.18: भारत सरकार से ऋण एवं अग्रिम

(₹ करोड़ में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
भारत सरकार से ऋण एवं अग्रिम	550	718	818	1,512	1,398

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

[5] बॉन्ड्स, रिजर्व बैंक आफ इंडिया से अर्थोपाय एवं अग्रिम और राष्ट्रीय लघु बचत निधि को जारी विशेष प्रत्याभूतियाँ

पिछले वर्ष की तुलना में भारत सरकार से प्राप्त ऋण एवं अग्रिमों में ₹ 114 करोड़ की कमी मुख्यतः राजस्व अधिशेष में ₹ 4003.20 करोड़ की वृद्धि के कारण हुई।

1.2.3.3 लोक लेखा प्राप्तियाँ (निवल)

कुछ निश्चित लेन–देन जो समेकित निधि के भाग नहीं होते है जैसे लघु बचत, भविष्य निधि एवं आरक्षित निधि आदि, की प्राप्तियों एवं संवितरण को संविधान के अनुच्छेद 266 (2) के अधीन लोक लेखा में रखा जाता है तथा इसके लिए राज्य विधानमंडल से मतदान आवश्यक नहीं होता है। यहाँ सरकार एक बैंकर/ट्रस्टी की भूमिका अदा करती है। लोक लेखे के अंतर्गत प्राप्तियों एवं संवितरणों की स्थिति वित्त लेखे के विवरणी 21 में दी गई है और लोक लेखे की प्राप्तियों (निवल) का विवरण **तालिका 1.19** में दिया गया है।

तालिका 1.19: लोक लेखा प्राप्तियों (निवल) की स्थिति

(₹ करोड़ में)

विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत संसाधन	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
लोक लेखा प्राप्तियाँ (निवल)	**4,005.21**	**1,050.64**	**3,183.04**	**4,462.44**	**10,808.32**
(अ) लघु बचत, भविष्य निधि आदि	(-) 297.90	(-) 182.77	(-) 73.58	99.63	(-)80.25
(ब) आरक्षित निधि	698.58	730.13	90.69	(-) 129.15	(-)2.79
(स) जमा एवं अग्रिम	3,668.40	2,222.58	3,731.69	5,393.40	10,314.32
(द) उचंत एवं विविध	(-) 44.86	(-) 1,707.32	(-) 571.81	(-) 894.39	579.80
(ड़) प्रेषण	(-) 19.01	(-) 11.98	6.05	(-) 7.05	(-)2.76

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

आरक्षित निधि के अंतर्गत लेन–देन के प्रभाव की चर्चा **कंडिका 1.5.2** में की गई है।

1.3 संसाधनों का अनुप्रयोग

1.3.1 व्यय के संघटक एवं वृद्धि

वर्ष 2013–18 के दौरान कुल व्यय की प्रवृत्तियों एवं संघटकों को **चार्ट 1.6** में प्रस्तुत किया गया है।

चार्ट 1.6: कुल व्ययः संघटक एंव प्रवृत्तियाँ



(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

1.3.2 राजस्व व्यय

योजना तथा स्थापना एवं प्रतिबद्ध राजस्व व्यय का विवरण ***तालिका 1.20*** में दिया गया है।

तालिका 1.20: योजना तथा स्थापना एवं प्रतिबद्ध राजस्व व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
कुल राजस्व व्यय	62,477	72,570	83,616	94,765	1,02,624
स्थापना एवं प्रतिबद्ध राजस्व व्यय	43,381	47,059	53,965	61,189	66,673
योजना राजस्व व्यय	19,096	25,511	29,651	33,576	35,951
स्थापना एवं प्रतिबद्ध राजस्व व्यय का वृद्धि दर (प्रतिशत में)	15.45	8.48	14.68	13.39	8.96
योजना राजस्व व्यय का वृद्धि दर (प्रतिशत में)	13.05	33.59	16.23	13.24	7.07

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

1.3.3 पूँजीगत व्यय

पूँजीगत व्यय का विवरण **तालिका 1.21** में दिया गया है।

तालिका 1.21: योजना तथा स्थापना एवं प्रतिबद्ध पूँजीगत व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
कुल व्यय	77,285	91,089	1,08,203	1,22,087	1,31,774
पूँजीगत व्यय	14,001	18,150	23,966	27,208	28,907
स्थापना एवं प्रतिबद्ध पूँजीगत व्यय	97	58	36	16	41
योजना पूँजीगत व्यय	13,904	18,092	23,930	27,192	28,866
ऋण एवं अग्रिम	807	369	621	114	243
पूँजीगत व्यय का वृद्धि दर (प्रतिशत में)	46.07	29.63	32.04	13.53	6.24
स्थापना एवं प्रतिबद्ध पूँजीगत व्यय का वृद्धि दर (प्रतिशत में)	4.30	(-) 40.21	(-) 37.93	(-) 55.56	156.25
योजना पूँजीगत व्यय का वृद्धि दर (प्रतिशत में)	46.48	30.12	32.27	13.63	6.16
चालू मूल्य पर जी0एस0डी0पी0 की तुलना में पूँजीगत व्यय (प्रतिशत में)	4.42	5.29	6.49	6.39	5.93

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

वर्ष 2017–18 के दौरान कुल पूँजीगत व्यय ₹ 28,907 करोड़ में से, राज्य सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और सहकारी समितियों में ₹ 7,120.82 करोड़ का निवेश किया। जिसमें से ₹ 6,931.11 करोड़ का निवेश बिहार राज्य ऊर्जा (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड परियोजना में किया गया। दूसरे मुख्य व्ययों में ग्रामीण विकास कार्यक्रम पर ₹ 6,388 करोड़, सड़क एवं पुलों पर ₹ 5,373 करोड़, जलापूर्ति एवं स्वच्छता पर ₹ 1,764 करोड़, लोक निर्माण पर ₹ 1,665 करोड़ और शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति पर ₹ 1,519 करोड़ खर्च किए गए।

सकल राज्य घरेलू उत्पाद के सापेक्ष में राज्य का पूँजीगत व्यय 5.93 प्रतिशत इसके पड़ोसी राज्यों मध्य प्रदेश (4.37 प्रतिशत) उत्तर प्रदेश (2.84 प्रतिशत) झारखंड (4.68 प्रतिशत) और छत्तीसगढ (3.43 प्रतिशत) से ज्यादा था।

1.3.4 प्रतिबद्ध व्यय

राजस्व शीर्ष के अंतर्गत सरकार के प्रतिबद्ध व्यय में मुख्यतः वेतन एवं मजदूरी पर व्यय (₹ 17,778.74 करोड़), पेंशन (₹ 14,293.48 करोड़), ब्याज भुगतान (₹ 9,053.78 करोड़), तथा सब्सिडी (₹ 5,023.06 करोड़) शामिल है। कुल प्रतिबद्ध व्यय (₹ 46,149.06 करोड़), राजस्व व्यय का एक प्रमुख घटक है और यह स्थापना एवं प्रतिबद्ध राजस्व व्यय (₹ 66,673 करोड़) का 69.22 प्रतिशत है। **तालिका 1.22** 2013–18 के दौरान किए गए प्रतिबद्ध व्यय की प्रवृत्ति प्रस्तुत करता है।

तालिका 1.22: प्रतिबद्ध व्यय के घटकों की प्रवृत्ति

(₹ करोड़ में)

क्रम सं0	प्रतिबद्ध व्यय के घटक	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	
						बजट अनुमान	वास्तविकी
1	**वेतन एवं मजदूरी जिसमें**	**14,036.67** *(20.37)*	**14,607.44** *(18.63)*	**14,923.73** *(15.52)*	**15,784.04** *(14.95)*	**18,656.93**	**17,778.74** *(15.14)*
1(अ)	*स्थापना एवं प्रतिबद्ध*	13,315.36	13,910.31	14,307.22	15,106.13	18,009.89	16,948.39
1(ब)	*योजना*	721.31	697.13	616.51	677.91	647.04	830.35
2	**ब्याज भुगतान**	**5,459.04** *(7.92)*	**6,128.75** *(7.82)*	**7,097.69** *(7.38)*	**8,190.70** *(7.76)*	**9,591.35**	**9,053.78** *(7.71)*
3	**पेंशन पर व्यय**	**9,481.73** *(13.76)*	**11,344.50** *(14.47)*	**11,830.46** *(12.31)*	**12,514.52** *(11.85)*	**19,877.63**	**14,293.48** *(12.17)*
4	**सब्सिडी**	**1,464.38** *(2.12)*	**4,628.36** *(5.90)*	**9,010.45** *(9.37)*	**8,757.44** *(8.29)*	**6,628.75**	**5,023.06** *(4.27)*
5	**कुल प्रतिबद्ध व्यय**	**30,441.82** *(44.17)*	**36,709.05** *(46.81)*	**42,862.33** *(44.59)*	**45,246.70** *(42.85)*	**54,754.66**	**46,149.06** *(39.29)*

कोष्ठक में दिए गए आँकड़े राजस्व प्राप्तियों से वास्तविक व्यय के प्रतिशत को दर्शाते है।

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे एवं बजट दस्तावेज 2017–18)

1.3.4.1 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली

1 सितंबर 2005 या उसके बाद नियुक्त राज्य सरकार के कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत शामिल किया गया है जो कि अंशदान आधारित पेंशन योजना के रूप में परिभाषित हैं। इस योजना में, कर्मचारी मूल वेतन और महँगाई भत्ता का 10 प्रतिशत का अंशदान करता है इसके समतुल्य राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाती है और पूरी राशि को राष्ट्रीय प्रतिभूति डिपॉजिटरी लिमिटेड (एन0एस0डी0एल0)/ ट्रस्टी बैंक के माध्यम से निर्दिष्ट निधि प्रबंधक को अंतरण कर दिया जाता है। 31 मार्च 2010 तक केन्द्रीकृत रिकार्ड कीपिंग एवं एकाउन्टी एजेन्सी और पेंशन फंड मैनेजर की नियमित व्यवस्था होने तक राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के रिकार्ड एवं लेखा का संधारण बिहार सरकार द्वारा किया गया। 1 अप्रैल 2010 से बिहार सरकार के कर्मचारियों के राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के सम्बंधित खाते का प्रबंधन एन0एस0डी0एल0– सी0आर0ए0 द्वारा किया जा रहा है।

वी0एल0सी0 आँकड़े के जाँच से यह पता चला कि 2017–18 के दौरान एन0पी0एस0 के लिए ₹ 934.94 करोड़ का अंशदान था तथा सरकार ने ₹ 937.34 करोड़ एन0एस0डी0एल0 में जमा किए जिसमें से ₹ 2.34 करोड़

पिछले वर्ष के थे। 2005–06 से 2017–18 के कुल अंशदान ₹ 3,891.21 करोड़ में से केवल ₹ 3,762.93 करोड़ ही एन0एस0डी0एल0 को हस्तांतरित किए गए तथा ₹ 128.28 करोड़ (मुख्य शीर्ष 8011 एवं 8342 के अंतर्गत क्रमशः ₹ 41.32 करोड़ एवं ₹ 86.96 करोड़) शेष रह गया। इस प्रकार वर्तमान दायित्व भविष्य के लिए विलम्बित की गई।

राज्य सरकार कर्मियों के एन0पी0एस0 खाते दो अवधियों पहला 01.09.2005 से 31.03.2010 तक तथा दूसरा 01.04.2010 से आगे, से संबंधित है। पहली अवधि के दौरान कर्मियों के एन0पी0एस0 खाते एन0एस0डी0एल0 से नहीं खोले गए बल्कि राज्य सरकार ने कर्मियों पर अंशदायी पेंशन योजना लागू की जिसमें कर्मियों के खातों का संधारण भविष्य निधि निदेशालय (पी0एफ0डी0) लागू कर बिहार (वित्त विभाग की इकाई) द्वारा किया जाता था। दूसरी अवधि के दौरान यथा 01.04.2010 के बाद (जो 01.09.2005 के बाद सेवा में नियुक्त हुए) के एन0पी0एस0 खाते राज्य सरकार द्वारा एन0एस0डी0एल0 में खोले गए और इसके अलावा 01.04.2010 से नियमित अंशदान, संबंधित पूर्व आँकड़े तथा राशि भी एन0एस0डी0एल0 में अंतरित कर दी गयी। आगे, चूँकि वित्त विभाग (दिसम्बर 2018) ने बताया था कि पहली अवधि से संबंधित पूर्व निधि (लिगेसी फंड) पूरी तरह से एन0एस0डी0एल0 को अंतरित कर दिया गया है, परन्तु इसी बात को पी0एफ0डी0 जो उन खातों/लेखे के संधारण के लिए जवाबदेह थी, से पूछने पर (मार्च 2019 में) जवाब दिया गया कि अंशदायी पेंशन योजना (सी0पी0एस0) राशि (जो कोषागार में पड़ी थी) का एन0पी0एस0 खातों में अंतरण के लिए मैपिंग में दो माह का समय लगेगा और अंतिम जवाब 31.08.2019 तक उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस संबंध में विभाग द्वारा इस तरह का जवाब (दिसम्बर 2018) दिया जाना स्वीकार्य नहीं है।

बिहार सरकार के आदेश संख्या 16, दिनांक– 06.01.2016 के अनुसार ब्याज का भुगतान बिहार सरकार द्वारा जी0पी0एफ0 दर पर कुल योगदान पर 31 मार्च 2016 तक या जब तक राशि एन0एस0डी0एल0 को हस्तांतरित न हो जाए, जो पहले किया जाना चाहिए। वित्त विभाग के अभिलेखों की जाँच में यह पाया गया कि बिहार सरकार द्वारा योगदान पर ब्याज की गणना अगस्त 2017 तक नहीं की गई। 01.09.2005 से 31.03.2010 की अवधि के लिए ₹ 70.01 करोड़ की निधि अंतरण न होने के कारण सरकार द्वारा ₹ 34.24 करोड़ की कल्पित देनदारी सृजन हो गयी। इसके अलावा, वित्त लेखे के अनुसार संबंधित शीर्ष 2049–03–117–0001 में ब्याज का भुगतान वर्ष 2017–18 तक बिहार सरकार द्वारा नहीं किया गया। नई पेंशन प्रणाली की संचित निधि पर ब्याज की गणना नहीं करने के परिणामस्वरूप ब्याज का भुगतान न करने पर सरकारी कर्मचारियों को उनके एन0पी0एस0 फंड की मूल्यांकन करने के अधिकार से वंचित कर दिया है।

ऐसी परिस्थितियों में क्या 01.09.2005 को या उससे बाद नियुक्त सभी कर्मचारियों के एन0पी0एस0 खाते खोले गए तथा उनके वेतन से कटौती की गयी राशि उचित रूप से उनके व्यक्तिगत एन0पी0एस0 खातों में अंतिरत की गयी, इसका उचित जवाब राज्य सरकार द्वारा अभी तक दिया जाना बाकी है। जैसा कि 1 सितम्बर 2005 से 31 मार्च 2010 के दौरान एन0पी0एस0 प्रणाली में ब्योरो परिग्रहण के लिए कोई तंत्र नहीं था। इसलिए राज्य सरकार ने गलत तरीके से निधि का उपयोग किया जो उसके कर्मचारियों से संबंधित थी, जिसके परिणाम स्वरूप कर्मचारियों को सरकार को दी जाने वाली वित्तीय देयताओ के रिटर्न की दर की संभावित अनिश्चितता उत्पन्न करती है तथा इसलिए यह अपने आप में योजना की विफलता है।

अनुशंसाः *राज्य सरकार को त्वरित कार्रवाई कर सुनिश्चित करना चाहिए कि 1 सितम्बर 2005 या उसके बाद में भर्ती कर्मचारियों उनकी भर्ती की तिथि से नयी पेंशन प्रणाली के अधीन पूर्णतः शामिल हो। यह काम यह सुनिश्चित करते हुए किया जाना चाहिए कि कर्मचारियों की कटौती पूरी तरह से कटौती की जाती हो, जो सरकारी योगदान से पूर्णतः मेल खाता हो एवं एन0एस0डी0एल0 में ससमय पूर्णतः अंतरित होता है।*

1.3.5 व्ययों की गुणवत्ता

राज्य सरकार के व्यय की गुणवत्ता के अंतर्गत मुख्य रूप से तीन आयाम निहित होते हैं, यथा व्यय की पर्याप्तता (उदाहरणार्थ, जन सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त प्रावधान), व्यय उपयोग की दक्षता और प्रभावकारिता (सेवाओं हेतु परिव्यय–परिणाम संबंधों का आकलन)।

1.3.5.1 लोक व्यय की पर्याप्तता

वर्ष 2017–18 के दौरान पूँजीगत व्यय, सामाजिक सेवाओं पर व्यय और विकासात्मक व्यय के संदर्भ में राज्य सरकार की राजकोषीय प्राथमिकताओं का विश्लेषण ***तालिका 1.23*** में किया गया हैं।

तालिका 1.23: वर्ष 2013–14 और 2017–18 के दौरान राज्य की राजकोषीय प्राथमिकता

(प्रतिशत में)

राजकोषीय प्राथमिकता (जी0एस0डी0पी0 का प्रतिशतता)	ए.ई./ जी.एस. डी.पी.	डी. ई[#]/ ए.ई.	ई.एस. ई./ए. ई.	एस.एस. ई./ ए.ई.	सी.ई./ ए.ई.	शिक्षा/ ए.ई.	स्वास्थ्य/ ए.ई.
सामान्य श्रेणी के राज्यों का औसत 2013–14	14.70	66.50	28.9	37.60	13.60	17.20	4.50
बिहार का औसत 2013–14	24.37	69.77	33.2	36.56	18.12	19.47	3.33
सामान्य श्रेणी के राज्यों का औसत 2017–18	16.10	67.90	29.6	36.70	14.40	15.50	4.90
बिहार का औसत 2017–18	27.02	72.56	34.6	37.97	21.94	18.85	4.69
	ए.ई.–कुल व्यय, डी.ई.–विकासात्मक व्यय, एस.एस.ई.–सामाजिक सेवा व्यय, ई.एस.ई.–आर्थिक सेवा व्यय सी.ई.–पूँजीगत व्यय, [#]डी.ई.: विकासात्मक राजस्व व्यय, विकासात्मक पूँजीगत व्यय और संवितरित ऋण एवं अग्रिम शामिल है।						

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

तालिका से स्पष्ट है कि, विकासात्मक व्यय, सामाजिक सेवाओं पर व्यय पूँजीगत व्यय और शिक्षा सेवाओं पर कुल व्यय के अनुपात में सामान्य श्रेणी के राज्यों के औसत से अधिक था। यद्यपि, कुल व्यय में शिक्षा का अंश चार वर्षों की अवधि में 2017–18 में कम हो गया। जबकि कुल व्यय में स्वास्थ्य का अंश सामान्य श्रेणी के राज्यों के औसत से कम था।

1.3.5.2 व्यय की दक्षता

सामाजिक और आर्थिक सेवाओं के संचालन हेतु पूँजीगत और राजस्व व्ययों का विवरण नीचे **तालिका 1.24** में दर्शाया गया है:

तालिका 1.24: चयनित सामाजिक और आर्थिक सेवाओं में व्यय की दक्षता

(प्रतिशत में)

सामाजिक/आर्थिक संरचना	2016-17		2017-18	
	कुल व्यय में पूँजीगत व्यय का अनुपात	राजस्व व्यय में एस0 एण्ड डब्लू[6] का अंश	कुल व्यय में पूँजीगत व्यय का अनुपात	राजस्व व्यय में एस0 एण्ड डब्लू का अंश
सामान्य शिक्षा	3.38	22.59	4.99	22.00
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	15.85	48.34	9.14	46.86
जलापूर्ति, स्वच्छता, आवास एवं शहरी विकास	15.05	3.12	25.40	4.55
कुल (सामाजिक सेवाएँ)	**8.42**	**21.75**	**9.74**	**22.00**
कृषि एवं संबद्ध गतिविधियाँ	5.30	22.71	5.18	16.27
सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण	63.14	56.91	67.20	51.20
विद्युत एवं ऊर्जा	42.71	0.00	61.69	0.00
परिवहन	75.81	12.98	79.40	19.05
कुल (आर्थिक सेवाएँ)	**50.85**	**10.51**	**58.83**	**14.32**
कुल (सामाजिक + आर्थिक सेवाएँ)	**26.87**	**18.46**	**29.59**	**20.18**

(स्रोतः संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

[6] वेतन एवं मजदूरी

1.4 सरकारी व्यय एवं निवेश

1.4.1 सिंचाई कार्यों का वित्तीय परिणाम

तेरहवें और चौदहवें वित्त आयोग ने सिंचाई परियोजनाओं (राजस्व प्राप्ति की तुलना में राजस्व व्यय) के वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आकलन के लिए इन परियोजनाओं से वसूली की दर निर्धारित की थी। वर्ष 2013–18 की अवधि के दौरान राज्य की सिंचाई परियोजनाओं की स्थिति **तालिका 1.25** में दर्शायी गयी है:

तालिका 1.25: सिंचाई परियोजनाओं से लागत वसूली की स्थिति

वर्ष	राजस्व व्यय	राजस्व प्राप्तियाँ	13वें वित्त आयोग (2010–15)/14वें वित्त आयोग (2015–20) का लागत वसूली आकलन	राजस्व प्राप्तियों से राजस्व व्यय	लागत वसूली में अंतर
	(₹ करोड़ में)		*(प्रतिशत में)*		
2013-14	724.69	23.52	60	3	57
2014-15	680.96	21.34	75	3	72
2015-16	846.14	31.11	35	4	31
2016-17	680.98	28.23	35	4	31
2017-18	792.06	44.70	35	6	29

(स्रोत: संबंधित वर्षों के वित्त लेखे एवं 13वें और 14वें वित्त आयोग का प्रतिवेदन)

लागत वसूली में अंतर (29 प्रतिशत) पड़ोसी राज्यों, यथा मध्य प्रदेश (–47 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (21 प्रतिशत) और छत्तीसगढ़ (–76 प्रतिशत) से ज्यादा है, जो यह दर्शाता है कि इस क्षेत्र में राज्य को अभी बहुत प्रयास करना होगा।

1.4.2 अपूर्ण परियोजनाओं

अपूर्ण परियोजनाओं पर निधि अवरूद्ध होने से व्यय की गुणवत्ता पर नकारात्मक असर पड़ता है। वित्त लेखे में शामिल अपूर्ण परियोजनाओं का विवरण सारांशीकृत रूप में **तालिका 1.26** में दी गई है:

तालिका 1.26: 31 मार्च 2018 को अपूर्ण परियोजनाओं की विभागवार स्थिति

(₹ करोड़ में)

विभाग	अपूर्ण परियोजनाओं की संख्या	अनुमानित लागत	मार्च 2018 तक प्रगतिशील व्यय
जल संसाधन	13	59.51	10.86
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण	62	533.01	326.72
पथ निर्माण	25	781.76	334.21
भवन निर्माण	15	385.69	178.18
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन	7	9.87	6.29
ग्रामीण कार्य	2	3.26	1.38
राष्ट्रीय राजमार्ग	3	46.54	34.57
कुल	**127**	**1,819.64**	**892.21**

(स्रोत: वर्ष 2017–18 का वित्त लेखा)

वर्ष 2011–12 से 2017–18 तक पूर्ण होने वाली कुल 127 परियोजनाओं में से मात्र तीन परियोजनाओं[7] का ही लागत संशोधन (कुल 73.33 प्रतिशत की वृद्धि) किया गया। जिसका विस्तृत विवरणी वित्त लेखे भाग–II के परिशिष्ट IX में है। शेष 124 कार्यों की जिनकी अनुमानित लागत ₹ 1,798.64 करोड़ थी उनका लागत संशोधन का विवरण विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं करवाया गया तथा इनका संशोधित लागत वित्त लेखे में भी शामिल नहीं था जिस कारण यह अज्ञात रहा।

[7] जल संसाधन विभाग में एक, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में एक एवं पथ निर्माण विभाग में एक।

अनुशंसा: *वित्त विभाग और संबंधित विभागों को एक ऐसी प्रणाली विकसित करनी चाहिए जिससे की परियोजनाओं को ससमय पूरा किया जा सके। सभी अपूर्ण परियोजनाओं के संशोधित अनुमानों को प्राथमिकता पर तैयार कर उनका अनुमोदन करना चाहिए जिससे इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक धन का वास्तविक मूल्यांकन हो सके।*

1.4.3 निवेश पर प्रतिलाभ

वर्ष 2013–18 के दौरान निवेश[8] पर प्रतिलाभ की स्थिति ***तालिका 1.27*** में दिया गया है।

तालिका 1.27: निवेश पर प्रतिलाभ

निवेश/प्रतिलाभ/उधार की लागत	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
वर्ष के अंत में निवेश (₹ करोड़ में)	2,867.18	7,068.79	9,940.24	15,916.47	23,037.29
लाभांश/ब्याज प्राप्ति (₹ करोड़ में)	2.53	2.58	14.84	3.73	1.34
लाभांश/ब्याज प्राप्ति (प्रतिशत)	0.09	0.04	0.15	0.02	0.01
सरकारी उधारी पर ब्याज[9] की औसत दर (प्रतिशत)	6.68	6.59	6.58	6.42	6.13
बाजार उधारी पर ब्याज दर एवं निवेश पर प्रतिलाभ दर में अंतर (प्रतिशत)	6.19	6.15	5.94	5.88	5.82
बाजार उधारी पर ब्याज दर एवं निवेश पर प्रतिलाभ दर में अंतर के कारण हानि (₹ करोड़ में)	177.48	434.73	590.45	935.89	1,340.77

(स्रोत: संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

सरकार की उधारी लागत तथा निवेश पर प्रतिलाभ के बीच अंतर के कारण पिछले पाँच वर्षों में, राज्य सरकार को विभिन्न इकाईयों में निवेश पर ₹ 3,479.32 करोड़ की हानि हुई।

यहाँ ध्यान देने योग्य बात है कि निवेश पर खराब प्रतिलाभ के बावजूद वित्त विभाग ने नियमित रूप से इन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को इक्विटी, ऋण, सहायता अनुदान, सब्सिडी के माध्यम से बजटीय समर्थन प्रदान किया है, जिन कंपनियों ने कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अपने लेखों को पूर्ण नहीं किया था। यह पाया गया कि 2017–18 के दौरान राज्य सरकार तीन सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों एवं सहकारी संस्थानों को इक्विटी के रूप में ₹ 71,20.82 करोड़ का बजटीय सहायता विस्तारित किया। जैसा कि **तालिका 1.28** में दिया गया है

तालिका 1.28: राज्य सरकार द्वारा 2017–18 के दौरान किए गए निवेश

(₹ करोड़ में)

क्रम0 सं0	संस्था का नाम	वर्ष के दौरान निवेशित राशि	अभियुक्ति
1.	बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्त निगम लिमिटेड	100.00	2012–13 तक के लेखाओं का अन्तिमीकरण किया गया था।
2.	बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड	6,931.11	2016–17 तक के लेखाओं का अन्तिमीकरण किया गया था।
3.	बिहार राजय खनन निगम लिमिटेड	20.00	उपलब्ध नहीं है।
4.	अन्य सहकारी	69.71	उपलब्ध नहीं है।
योग		**7,120.82**	

(स्रोत: वर्ष 2017–18 का वित्त लेखे)

[8] स्वायत्त निकायों, सरकारी कंपनियों, सहकारी समितियों एवं बैंकों में।

[9] औसत ब्याज दर = ब्याज भुगतान/{(पिछले वर्ष का राजकोषीय उत्तरदायित्व + वर्तमान वर्ष का राजकोषीय उत्तरदायित्व)/2} * 100।

राज्य सरकार द्वारा 31 मार्च 2018 तक किसी भी तरह का लाभांश निति का निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लिए नहीं किया गया। वित्त लेखे के अनुसार केवल दो कम्पनियों ने अंशदान का योगदान किया है यथा, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड (₹ 1.05 करोड़) और क्रेडिट को–ऑपरेटिव (₹ 0.29 करोड़)।

चूँकि इक्विटी या ऋणों पर प्रतिलाभ की संभावना नहीं है और ये राज्य सरकार के परिसंपत्तियों का दोषपूर्ण प्रस्तुति करते है इस प्रकार इन सरकारी कम्पनियों/ पी.एस.यू./सहकारी समितियों को केवल सहायता अनुदान के द्वारा बजटीय सहायता प्रदान किया जाना चाहिए।

अनुशंसा: *वित्त विभाग एवं सबंधित प्रशासनिक विभागों को वैसे इकाईयों का, जिनका वित्तीय प्रदर्शन पूँजी की उधार लागत को भी पूरा नहीं करता है, में निवेश की समीक्षा करनी चाहिए। किसी भी स्थिति में, जिन इकाईयों के लेखे बकाये में है, उनमें निवेश तथा ऋण विस्तार नहीं दिया जाना चाहिए।*

1.4.4 राज्य सरकार द्वारा ऋण एवं अग्रिम

सहकारी संस्थाओं, निगमों तथा कंपनियों में निवेश करने के अतिरिक्त राज्य सरकार इनमें से कई संस्थाओं/ संगठनों को ऋण एवं अग्रिम भी प्रदान कर रही है। यह विस्तृत रूप से **तालिका 1.29** में दिया हुआ है।

तालिका 1.29: वर्ष 2013.18 के दौरान लंबित ऋण एवं अग्रिम तथा बकाया ब्याज

(₹ करोड़ में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
ऋण एवं अग्रिम का आरंभिक शेष	20,587.01	21,379.35	20,255.00	20,857.73	20,948.29
वर्ष के दौरान दी गयी अग्रिम की राशि	807.38	368.71	621.23	113.87	242.78
वर्ष के दौरान पुनर्भुगतान की राशि	15.03	1,493.06	18.50	23.31	21.89
ऋण एवं अग्रिम का अंत शेष	**21,379.36**	**20,255.00**	**20,857.73**	**20,948.29**	**21,169.18**
बकाया ब्याज	3,017.55	3,017.55	5,478.14	6,652.60	7,823.47
बकाया ऋण तथा अग्रिम के सापेक्ष बकाया ब्याज की प्रतिशत	14.11	14.90	26.26	31.76	36.96

(स्रोत: संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

(i) इन ऋणों एवं अग्रिमों पर बकाया ब्याज पिछले वर्षों में बढ़ कर 31 मार्च 2018 को यह ₹ 7,823.47 करोड़ हो गया।

सरकार द्वारा दी गई ऋणों एवं अग्रिमों का विवरण वित्त लेखे के भाग 1 में तथा इकाईयों का विवरण जिनका ऋणों का पुनर्भुगतान बाकी है वित्त लेखे के विवरणी संख्या–18 के भाग 2 में दिया गया है।

(ii) जैसा कि **तालिका 1.30** में दर्शाया गया है, पिछले अनेक वर्षों से विभिन्न इकाईयों द्वारा बकाया ऋणों एवं अग्रिमों का पुनर्भुगतान या ब्याज प्राप्ति नहीं हुई।

तालिका 1.30: ऋणी संस्थाओं के पुनर्भुगतान के बकायों का सारांश

(₹ करोड़ में)

ऋणी संस्था	31 मार्च 2018 को बकाया राशि*			आरंभिक अवधि जिससे बकाया संबंधित है	31 मार्च 2018 को संस्था पर कुल बकाया ऋण
	मूलधन	ब्याज	जोड़		
नगरपालिका/नगर परिषद्/नगर निगम	19.54	63.40	82.94	2001-02	386.85
सरकारी कंपनियाँ	2,650.83	2,376.87	5,027.70	2001-02	5,411.64
सहकारी समितियाँ/सहकारी निगम/बैंक	672.12	547.03	1,219.15	2001-02	1,102.72
पंचायती राज संस्थाएँ	17.47	23.54	41.01	2001-02	57.63
सांविधिक निगम	3,525.95	4,394.99	7,920.94	2001-02	13,376.82
अन्य	208.50	417.64	626.14	2001-02	615.00
योग	**7,094.41**	**7,823.47**	**14,917.88**		**20,950.66**

**वर्ष 2000–01 तक बकाया राशि ₹ 3,446.27 करोड़ (मूलधन ₹ 1,522.50 करोड़ तथा ब्याज ₹ 1,923.77 करोड़) विवरणी उपलब्ध नहीं रहने के कारण इसमें शामिल नहीं किया गया है।*
(स्रोतः वर्ष 2017–18 का वित्त लेखे)

अनुशंसा: *वित्त विभाग एवं संबंधित प्रशासनिक विभागों को उन इकाईयों को दिए गए ऋण एवं अग्रिम को पुनर्गठन की कार्रवाई शुरू करनी चाहिए जिन्होंने पिछले कई वर्षों से मूलधन का पुनर्भुगतान अथवा ब्याज अदायगी नहीं की है।*

1.5 परिसंपत्तियाँ एवं देयताएँ

1.5.1 परिसंपत्तियाँ एवं देयताओं में वृद्धि तथा इसके संघटक

सरकार की वर्तमान लेखा प्रणाली में अचल सम्पत्तियों जैसे सरकारी भूमि और भवन का विस्तृत लेखांकन नहीं होता है तथापि, ये वित्तीय देयताएँ के लेखांकन के व्यय द्वारा सृजित परिसंपत्तियों द्वारा प्राप्त किये जा सकते है। ***परिशिष्ट 1.6,*** 31 मार्च 2017 के संगत स्थिति की तुलना में 31 मार्च 2018 तक की इस प्रकार की देयताएँ तथा परिसंपत्तियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करता है। देयताओं में मुख्य रूप से आंतरिक उधारी, भारत सरकार से प्राप्त ऋण एवं अग्रिम तथा लोक लेखे एवं संचित निधि से प्राप्तियाँ शामिल है जबकि परिसंपत्तियाँ में मुख्यतः पूँजीगत परिव्यय एवं राज्य सरकार द्वारा दी गयी ऋण एवं अग्रिम तथा रोकड़ शेष शामिल है।

1.5.2 आरक्षित निधि के अंतर्गत लेन–देन

वित्त लेखे के अनुसार, राज्य सरकार के पास छः आरक्षित निधियाँ[10] है जैसा कि **तालिका 1.31** में दर्शाया गया है।

[10] राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि, निक्षेप निधि, अकाल राहत निधि, विकास एवं कल्याण निधि, सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधियाँ और मूल्यह्रास/नवीकरण आरक्षित निधियाँ।

तालिका 1.31: आरक्षित निधि के अंतर्गत लेन–देन का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्रम सं0	लेखे शीर्ष	01अप्रैल 2017 को आरंभिक शेष	2017–18 में प्राप्तियाँ	2017–18 में संवितरण	31 मार्च 2018 को अंतिम शेष
	(अ) ब्याज सहित आरक्षित निधियाँ				
1	8121–सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधियाँ (एस0डी0आर0एफ0)	696.39	721.32	1,417.71	0.00
	(ब) ब्याज रहित आरक्षित निधियाँ				
1	8222–निक्षेप निधि	0.00	693.61	693.61	0.00[11]
कुल		**696.39**	**1,414.93**	**2,111.32**	**0.00**

(स्रोत: वर्ष 2017–18 के वित्त लेखे)

पिछले 17 से 18 वर्षों से चार आरक्षित निधियों यथा, मूल्य ह्रास/नवीकरण आरक्षित निधियाँ, अकाल राहत निधि, विकास एवं कल्याण निधि, सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधियाँ में कोई लेन–देन नहीं हुआ है।

अनुशंसा: *वित्त विभाग तथा संबधित प्रशासनिक विभागों को वैसे सभी आरक्षित निधियों की समीक्षा कर बंद कर देना चाहिए जिनमें पिछले कई वर्षों से कोई लेन–देन नहीं हुआ है।*

अन्य दो आरक्षित निधियों से संबंधित प्राप्तियाँ तथा संवितरण का वर्णन नीचे किया गया है:–

1.5.2.1 निक्षेप निधि

बारहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसा की गई थी कि राज्यों को सभी ऋणों के साथ–साथ बैंकों से लिए गए ऋण, राष्ट्रीय लघु बचत निधि पर देयताओं इत्यादि के परिशोधन के लिए निक्षेप निधि की स्थापना करनी चाहिए तथा इन निधियों का उपयोग ऋणों के विमोचन के अलावे अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक, जो निधि के प्रबंधन के लिए जिम्मेवार है, ने वर्ष के प्रारंभ में बकाया देयताओं के न्यूनतम 0.5 प्रतिशत का अंशदान निर्धारित करने का दिशा–निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने 2008–09 में एक समेकित निक्षेप निधि की स्थापना की जो सिर्फ बाजार ऋण के परिशोधन के लिए था जबकि 2014–15 से इसका उपयोग सरकार के बकाया देयताओं के विमोचन के लिए किया जाना था। 31 मार्च 2018 तक निधियों का अंत शेष ₹ 4,111.24 करोड़ था।

1.5.2.2 राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि

तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, राज्य सरकार ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि का संचालन वर्ष 2010–11 में प्रारंभ किया। योजना में यह भी वर्णन है कि निधि में अभिवृद्वि के साथ–साथ निधि के निवेश पर अर्जित आय का निवेश केन्द्र सरकार के दिनांकित प्रतिभूतियों, नीलाम कोषागार विपत्रों, ब्याज अर्जक जमाओं एवं अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको के साथ निक्षेपों का प्रमाण पत्र तथा सहकारी बैंकों के साथ ब्याज अर्जक निवेशों में किया जाना चाहिए।

1 अप्रैल 2017 को निधि का प्रारंभिक शेष ₹ 696.39 करोड़ था। वर्ष के दौरान ₹ 721.32 करोड़ की राशि प्राप्त की गयी (केंद्र ₹ 592.07 करोड़ एवं राज्य ₹ 129.25 करोड़) तथा प्राकृतिक आपदाओं पर ₹ 1,417.71 करोड़ व्यय किया गया जिससे 31 मार्च 2018 को अंतिम शेष ₹ छः हजार रह गया। पुनः सरकार द्वारा वर्ष 2017–18 के लिए ₹ 57.45 करोड़ (रिजर्व बैंक के दिशा–निर्देशों के अनुसार अधिविकर्ष पर लागू दर से) के ब्याज का भुगतान नहीं

[11] कोष में जमा राशियों का निवेश वित्त लेखें के विवरण सं0 22 के अनुसार दर्शाए गए हैं। 31 मार्च, 2018 की तिथि तक निक्षेप निधि निवेश लेखा का अंतिम शेष जमा ₹ 4,111.24 करोड़ था।

किया गया। परिणामस्वरूप, राज्य सरकार का राजस्व अधिशेष ज्यादा तथा राजकोषीय घाटा कम प्रदर्शित हुआ जिसका वर्णन *कंडिका 3.14* में किया गया है।

अनुशंसा: *वित्त विभाग को वर्णित दिशा–निर्देशों के अनुसार राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि के शेषों को ब्याज अर्जक जमाओं में निवेश करना चाहिए था।*

1.5.3. प्रत्याभूतियाँ

प्रत्याभूति मोचन निधि

बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूति मोचन निधि की स्थापना नहीं की गयी और न ही प्रत्याभूति की सीमा के लिए कोई नियम बनाया गया। राज्य सरकार इसके दिशा निर्देशों के अनुसार ₹ 24.33 करोड़ (वर्ष 2017–18 के प्रारंभ में ₹ 4,865.07 करोड़ के बकाया प्रत्याभूति का 0.5 प्रतिशत) के न्यूनतम वार्षिक अंशदान करने में विफल रही।

वित्त लेखे के विवरणी 9 के अनुसार पिछले पाँच वर्षों के प्रत्याभूति की स्थिति **तालिका 1.32** में दिया हुआ है।

तालिका 1.32: सरकार द्वारा दी गयी प्रत्याभूति

(₹ करोड़ में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
अधिकतम प्रत्याभूत राशि	2,586.84	5,314.84	9,396.62	13,053.04	20,234.10
कुल राजस्व प्राप्तियाँ	68,919	78,417	96,123	1,05,585	1,17,446.74
वर्ष के अंत में प्रत्याभूति की बकाया राशि (मूलधन)	1,090.23	2,000.90	4,720.78	4,459.58	5,174.49
कुल राजस्व प्राप्ति से अधिकतम प्रत्याभूति राशि की प्रतिशतता	3.75	6.78	9.78	12.36	17.23

(स्रोत: संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

अधिकतम प्रत्याभूत राशि में से ऊर्जा (₹ 12,166.91 करोड़), सहकारिता (₹ 1,268.84 करोड़), पथ एवं परिवहन (₹ 2,000.00 करोड़), राज्य वित्तीय निगम (₹ 183.57 करोड़), शहरी विकास एवं आवास (₹ 90.00 करोड़), अन्य अवसंरचना (₹ 33.76 करोड़), सिंचाई (₹ 4.93 करोड़) तथा अन्य (₹ 4,486.09 करोड़) संबंधित था।

लोक क्षेत्र उपक्रमों, जो कि बैंक एवं वित्तीय संस्थानों से वित्तीय सहायता प्राप्त करती है, के लिए राज्य सरकार भारतीय संविधान के द्वारा तय किए गए सीमा के अंतर्गत गारंटी देती है जिस पर गारंटी शुल्क लगता है। बिहार सरकार के संकल्प संख्या 7498 दिनांक– 05/07/1974 के अंतर्गत ₹ 10 लाख के ऊपर गारंटी के लिए गारंटी शुल्क कुल गारंटी का 1/8 प्रतिशत वार्षिक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों को सरकार को देना है। गारंटी डीड में गारंटी शुल्क वसूली के लिए कोई धारा नहीं है। सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से बिहार सरकार द्वारा गारंटी शुल्क का दावा भी नहीं किया गया। आठ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों को कुल गारंटी ₹ 7,030.00 करोड़ 31 मार्च 2018 तक दिए गए थे। सात[12] सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों ने 31 मार्च 2018 तक अपने लंबित गारंटी के लिए किसी भी तरह का शुल्क भुगतान नहीं किया था। जबकि, एक कम्पनी (बिहार राज्य खाद्य एवं सिविल आपूर्ति निगम) से 2017–18 में ₹ 2.38 करोड़ (₹ 3.13 करोड़ में से) की राशि प्रत्याभूति शुल्क के रूप में प्राप्त हुआ।

[12] बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्त निगम, बिहार राज्य पावर जनरेशन कम्पनी लिमिटेड, बिहार राज्य पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्युशन कम्पनी लिमिटेड, दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्युशन कम्पनी लिमिटेड एवं बिहार राज्य वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन

1.6 ऋण प्रबंधन

1.6.1 लोक ऋण एवं लोक लेखे दायित्वों के अंतर्गत निधि की निवल उपलब्धता

2013–18 के दौरान लोक ऋण एवं लोक लेखे दायित्वों के अंतर्गत उधार ली गयी निधि की निवल उपलब्धता का विवरण **तालिका 1.33** में दिया हुआ है।

तालिका 1.33: लोक ऋण एवं लोक लेखे दायित्वों के अंतर्गत निधि की निवल उपलब्धता

(₹ करोड़ में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
लोक ऋण एवं लोक लेखे दायित्वों के अंतर्गत प्राप्तियाँ[13]	30,249	41,188	56,030	72,845	59,412
लोक ऋण तथा अन्य दायित्वों के अन्तर्गत पुनर्भुगतान (मूलधन एवं ब्याज)	25,272	35,200	45,606	58,892	50,411
निवल निधि उपलब्धता[14]	4,977	5,988	10,424	13,953	9001
लोक ऋण के अंतर्गत प्राप्तियाँ एवं निधि की निवल उपलब्धता का प्रतिशत	16.45	14.54	18.60	19.15	15.15

(स्रोत: संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

राज्य द्वारा ली गई उधार निधियों में से 80 से 85 प्रतिशत की राशि का उपयोग उधारी के पुनर्भुगतान तथा इसके ब्याज अदायगी के रूप में किया गया, जो दर्शाता है कि राज्य द्वारा विकासात्मक क्रियाओं में कम खर्च किया गया। 2017–18 के दौरान लोक ऋण के अंतर्गत प्राप्तियाँ एवं निधि की निवल उपलब्धता का प्रतिशत 15.15 था जबकि उत्तरप्रदेश 17.27 प्रतिशत, मध्यप्रदेश 13.37 प्रतिशत, झारखंड 22.24 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ में 35.01 प्रतिशत था।

1.6.2 ऋण निर्वाहता

ऋण निर्वाहता भविष्य में ऋण के निर्वहन के लिए राज्य की योग्यता को इंगित करता है। **तालिका 1.34** वर्ष 2013–14 के आरंभ से पाँच वर्षों की अवधि में ऋण निर्वाहता के सूचकांक को दर्शाता है।

तालिका 1.34 ऋण निर्वाहता : सूचकांक तथा प्रवृत्तियाँ

(₹ करोड़ में)

ऋण निर्वाहता के सूचकांक	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
उधार निधि के निवल उपलब्धता	4,977	5,988	10,424	13,953	9001.49
ब्याज भुगतान का भार (ब्याज भुगतान/ राजस्व प्राप्तियों का अनुपात)	10	10	8	8	8
राजस्व प्राप्तियाँ	68,919	78,417	96,123	1,05,585	1,17,447
बकाया ऋण*	86,939	99,056	1,16,578	1,38,722	1,56,777
बकाया ऋण की वृद्वि दर (प्रतिशत में)	13.64	13.94	17.69	19.00	13.02
बकाया ऋण (राजकोषीय दायित्व)/ जीएसडीपी (प्रतिशत में)	27.42	28.88	31.55	32.57	32.15
ब्याज भुगतान	5,459	6,129	7,098	8,191	9,054
बकाया ऋण का औसत ब्याज दर#	6.68	6.59	6.58	6.42	6.13

** उदय सहित (₹ 2,331.78 करोड़)*

 # फॉर्मूला परिशिष्ट– 1.7 में

(स्रोत: संबंधित वर्षों के वित्त लेखे)

[13] 2014–15 के दौरान ₹ 1.63 करोड़, 2015–16 के दौरान ₹ 0.63 करोड़ तथा 2016–17 के दौरान ₹ 1.75 करोड़

[14] उधार निधियों की निवल उपलब्धता = लोक ऋण तथा अन्य दायित्व के अंतर्गत प्राप्तियाँ–(लोक ऋण का पुनर्भुगतान एवं अन्य दायित्व+ गैर–योजना मुख्यशीर्ष 2049 के अंतर्गत ब्याज भुगतान)

1.6.3 उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय)

उदय भारत सरकार द्वारा नवम्बर 2015 में शुरु की गई, यह विद्युत वितरण कंपनियों के लिए एक पुनरूद्धार पैकेज था तथा यह विद्युत वितरण कंपनियों को वित्तीय तथा परिचालन रूप से सक्षम बनाता है ताकि वे सस्ती दरों पर पर्याप्त विद्युत आपूर्ति कर सकें।

इस योजना के तहत, 30 सितम्बर 2015 को डिस्कॉम के ऋण (₹ 3,109.05 करोड़) में से 75 प्रतिशत (वित्तीय वर्ष 2015–16 में 50 प्रतिशत तथा वित्तीय वर्ष 2016–17 में 25 प्रतिशत) का अधिग्रहण राज्य द्वारा गैर–सांविधिक तरलता अनुपात बॉण्ड[15] जारी कर किया गया तथा इसको अनुदान, ऋण तथा इक्विटी के रूप में विद्युत कंपनियों को हस्तांतरण किया जाना था। पैकेज के अंतर्गत राज्य सरकार का दायित्व ₹ 2,331.78[16] करोड़ था।

डिस्कॉम के 2017–18 के लिए औपबंधिक खातों से यह प्रतीत होता है कि दोनों डिस्कॉम में लागत पूँजी पर नाकारात्मक प्रतिफल प्राप्त हो रहा था और यह एस0बी0पी0डी0सी0एल0 के लिए (–) 24.06 प्रतिशत एवं एन0बी0पी0डी0सी0एल0 के लिए (–) 8.41 प्रतिशत था इसके अलावे 31 मार्च 2018 को दोनों डिस्कॉम पर ₹ 96.38 करोड़ का ऋण बकाया था (एस0बी0पी0डी0सी0एल0 ₹ 56.56 करोड़ एवं एन0बी0पी0डी0सी0एल0 ₹ 39.82 करोड़)। जबकि सभी दर सब्सिडी एवं ऋण का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है डिस्कॉम कंपनी अभी तक संचालन घाटा उठा रही है।

डिस्कॉम को प्राप्त वित्तीय पैकेज का खण्डवार विश्लेषण **तालिका 1.35** में दिया गया है।

तालिका 1.35: डिस्कॉम को वित्तीय पैकेज

(₹ करोड़ में)

क्रम. सं0	सहायता की प्रकृति	राशि
1.	दक्षिण बिहार विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड को सब्सिडी	1,369.89
2.	उत्तर बिहार विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड को सब्सिडी	961.89
योग		**2,331.78**

राज्य सरकार के द्वारा उदय योजना के अंतर्गत जारी किए गए बॉण्ड पर वर्ष 2017–18 में ₹ 191.36 करोड़ का ब्याज भुगतान किया गया है।

अनुशंसा: *राज्य सरकार को अपने ब्याज भुगतान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे कि बजट में राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।*

[15] सांविधिक तरलता अनुपात यह दर्शाता है कि वाणिजिक बैंकों को ग्राहकों को ऋण/साख देने से पहले इसको नकद, आरक्षित स्वर्ण एवं सरकार द्वारा अनुमोदित सिक्योरिटी के रूप में रखना आवश्यक है।

[16] 2015–16 में ₹ 1,554.52 करोड़ (50 प्रतिशत) तथा 2016–17 में ₹ 777.26 करोड़ (25 प्रतिशत)

अध्याय–II

वित्तीय प्रबंधन तथा बजटीय नियंत्रण

अध्याय II

वित्तीय प्रबंधन तथा बजटीय नियंत्रण

2.1 प्रस्तावना

यह अध्याय, बजटीय नियंत्रण, व्यय नियत्रंण और इसके लेखांकन की जाँच करता है। यह विनियोग लेखा की लेखापरीक्षा पर आधारित है तथा विनियोग का अनुदानवार विवरण और सेवा प्रदाता विभागों द्वारा अवंटित संसाधनों के किये गये प्रबंधन की शैली को प्रदर्षित करता है।

2.2 विनियोग लेखा का सारांश

बिहार सरकार का बिहार बजट मैनुअल का नियम 104 यह निर्धारित करता है कि सभी अनुमानित बचत का अभ्यर्पण नियंत्री पदाधिकारी द्वारा वित्त विभाग को चालू वर्ष के 15 फरवरी तक कर दिया जाना चाहिए। अपवाद स्वरूप मामले में अभ्यर्पण चालू वर्ष के 31 मार्च तक अवश्य किया जाना चाहिए।

वर्ष 2017–18 की अवधि के दौरान 51 अनुदानों/विनियोजनों के विरूद्ध किये गये व्यय की सारभूत स्थिति **तालिका 2.1** में दर्शायी गयी है।

तालिका 2.1: वर्ष 2017–18 के मूल/पूरक प्रावधानों की तुलना में वास्तविक व्यय की सारभूत स्थिति

(₹ करोड़ में)

व्यय की प्रकृति		मूल अनुदान/ विनियोजन	पूरक अनुदान/ विनियोजन	कुल अनुदान/ विनियोजन	वास्तविक व्यय	बचत (–)/ आधिक्य (+)	अभ्यर्पित राशि	31 मार्च 2018 को अभ्यर्पित राशि	31 मार्च 2018 को अभ्यर्पित बचतों की प्रतिशतता (कालम 7/ कालम 6 *100)
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
दत्तमत	I राजस्व	1,12,120.58	19,881.35	1,32,001.93	96,719.52	35,282.41	24,222.99	14,058.24	68.65
	II पूँजीगत	32,195.84	7,155.78	39,351.62	29,301.38	10,050.24	9,964.91	4,723.61	99.15
	III ऋण एवं अग्रिम	489.75	178.14	667.89	242.78	425.11	320.44	198.50	75.38
कुल दत्तमत		**1,44,806.17**	**27,215.27**	**1,72,021.44**	**1,26,263.68**	**45,757.76**	**34,508.34**	**18,980.35**	**75.42**
भारित	IV राजस्व	10,482.25	42.99	10,525.24	10,030.07	495.18	59.37	59.23	11.99
	V पूँजीगत	0	0	0	0	0	0	0	0
	VI लोक ऋण पुनर्भुगतान	4,797.28	0	4,797.28	4,653.56	143.72	2.93	2.93	2.04
कुल भारित		**15,279.53**	**42.99**	**15,322.52**	**14,683.63**	**638.90**	**62.30**	**62.16**	**9.75**
महायोग		**1,60,085.70**	**27,258.26**	**1,87,343.96**	**1,40,947.31**	**46,396.66**	**34,570.64**	**19,042.51**	**74.51**
नोटः कुल व्यय में ₹ 4,125.87 करोड़ के राजस्व व्यय की वसूली/वापसी तथा व्यय में कमी के रूप में समायोजित ₹ 394.43 करोड़ के पूँजीगत व्यय की प्राप्ति शामिल है।									

(स्रोतः वर्ष 2017–18 का विनियोग लेखे)

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि ₹ 1,87,343.96 करोड़ के कुल प्रावधान के विरूद्ध केवल ₹ 1,40,947.31 करोड़ का व्यय हुआ। यह साबित करता है कि ₹ 27,258.26 करोड़ का पूरक प्रावधान परिहार्य था क्योंकि व्यय मूल प्रावधान (₹ 1,60,085.70 करोड़) के स्तर तक भी नहीं आया था। अनावश्यक पूरक प्रावधानों के मामलों की चर्चा कंडिका 2.3.3 में की गयी है। ₹ 46,396.66 करोड़ की समग्र बचत, राजस्व भाग के अन्तर्गत 46 अनुदानों तथा आठ विनियोगों में

₹ 35,777.59 करोड़ की बचत तथा पूँजीगत भाग के अन्तर्गत ऋण तथा अग्रिम भाग के सात अनुदानों तथा लोक ऋण पुनर्भुगतान के एक अनुदान सहति 32 अनुदानों में ₹ 10,619.07 करोड़ की बचत के परिणामस्वरूप हुई। समग्र बचत में से ₹ 13,368.56 करोड़ के बचत के कारणों को सूचित नहीं किया गया है।

कुल बचत, कुल अनुदानों/विनियोगों का 25 प्रतिशत था। ₹ 46,396.66 करोड़ के कुल बचत में से केवल 75 प्रतिशत (₹ 34,570.64 करोड़) का अभ्यर्पण वर्ष के दौरान हुआ जिसके परिणाम स्वरूप ₹ 11,826.02 करोड़ के बचत (कुल बचत का 25 प्रतिशत) का अभ्यर्पण नहीं हुआ। आगे, ₹ 19,042.51 करोड़ (कुल अभ्यर्पण का 55 प्रतिशत) का अभ्यर्पण मार्च 2018 के अंतिम कार्य दिवस को किया गया जिससे इन राशियों के उपयोग की गुंजाईश नहीं रही। यह निधि के गलत आंकलन को दर्शाता है एवं प्रभावी बजटीय नियंत्रण सुनिश्चित करने में वित्त विभाग की विफलता को इंगित करता है।

अनुशंसा: *वित्त विभाग को विभागीय नियंत्री पदाधिकारियों द्वारा किये गये व्यय की प्रवृत्ति की निगरानी करनी चाहिए, ताकि अनावश्यक प्रावधान न किया जाए, राशियों को अनावश्यक रूप से न रोके रखे जाए एवं अंतिम क्षणों में अभ्यर्पण किये जाने एवं आवंटन के व्यपगत हुए बिना जल्द से जल्द अभ्यर्पण कर देना चाहिए।*

2.3 वित्तीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन

2.3.1 बचत

27 अनुदान/विनियोगों से संबंधित बचत के 32 मामलों में, कुल प्रावधान (₹ 1,16,130.14 करोड़) में से ₹ 36,449.27 करोड़ (31 प्रतिशत), प्रत्येक ₹ 100 करोड़ एवं अधिक राशि के थे जैसा कि ***परिशिष्ट 2.1*** में दर्शाया गया है।

₹ 1,000 करोड़ एवं अधिक तथा कुल प्रावधानों के 20 प्रतिशत से अधिक के उल्लेखनीय बचत 11 अनुदानों में कुल ₹ 30,899.89 करोड़ (कुल प्रावधान 93,933.33 करोड़ का 33 प्रतिशत) के हुए थे जिनको **तालिका 2.2** में दर्शाया गया है।

तालिका 2.2: ₹ 1,000 करोड़ या उससे अधिक तथा कुल प्रावधान के 20 प्रतिशत से अधिक बचत के अनुदानों/विनियोगों की सूची

(₹ करोड़ में)

क्रम सं0	अनुदान/विनियोग का नाम एवं संख्या	मूल प्रावधान	पूरक प्रावधान	कुल	व्यय	बचत	बचत का प्रतिशतता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
(अ) राजस्व							
1	1–कृषि विभाग	2,614.74	191.12	2,805.86	1,655.14	1,150.72	41.01
2	15–पेंशन	19,866.79	0.05	19,866.84	14,296.82	5,570.02	28.04
3	18–खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग	1,641.90	777.74	2,419.64	1,211.48	1,208.16	49.93
4	21–शिक्षा विभाग	24,318.98	7,126.10	31,445.08	23,741.87	7,703.21	24.50
5	35–योजना एवं विकास विभाग	1,386.42	4.93	1,391.35	361.00	1,030.35	74.05
6	39–आपदा प्रबंधन विभाग	552.00	3,410.58	3,962.58	2,599.87	1,362.71	34.39
7	42–ग्रामीण विकास विभाग	9,664.48	705.08	10,369.56	5,203.18	5,166.38	49.82
8	48–नगर विकास एवं आवास विकास	4,335.01	712.92	5,047.93	3,236.04	1,811.89	35.89

क्रम सं0	अनुदान/विनियोग का नाम एवं संख्या	मूल प्रावधान	पूरक प्रावधान	कुल	व्यय	बचत	बचत का प्रतिशतता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
9	51–समाज कल्याण विभाग	5,846.24	2,386.54	8,232.78	6,090.58	2,142.20	26.02
कुल राजस्व		**70,226.56**	**15,315.06**	**85,541.62**	**58,395.98**	**27,145.64**	**31.73**
(ब) पूँजीगत							
10	3–भवन निर्माण विभाग	3,405.67	1,032.05	4,437.72	2,088.91	2,348.81	52.93
11	49–जल संसाधन विभाग	2,793.54	1,160.45	3,953.99	2,548.55	1,405.44	35.54
कुल पूँजीगत		**6,199.21**	**2,192.50**	**8,391.71**	**4,637.46**	**3,754.25**	**44.74**
कुल योग (अ+ब)		**76,425.77**	**17,507.56**	**93,933.33**	**63,033.44**	**30,899.89**	**32.90**

(स्रोतः वर्ष 2017–18 का विनियोग लेखे)

आगे, 35 अनुदानों के तहत, वेतन और स्थापना के लिए आवंटित बजट के विरूद्ध बचत को छोड़कर शेष बचत की जाँच बताता है कि योजनाओं तथा पूँजीगत शीर्षों के कुल आवंटन (₹ 56,464.23 करोड़) में से, ₹ 36,359.18 करोड़ का व्यय हुआ जिसके परिणामस्वरूप ₹ 20,105.05 करोड़ (कुल आवंटन का 36 प्रतिशत) की बचत हुई थी। बचत के कारणों को सूचित नहीं किया गया है।

इस प्रकार, विभाग सामाजिक आर्थिक विकास और राज्य की संपत्ति के निर्माण हेतु आवंटित बजट का पूरी तरह से उपयोग करने में विफल रहे।

आगे, कुल अनुदान या विनियोग और किए गए व्यय के बीच महत्वपूर्ण विविधता (प्रत्येक मामले में 20 प्रतिशत और अधिक) के परिणामस्वरूप नौ अनुदानों/विनियोजनों के तहत ₹ 11,046.78 करोड़ की बचत हुई जिसके कारणों को विनियोग लेखे में उचित रूप से नहीं बताया गया है।

अनुशंसाः *वित्त विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी अनुमानित बचत ससमय अभ्यर्पित कर दी जाय ताकि निधि का उपयोग अन्य विकास उद्देश्यों के लिए किया जा सके।*

2.3.2 सतत् बचत

विगत पाँच वर्षों के दौरान 25 अनुदानों से संबंधित 27 मामलों (₹ 100 करोड़ या उससे अधिक) में ₹ 24318.74 करोड़ और अधिक की सतत् बचत हुए जैसा कि ***परिशिष्ट 2.2*** (₹ 100.34 करोड़ से ₹ 8,534.72 करोड़ के बीच), में प्रदर्शित है।

अनुशंसाः *वित्त विभाग को सुनिश्चित करना चाहिए की सभी अनुमानित बचतों को ससमय अभ्यर्पण किया जाए ताकि निधि का उपयोग विकास के अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सके।*

2.3.3 अनावश्यक पूरक प्रावधान

2017–18 के दौरान, 42 मामलों (38 अनुदानों/विनियोगों) में ₹ 16,290.56 करोड़ (प्रत्येक मामले में ₹ 10 लाख या उससे अधिक) के पूरक प्रावधान अनावश्यक सिद्ध हुए क्योंकि व्यय (₹ 90,484.28 करोड़) मूल प्रावधान (₹ 1,08,361.54 करोड़) के स्तर तक भी नहीं था जैसा कि ***परिशिष्ट 2.3*** में प्रदर्शित है।

2.3.4 निधि का अत्यधिक /अनावश्यक पुनर्विनियोजन

27 अनुदानों/विनियोगों से संबद्ध 83 विस्तृत शीर्षों के अंतर्गत ₹ 216.50 करोड़ का पुनर्विनियोजन अनावश्यक सिद्ध हुआ क्योंकि अंतिम बचत ₹ 413.49 करोड़ था (***परिशिष्ट 2.4***)। यह भी देखा गया कि 14 अनुदानों/विनियोजनों में शामिल 22 विस्तृत शीर्षों में पुनर्विनियोजन के माध्यम से ₹ 263.94 करोड़ प्रदान किया गया जो कि ₹ 106.70 करोड़ की बचत के संदर्भ में अत्यधिक साबित हुआ (***परिशिष्ट 2.5***)। यह वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन किए बिना, अविवेकपूर्ण पुनर्विनियोजन को इंगित करता है।

आगे, 8 मामलों में ₹ 12.16 करोड़ का अधिकाई व्यय था, जिसमें आंशिक रूप से ₹ 90.27 करोड़ रूपये के पुनर्विनियोजन माध्यम से अविवेकपूर्ण निकासी और ₹ 350.35 करोड़ के अभ्यर्पण को जिम्मेवार माना जा सकता है, जिसका विस्तृत विवरण **तालिका 2.3** में है।

तलिका 2.3: निधि का पुनर्विनियोजन द्वारा अविवेकपूर्ण निकासी

(₹ करोड़ में)

क्रम सं0	अनुदान सं0	लेखा शीर्ष एवं विवरण	कुल प्रावधान	पुनर्विनियोग (-)	कुल अभ्यर्पण	व्यय	अधिकाई व्यय
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1.	16	2015-00-109-0002- जिला परिषदों/पंचायत समितियों/ग्राम पंचायतों का चुनाव	16.55	2.21	1.53	14.34	1.53
2.	20	2210-05-105-0013- फार्मेसी प्रशिक्षण	3.09	0.50	0.61	1.99	0.01
3.	40	2029-00-104-0001- राजस्व प्रशासन पर व्यय	644.21	1.20	217.55	426.66	1.20
4.	48	2015-00-109-0001- नगर निगमों, नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों का चुनाव	40.00	9.99	19.68	10.43	0.10
5.		2215-01-192-0101- पेय जलापूर्ति के लिए नगर परिषदों की सहायक अनुदान	35.00	8.75	0.00	28.25	2.00
6.		2215-01-193-0101- पेय जलापूर्ति के लिए नगर	35.00	8.75	0.00	28.96	2.71
7.		पंचायतों को सहायक अनुदान					
8.		2215-02-192-0102- नाली निर्माण एवं मल निकासी के लिए शहरी स्थानीय निकायों को सहायक अनुदान	30.00	7.50	0.00	24.14	1.64
9.		2217-80-193-0005- राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में नगर पंचायत को सहायता अनुदान	263.00	51.37	110.98	103.62	2.97
योग			**1,066.85**	**90.27**	**350.35**	**638.39**	**12.16**

(स्रोतः वर्ष 2017–18 का अनुदान अंकेक्षण पंजी एवं विस्तृत विनियोग लेखे)

इसी प्रकार, 23 अनुदानों के अंतर्गत 50 मामलों में अविवेकपूर्ण पुनर्विनियोजन के माध्यम से (₹ 444.11 करोड़) की अपर्याप्त निकासी के परिणामस्वरूप ₹ 1,409.63 करोड़ की बचत हुई, जैसा कि ***परिशिष्ट 2.6*** में दिखाया गया है।

अनुशंसा: *वित्त विभाग को अनुदान नियंत्री पदाधिकारियों के पुनर्विनियोजन के प्रस्ताव से केवल तभी सहमत होना चाहिए यदि व्यय की प्रवृत्ति इन्हें संतुष्ट करती हो।*

2.3.5 वृहत् अभ्यर्पण

34 अनुदानों/विनियोजनों के अन्तर्गत 125 मामलों में कुल प्रावधान ₹ 21,037.49 करोड़ में से ₹ 14,186.70 करोड़ (67.44 प्रतिशत) अभ्यर्पित किये गये (प्रत्येक मामले में ₹ 5 करोड़ या कुल प्रावधान के 50 प्रतिशत से अधिक) जैसा कि ***परिशिष्ट 2.7*** में दर्शाया गया है। आगे, 35 अनुदानों/विनियोजनों के अन्तर्गत 189 लेखा शीर्षों में शत्–प्रतिशत

निधि (₹ 3591.68 करोड़) का अभ्यर्पण हुआ (***परिशिष्ट 2.8***)। इस तरह के पर्याप्त अभ्यर्पणों से पता चलता है कि बजट को या तो उचित दूरदर्शिता के बिना तैयार किया गया या कार्यक्रम के क्रियान्वयन में गंभीर चूक हुआ था।

विभाग द्वारा राशियों के अभ्यर्पण का कारण, योजना की पूरी राशि की स्वीकृति नहीं होने, योजना परिव्यय में संशोधन, केन्द्रांश की अप्राप्ति, प्रशासनिक अनुमोदन की अप्राप्ति, कम राशि की स्वीकृति, नियुक्तियों/स्थानान्तरणों के पूर्वानुमान में असमर्थता तथा नोडल एजेंसियों से राशि की माँग नहीं होना एवं अन्य, को बताया गया।

2.3.6 वास्तविक बचत से अधिक का अभ्यर्पण

16 विभागों में कुल बचत ₹ 13,160.22 करोड़ के विरूद्ध ₹ 13,919.05 करोड़ (पाँच करोड़ से अधिक प्रत्येक मामलें में) का अभ्यर्पण किया गया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 758.83 करोड़ का अधिक अभ्यर्पण हुआ जैसा कि **तालिका 2.4** में दर्शाया गया है। इस प्रकार ₹ 758.83 करोड़ व्यय के साथ–साथ अभ्यर्पित राशि में भी प्रदर्शित हुआ था। वास्तविक बचत से अधिक अभ्यर्पण इंगित करता है कि विभागों ने मासिक व्यय विवरण से व्यय के प्रवाह को देखकर समुचित बजटीय नियंत्रण नहीं किया।

तलिका 2.4: वर्ष 2017–18 के दौरान वास्तविक बचत से अधिक का अभ्यर्पण

(₹ करोड़ में)

क्रम सं0	अनुदान सं0 तथा नाम	कुल अनुदान	बचत	अभ्यर्पित राशि	अधिक अभ्यर्पित राशि (5-4=6)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
	राजस्व–दत्तमत				
1	1. कृषि विभाग	2,805.86	1,150.72	1,151.65	0.93
2	6. निर्वाचन विभाग	100.53	5.42	7.27	1.85
3	16. पंचायती राज विभाग	9,148.72	607.76	642.41	34.65
4	17. वाणिज्य–कर विभाग	263.14	118.63	146.88	28.25
5	30. अल्पसंख्यक कल्याण विभाग	297.97	209.43	213.05	3.62
6	33. सामान्य प्रशासन विभाग	550.02	166.51	166.74	0.23
7	42. ग्रामीण विकास विभाग	10,369.57	5,166.39	5,169.04	2.65
8	43. विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग	127.89	20.91	20.93	0.02
9	44. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग	1,406.51	390.28	419.55	29.27
10	46. पर्यटन विभाग	93.61	26.97	27.12	0.15
11	48. नगर विकास एवं आवास विभाग	5,047.93	1,811.89	1,827.26	15.37
	कुल राजस्व	**30,211.75**	**9,674.91**	**9,791.9**	**116.99**
	पूँजीगत–दत्तमत				
1	3. भवन निर्माण विभाग	4,437.72	2,348.80	2,350.46	1.66
2	10. ऊर्जा विभाग	7,286.20	130.74	727.50	596.76
3	35. योजना एवं विकास विभाग	1,465.31	587.58	588.08	0.50
4	36. लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग	1,809.69	46.10	46.22	0.12
5	41. पथ निर्माण विभाग	5,940.99	372.09	414.89	42.80
	कुल पूँजीगत	**20,939.91**	**3,485.31**	**4,127.15**	**641.84**
	महायोग	**51,151.66**	**13,160.22**	**13,919.05**	**758.83**

(स्रोतः वर्ष 2017–18 का विनियोग लेखा)

2.3.7 अनुमानित बचतों का अभ्यर्पण नहीं किया जाना

बिहार बजट मैनुअल (बि.ब.मै.) के नियम 104 के अनुसार व्यय विभागों को, जब बचत का पूर्वानुमान हो तब अनुदानों/विनियोजनो को या उसके हिस्से को वित्त विभाग को अभ्यर्पण करना आवश्यक है। वर्ष 2017–18 के अंत में 18 अनुदानों/विनियोजनों के अन्तर्गत 22 मुख्यशीर्षों में (प्रत्येक मामले में ₹ एक करोड़ या अधिक तथा कुल प्रावधान के 10 प्रतिशत से ज्यादा) ₹ 24,455.03 करोड़ की बचत हुई जिसमें ₹ 13,205.72 करोड़ (54 प्रतिशत) का अभ्यर्पण व्यय करने वाले विभाग द्वारा नहीं किया गया जिसका विस्तृत विवरण ***परिशिष्ट 2.9*** में है।

इसके अतिरिक्त, 33 अनुदानों /विनियोजनों के अन्तर्गत 52 मामलों में (प्रत्येक मामले में ₹ 10 करोड़ से ज्यादा और कुल प्रावधान का 10 प्रतिशत) कुल प्रावधान (₹ 53,829.43 करोड़) में से ₹ 14,637.93 करोड़ (27.19 प्रतिशत) का अभ्यर्पण वित्तीय वर्ष के अंतिम कार्य दिवस को किया गया जिसका विवरण ***परिशिष्ट 2.10*** में है।

अनुशंसा: *वित्त विभाग को निधियों का ससमय अभ्यर्पण सुनिश्चित करना चाहिए और विभागों द्वारा अभ्यर्पण को कमतर करने के लिए ससमय बजट जारी करने की प्रणाली विकसित करनी चाहिए।*

2.3.8 सघन व्यय

बि.ब.मै. यह निर्धारित करता है कि विलंब से होने वाले आवंटनों से परहेज करना चाहिए जब तक कि अपरिहार्य न हो। वर्ष के अंत में किसी संवितरण अधिकारी के व्ययाधीन राशि अक्सर फिजूलखर्ची और जल्दबाजी में खर्च को आमंत्रित करती है । व्यय का एक समान प्रवाह बजटीय नियंत्रण की प्राथमिक आवश्यकता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

वर्ष के अंतिम तिमाही तथा मार्च 2018 माह में व्यय के जाँच (50 प्रतिशत तथा अधिक) के दौरान, 18 विभागों के अन्तर्गत कुल व्यय ₹ 25,196.70 करोड़ में से ₹ 19,664.66 (78.04 प्रतिशत) करोड़ अंतिम तिमाही में, जबकि ₹ 18,549.06 करोड़ (73.62 प्रतिशत) का व्यय माह मार्च 2018 में हुआ जैसा ***परिशिष्ट 2.11*** में प्रदर्शित है। आगे ₹ 1000 करोड़ और अधिक के व्यय के जाँच से पता चला की पाँच विभागों में कुल व्यय (₹ 21,785.43 करोड़) में से ₹ 16,137.87 करोड़ (74.08 प्रतिशत) का व्यय मार्च 2018 में किया गया जैसा कि **चार्ट 2.1** में प्रदर्शित है।

चार्ट 2.1: वर्ष 2017–18 के दौरान सघन व्यय

(₹ करोड़ में)



(स्रोत: वर्ष 2017–18 का वित्त लेखे)

इस प्रकार वर्ष के अंतिम भाग में विभाग द्वारा वृहत राशि का व्यय (यद्यपि मूल प्रावधान में पर्याप्त निधि मौजूद था) दोषपूर्ण वित्तीय प्रबंधन, प्रभावी नियंत्रण का अभाव तथा वित्तीय वर्ष के अंतिम भाग में बजट का उपयोग करने की प्रवृति को दर्शाता है।

अनुशंसा: *राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष के अंतिम भाग में सघन व्यय के नियंत्रण हेतु नियमों का निर्धारण करना चाहिए।*

2.4 आकस्मिकता निधि से अग्रिम

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 267 (2) एवं 283 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत बिहार आकस्मिकता निधि अधिनियम 1950 के द्वारा राज्य की आकस्मिकता निधि को स्थापित किया गया था।

बिहार आकस्मिकता निधि (संशोधन) अधिनियम 2015 के द्वारा बिहार सरकार ने 01 अप्रैल 2017 से 30 मार्च 2018 की अवधि के लिए निधि के कोष को अस्थाई रूप से ₹ 350 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 6,403.42 करोड़ कर दिया जो कि प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा एवं भूकम्प तथा भारत सरकार द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के राज्यांश को पूरा करने के लिए, जिसके लिए बजट प्रावधान न किया गया हो एवं व्यय को तत्काल किया जाना हो के लिए था। बढ़ाई गई कुल राशि के पचास प्रतिशत का उपयोग केवल प्राकृतिक आपदाओं के कारण राहत एवं पुनर्वास के उपायों के लिए किया जाना था। तुलना करने पर, भारत सरकार की आकस्मिकता निधि कोष पूर्ववर्ती 13 वर्षों से ₹ 500 करोड़ पर बना रहा है। पड़ोसी राज्यों[1] के आकस्मिकता निधि भी काफी कम रहे थे।

यह पाया गया कि राज्य सरकार द्वारा आकस्मिकता निधि से ₹ 4,949.21 करोड़ की राशि के 126 आहरण किये गये जिसमें से कुल ₹ 314.49 करोड़ (6.35 प्रतिशत) के 35 आहरण गैर–आकस्मिक व्यय के लिए किया गया जैसा कि **चार्ट 2.2** में दर्शाया गया है तथा ***परिशिष्ट 2.12*** में विस्तृत है।

चार्ट 2.2: आकस्मिकता निधि से गैर आकस्मिक व्यय

(₹ करोड़ में)



(स्रोत: कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) से प्राप्त सूचना)

[1] उत्तर प्रदेश : ₹ 600 करोड़, मध्य प्रदेश एवं झारखंड : ₹ 500 करोड़

वित्त विभाग के खर्चों के लेखा परीक्षण के दौरान ऐसे उदाहरण सामने आए जहाँ बिहार आकस्मिकता निधि अधिनियम 2015 के प्रावधान का उल्लंघन कर, गैर आकस्मिक खर्च को पूरा करने के लिए व्यय किया गया, जैसा कि नीचे दिया गया है।

(i) खनन एवं भूतत्व विभाग द्वारा ₹ 22.53 करोड़ के अभ्यर्पण के बावजूद, ₹ 20.00 करोड़ के प्रदत पूंजी का निवेश बिहार राज्य खनन विकास निगम में किया गया।

(ii) 68 फास्ट ट्रैक अदालतों के न्यायिक संवर्ग के सेवानिवृत अधिकारियों तथा कर्मचारियों को फरवरी 2017 से जुलाई 2017 की अवधि (6 महीने) के लिए ₹ 7.04 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया, हालाँकि फास्ट ट्रैक का गठन ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिश पर किया गया तथा बिहार में पहले से परिचालन में हैं।

(iii) ₹ 16.00 लाख के मोटर वाहन (सफारी स्टोर्म) का क्रय प्रशासनिक श्रेणी समिति के प्रस्ताव पर (23/01/2017 को) बिना वित्त मंत्री के अनुमोदन के किया गया।

क्रम सं0 (i) तथा (ii) का जबाब प्रतिक्षित है (अप्रैल 2019)। क्रम संख्या (iii) के जबाब में कार्यालय द्वारा कहा गया कि प्रशासनिक श्रेणी समिति द्वारा वाहन क्रय की मंजूरी देरी (फरवरी 2017) से मिलने के कारण 2017–18 के नियमित बजट में प्रावधान नहीं किया जा सका क्योंकि बजट प्रावधान का प्रस्ताव वित्त विभाग को नवंबर 2016 में भेजा गया था। अतः, ₹ 16.00 लाख का प्रावधान आकस्मिक निधि से किया गया।

आकस्मिकता निधि के विश्लेषण से पता चलता है कि प्राकृतिक आपदाओं पर राहत एवं भारत सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में राज्यांश को पूरा करने के लिए आकस्मिकता निधि को पिछले पाँच वर्षों से अस्थाई रूप से वृद्धि[2] की गई। यद्यपि, आकस्मिकता निधि से पिछले पाँच वर्षो में प्राकृतिक आपदाओं पर व्यय, 10.90 से 78.77 प्रतिशत के बीच रहा जैसा कि **तालिका 2.5** में दर्शाया गया है।

तलिका 2.5: आकस्मिकता निधि से प्राकृतिक आपदाओं पर व्यय

(₹ करोड़ में)

क्रम सं0	वर्ष	आकस्मिकता निधि से कुल व्यय	प्राकृतिक आपदाओं पर व्यय	कुल व्यय की प्रतिशतता
1	2013-14	1,141.58	430.00	37.67
2	2014-15	1,875.84	204.52	10.90
3	2015-16	6,117.60	2,205.00	36.04
4	2016-17	4,416.63	1,524.42	34.52
5	2017-18	4,949.21	3,898.33	78.77

(स्रोतः महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) से प्राप्त सूचना)

यद्यपि, इस प्राकर के नियमित व्ययों के लिए बजटीय प्रावधान करना और वार्षिक बजट प्रक्रिया में ही परिकल्पित व्ययों को पूर्व में ही पारित कराना वित्त विभाग पर निर्भर करता है जैसा की संविधान में परिकल्पित है। वित्त विभाग इन संवैधानिक प्रावधानों के पालन में असफल रहा और आकस्मिकता निधि का प्रयोग अग्रदाय खाते के रूप में होता रहा।

अनुशंसाएँ: *वित्त विभाग को आकस्मिक निधि कोष में ऐसी वृहद् वार्षिक वृद्धि के प्रथा की समीक्षा करनी चाहिए और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए की आकस्मिकता निधि से अग्रिम केवल अभिप्रेत*

[2] वर्ष 2013–14 में ₹ 1800 करोड़, वर्ष 2014–15 में ₹ 2,000 करोड़, वर्ष 2015–16 में ₹ 4,827.41 करोड़, वर्ष 2016–17 में 5,787.85 करोड़ एवं वर्ष 2017–18 में ₹ 6,403.42 करोड़ तक बढ़ाया गया।

प्रयोजनों के लिए ही किया जाए जैसा कि संविधान एवं बिहार आकस्मिकता निधि अधिनियम में परिकल्पित है।

2.5 निधियों का अनावश्यक प्रतिधारण

बिहार कोषागार संहिता, 2011 यह निर्धारित करता है कि माँगों की प्रत्याशा में या बजट अनुदानों को व्यपगत से बचाने के लिए कोषागार से कोई राशि आहरित नहीं किया जाएगा तथा अव्ययित शेष को उसी वित्तीय वर्ष के समाप्ति के पूर्व कोषागार में लौटा देना चाहिए।

वर्ष 2017–18 के वाउचरों के नमूना जाँच से पता चला कि 2005–06 से 2015–16 की अवधि के दौरान 54 मामलों में सार आकस्मिक बिलों पर ₹ 53.87 करोड़ का आहरण हुआ था। इनमें से ₹ 10.08 करोड़ की राशि 10 माह से 10 वर्ष और चार माह की अवधि तक प्रतिधारण के बाद प्रेषित किया गया ***(परिशिष्ट 2.13)***।

आगे, वर्ष 2002–03 से 2015–16 की अवधि के दौरान 23 मामलों में सार आकस्मिक विपत्रों पर आहरित ₹ 4.93 करोड़ की संपूर्ण राशि को 11 माह से 14 वर्ष की अवधि तक प्रतिधारण के पश्चात प्रेषित किया गया (***परिशिष्ट 2.14***)।

वर्ष 2017–18 के दौरान संबंधित आहरण एवं संवितरण पदाधिकारी से निधियों के अनावश्यक प्रतिधारण का कारण पुछा गया, उनके प्रतिउत्तर की प्रतीक्षा है (फरवरी 2019)।

वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले समेकित निधि में अव्ययित शेषों का हस्तांतरण नहीं करने से लोक निधियों के दुरूपयोग, धोखाधड़ी तथा दुर्विनियोजन का जोखिम रहता है।

अनुशंसा: *वित्त विभाग द्वारा एक सूचना प्रबंधन प्रणाली तैयार की जानी चाहिए जो व्यय एवं आहरण अधिकारियों के स्तर पर आहरित आकस्मिक विपत्रों के वर्ष के दौरान अव्यतित राशि को प्रकाशित करने में सहायक हो। वैसे पदाधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए जो सार आकस्मिक विपत्रों पर आहरित निधियों के अव्ययित शेषों को वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व समेकित निधि में हस्तांतरित नहीं करते हैं।*

2.6 असमाशोधित प्राप्तियाँ एवं व्यय

बिहार वित्तीय नियमावली 475 (viii) के अनुसार विभागाध्यक्ष के लेखा में दर्शायें गए आँकड़े और महालेखाकार (ले0 एवं हक0) के खाते में दर्शाये गए आँकड़ों के समाशोधन के लिए संयुक्त रूप से विभागाध्यक्ष एवं महालेखाकार (ले0 एवं हक0), उत्तरदायी होंगें। आगे, बि0ब0मै0, 2016 के नियम, 96 के अनुसार नियंत्री अधिकारियों को चाहिए कि वे अपने नियंत्रणाधीन संवितरण अधिकारियों से प्राप्त मासिक आँकड़ों को समेकित करने के बाद, मासिक/त्रैमासिक आँकड़ों का समाशोधन महालेखाकार (ले0 एवं हक0) के लेखों के साथ कर लें। इस संबंध में महालेखाकार (ले0 एवं हक0) कार्यालय से वित्त विभाग को कई अनुस्मारक जारी किये गये तथा समाशोधन की अंतिम तिथि महालेखाकार (ले0 एवं हक0) बिहार, द्वारा 21 जून 2018 निर्धारित की गई थी लेकिन समाशोधन अभी तक पूरी नहीं हुई।

यद्यपि, लेखापरीक्षा ने यह देखा कि, विभागाध्यक्षों ने 2017–18 के दौरान 48 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹ 56,548.81 करोड़ की कुल प्राप्तियों में से ₹ 18,909.57 करोड़ (33.44 प्रतिशत) की प्राप्तियों तथा 102 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत कुल व्यय (₹ 1,31,961.51 करोड़) में से ₹ 1,19,427.35 करोड़ (90.50 प्रतिशत) के व्यय का समाशोधन महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) की पुस्तिकाओं से नहीं किया (***परिशिष्ट 2.15***)। ₹ 1000 करोड़ एवं अधिक के प्राप्तियों एवं व्यय शीर्षों से संबंधित असमाशोधन के महत्वपूर्ण मामलों को क्रमशः **चार्ट 2.3 एवं 2.4** में दर्शाया गया है।

चार्ट 2.3: असमाशोधित प्राप्तियाँ

(₹ करोड़ में)



(स्रोतः महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) से प्राप्त आंकड़े)

चार्ट 2.4: असमाशोधित व्यय

(₹ करोड़ में)



(स्रोतः महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) से प्राप्त आंकड़े)

अनुशंसा.: *वित विभाग को एक क्रियाविधि विकसित करना सुनिश्चित करना चाहिए, इसे नियंत्रणी पदाधिकारियों के लिए अनिवार्य कर देना चाहिए ताकि वे प्रत्येक महीने अपने प्राप्तियों एवं व्यय को महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के पुस्तिकाओं के साथ प्रत्येक महीने मिलान करें।*

चयनित अनुदानों की समीक्षा

वर्ष 2017–18 में बचत, आधिक्य एवं माँग की विस्तार तथा पूरक माँग के परिणाम के आधार पर अनुदान संख्या 21–"शिक्षा विभाग" तथा अनुदान संख्या 48–"शहरी विकास एवं आवास विभाग" के संबंध में बजटीय प्रक्रिया

एवं व्यय पर नियंत्रण की समीक्षा, वर्ष 2017–18 (अगस्त एवं नवम्बर 2018) में की गयी । समीक्षा के परिणाम निम्नवत है:

2.7 अनुदान संख्या– 21 "शिक्षा विभाग"

शिक्षा विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान अनुदान संख्या 21 के अन्तर्गत पाँच मुख्यशीर्ष (2202, 2204, 2205, 2251 तथा 4202) संचालित थे जो **तालिका 2.6** में सारांशीकृत है।

तालिका 2.6: 2017–18 के लिए सारांशीकृत विनियोग की स्थिति

(₹ करोड़ में)

बजट प्रावधान	मूल प्रावधान	अनुपूरक प्रावधान	कुल प्रावधान (2+3)	कुल व्यय	बचत	बचत की प्रतिशतता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
राजस्व दतमत	24,318.99	7,126.09	31,445.08	23,741.87	7,703.21	24.50
पूंजी दतमत	932.40	730.09	1,662.49	1,213.84	448.15	26.99
कुल	**25,251.39**	**7,856.18**	**33,107.57**	**24,955.71**	**8,151.86**	**24.62**

(स्रोत: विनियोग लेखे वर्ष 2017–18)

वर्ष 2017–18 के अभिलेखों की जाँच में निम्नलिखित का खुलासा हुआ:

- राजस्व दतमत के अन्तर्गत 24.50 प्रतिशत (₹ 7,703.21) का बचत विभाग द्वारा अनुचित अनुमान को दर्शाता है। उपरोक्त बचत राजकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक शिक्षा हेतु पोषणगत समर्थन का राष्ट्रीय कार्यक्रम (एम.डी.एम.), प्रखंड शिक्षकों तथा शाारीरिक शिक्षकों का सामेकित भुगतान, अन्य विद्यालयों, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आर.एम.एस.ए.), जिला परिषद माध्यमिक शिक्षकों को समेकित भुगतान, आधिक्य भुगतान की वसूली इत्यादि के लिए था।
- दो शीर्षों (2202, 2205) के अन्तर्गत पुर्नविनियोग द्वारा ₹ 47.43 करोड़ का अतिरिक्त अनुदान दिया गया जो अनावश्यक सिद्ध हुआ (***परिशिष्ट 2.16***)।
- ₹ 4,202.63 करोड़ के मूल प्रावधान के विरूद्ध ₹ 3,760.24 करोड़ का व्यय हुआ जिसके परिणामस्वरूप ₹ 441.89 करोड़ की बचत हुई। यद्यपि, मूल प्रावधान के अन्तर्गत बचत के बावजूद, ₹ 441.31 करोड़ का अनुपूरक अनुदान किया गया जो अनावश्यक था (***परिशिष्ट 2.17***)।
- विभाग द्वारा उचित समाशोधन नहीं किया गया जिसके परिणामस्वरूप व्यय के आंकड़ों में ₹ 145.17 करोड़ का अंतर था (***परिशिष्ट 2.18***)
- ₹ 1,083.07 करोड़ के सार आकस्मिक विपत्र बकाया थे जिसके लिए संबंधित आहरण एवं संवितरण पदाधिकारियों द्वारा विस्तृत आकस्मिक विपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया (***परिशिष्ट 2.19***)
- ₹ 8,886.27 करोड़ के 482 उपयोगिता प्रमाण प्त्र जो 2003–04 से 2017–18 से संबंधित है 31 मार्च 2018 तक बकाया है (***परिशिष्ट 2.20***)।
- बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम (बी.एस.ई.आई.डी.सी.) पटना, के द्वारा 31 मार्च 2018 तक विभिन्न योजनाओं के निष्पादन हेतु एक पी0एल0ए0 के साथ 69 बैंक खातों का संधारण किया था। 31 मार्च 2018 तक पी0एल0ए0 में ₹ 747.43 करोड़ तथा बैंक खातों में ₹ 291.39 करोड़ अंतशेष था। आगे, वित्त विभाग बिहार सरकार के अप्रैल 2015 की अधिसूचना के अनुसार पी0एल0ए0 के माध्यम से

भुगतान किया जाना था, लेकिन बी.एस.ई.आई.डी.सी. द्वारा किए गए भुगतानों के नमूना जॉच से पता चला कि वर्ष 2017–18 के दौरान पी0एल0ए0 से बैंक खातों में स्थानांतरित करने के बाद राशि का भुगतान किया जा रहा था। इंगित किये जाने पर (सितम्बर 2018) बी.एस.ई.आई.डी.सी. ने कहा (अक्टूबर 2018) कि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से ठेकेदारों को भुगतान के लिए बैंक में 20 प्रतिशत राशि रखी गई थी, जबकि कुछ राशि, विभाग द्वारा सीधे बैंक को भेजी गई थी। आगे यह कहा गया कि बैंक में सभी खाते योजनावार थे और इसमें अर्जित ब्याज संबंधित योजना का हिस्सा था। जबाब अधिसूचना के अनुरूप नहीं था क्योंकि बैंक में शेष राशि पी0एल0ए0 में वापस नहीं की गई थी और भुगतान सीधे पी0एल0ए0 के माध्यम से नहीं किया जा रहा था।

2.8 अनुदान संख्या– 48 "शहरी विकास एवं आवास विभाग"

वित्तीय वर्ष 2017–18 में इस विभाग में पाँच मुख्य शीर्ष (2015, 2215, 2217, 2251 और 3475) संचालित थे।

तालिका 2.8: 2017–18 में सारांशीकृत विनियोग की स्थिति

(₹ करोड़ में)

क्रम सं0	बजट प्राक्कलन	मुल प्रावधान	अनुपूरक प्रावधान	कुल प्रावधान (3+4)	कुल व्यय	बचत (5–6)	कुल प्रावधान की प्रतिशता में बचत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1	राजस्व (दत्तमत)	4,335.01	712.92	5,047.93	3,236.04	1,811.89	35.89

(स्रोत: विस्तृत विनियोग लेखे वर्ष 2017–18, बिहार सरकार)

निम्न वर्ष 2017–18 के अभिलेखों के जॉच में यह प्रदर्शित हुआ:

- राजस्व दत्तमत शीर्ष के अंतर्गत 35.89 प्रतिशत (₹ 1,811.89 करोड़) की बचत यह दर्शाता है कि विभाग द्वारा प्रावधान का अनुचित आकलन किया गया। विभाग केवल ₹ 945.62 करोड़ (52 प्रतिशत) के अभ्यर्पण का ही उचित कारण बतलाने में सक्षम था।
- 15 लघु/उपशीर्षों (***परिशिष्ट 2.21***) में ₹ 18.18 करोड़ का आधिक्य व्यय दिखाई दिया था।
- मुख्य शीर्ष 2217 के अंतर्गत पूरक प्रावधान के द्वारा ₹ 117.74 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया जबकि मूल प्रावधान ₹ 928.21 करोड़ के विरूद्ध व्यय केवल ₹ 532.91 करोड़ था।
- शीर्ष 2217–80–193–0005 से ₹ 51.37 करोड़ का पुनर्विनियोग 2217–80–191–0013 में किया गया जबकि मूल प्रावधान ₹ 371.59 करोड़ के विरूद्ध व्यय केवल ₹ 260.35 करोड़ था।
- पाँच मुख्य शीर्षों में से तीन मुख्य शीर्षों (2215, 2217 और 3475) के अंतर्गत ₹ 600.64 करोड़ अव्यतित रह गया और यह पूर्ण रूप से अभ्यर्पित हुआ था (***परिशिष्ट 2.22***)।
- 31 मार्च 2018 तक 42 मामलों में ₹ 2,747.52 करोड़ के कुल प्रावधान में से ₹ 971.01 करोड़ (35.34 प्रतिशत) का अभ्यर्पण हुआ था (***परिशिष्ट 2.23***)।
- मुख्य शीर्ष 2215 और 2217 के तहत् कुल व्यय का क्रमशः 74.32 और 34.63 प्रतिशत की सीमा तक

व्यय मार्च 2018 के महीने में किया गया जैसा कि **तालिका 2.8** में दिखाया गया है।

तालिका 2.8: सघन व्यय

(₹ करोड़ में)

क्रम सं0	मुख्य शीर्ष	2017–18 के दौरान कुल व्यय	मार्च 2018 में व्यय	कुल व्यय का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	2215 (जलापूर्ति तथा सफाई)	339.36	252.21	74.32
2	2217 (शहरी विकास)	2,878.82	996.86	34.63
योग		**3,218.18**	**1,249.07**	**38.81**

(स्रोत: मासिक विनियोग लेखे वर्ष 2017–18)

- मार्च 2018 में, 25 विस्तृत शीर्षों यथा, पेय जल आपूर्ति, मल तथा जल निकासी, राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना, नागरिक सुविधाएँ, सभी के लिए घर, 100 स्मार्ट सिटी योजना इत्यादि योजनाओं के अन्तर्गत शत प्रतिशत व्यय हुआ (***परिशिष्ट 2.24***)।
- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा इंद्राज किए गए वास्तविक व्यय के आँकड़ों के साथ विभागीय व्यय का आकड़ा समाशोधित नहीं होने के परिणामस्वरूप व्यय के आकड़ों में ₹ 15.53 करोड़ की राशि का अन्तर था (***परिशिष्ट 2.25***)।
- 494 सार आकस्मिक विपत्रों पर आहरित ₹ 82.38 करोड़ में से ₹ 56.35 करोड़ का, विस्तृत आकस्मिक विपत्र जमा किया जाना बाकी था (***परिशिष्ट 2.26***)।
- मार्च 2018 तक, ₹ 5,045.35 करोड़ के उपयोगिता प्रमाण पत्र लंबित थे (***परिशिष्ट 2.27***)।

अध्याय–III
वित्तीय प्रतिवेदन

अध्याय III

वित्तीय प्रतिवेदन

यह अध्याय चालू वर्ष के दौरान विभिन्न वित्तीय नियमों, प्रक्रियाओं एवं निर्देशों का विहंगावलोकन एवं राज्य सरकार द्वारा इसके अनुपालन की स्थिति प्रस्तुत करता है।

3.1 व्यक्तिगत जमा खाते

बिहार कोषागाार संहिता के नियम 338 से 344 के अनुसार व्यक्तिगत जमा (पी0डी0) खाते का उपयोग समेकित निधि से निधि स्थानांतरित कर उन विशेष मामले में उपयोग किया जाता है जहाँ लोकहित में तेजी से व्यय करना आवश्यक हो तथा जो सामान्य कोषागार प्रक्रिया के माध्यम से संभव न हो या लघु लाभार्थियों की बड़ी संख्या सुदूर तक फैली हुई हो जिनको कोषागार के माध्यम से प्रत्यक्ष व्ययन व्यवहार्य न हो। पी0डी0 के प्रशासकों को वर्ष के अंत में सभी व्यक्तिगत जमा खाते की समीक्षा करना है तथा पाँच लगातार वित्तीय वर्षों (उस वित्तीय वर्ष सहित जिसमें राशि की निकासी की गई थी)[1] तक की अव्ययित राशि को संबंधित सेवा शीर्ष के व्यय में कटौती कर समेकित निधि में वापस कर देना अपेक्षित है।

3.1.1 व्यक्तिगत जमा खाते में अव्ययित शेष

पी0डी0 खातों को खातों के प्रशासक के नाम से कोषागार में रखा जाता है। ये खाते वित्त विभाग की सहमति और महालेखाकार (ले0 एवं हक0) को सूचित कर खोले जाते हैं। 75 कोषागारों द्वारा महालेखाकार (ले0 एवं हक0) को उपलब्ध करायी गई सूचना के अनुसार 19 कोषागारों[2] में पी0डी0 खाते संधारित नहीं हैं। 31 मार्च, 2018 तक मौजूदा 174 पी0डी0 खातों में ₹ 5,888.45 करोड़ शेष था। वर्ष के दौरान कोई भी पी0डी0 खाता नहीं खोला गया जबकि तीन खातों को बंद किया गया जिसे **तालिका 3.1** में वर्णित किया गया है।

तालिका 3.1: वर्ष 2017–18 के दौरान पी0डी0 खाता का विवरण

(₹ करोड़ में)

01.04.2017 को प्रारंभिक शेष		वर्ष के दौरान जुड़ाव		वर्ष के दौरान बंद		31.03.2018 को अंत शेष	
संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
177	4,464.82	0	2,762.21	03	1,338.58	174	5,888.45

(स्रोतः वर्ष 2017–18 का वित्त लेखे)

₹ 5,888.45 करोड़ की कुल शेष राशि में से ₹ 65.77 करोड़ की अव्ययित राशि, नौ पी0 डी0 खातों में लगातार पाँच वर्षों से अधिक से कालातीत होने से बचने के लिये नौ अलग–अलग कोषागारों में पड़ी थी जैसा कि **तालिका 3.2** में वर्णित है।

[1] बिहार सरकार के अधिसूचना सं0 6679 दिनांक 23.08.2016 ।

[2] बिहार भवन, नई दिल्ली, दलसिंहसराय, डुमराँव, हिलसा, लालगंज, मसौढ़ी, मोकामा, नौगछिया, पूपरी, राजगीर, रजौली, रोसड़ा, सचिवालय कोषागार (विकास भवन, पटना), शाहपुर पटोरी, सिकहरना, टेकारी, त्रिवेणीगंज, उदाकिशनगंज और ई–कोषागार ।

तालिका 3.2: लगातार पाँच वर्षों से अधिक से अव्ययित पड़ी राशि

(₹ करोड़ में)

क्रम सं0	कोषागार	व्यक्तिगत खातों का नाम	राशि
1	मुजफ्फरपुर	डी0एल0ए0ओ0, मुजफ्फरपुर	4.94
2	पटना	डी0एम0, पटना	0.66
3	कैमूर	डी0एल0ए0ओ0, कैमूर	16.22
4	जहानाबाद	डी0एल0ए0ओ0, जहानाबाद	0.30
5	पुर्णिया	डी0एल0ए0ओ0, पुर्णिया	0.21
6	गया	डी0एल0ए0ओ0, गया	21.21
7	समस्तीपुर	डी0एल0ए0ओ0, समस्तीपुर	4.74
8	बेगुसराय	डी0एल0ए0ओ0, बेगुसराय	16.33
9	सासाराम	डी0एल0ए0ओ0, सासाराम	1.16
योग			**65.77**

(स्रोतः वर्ष 2017–18 का वित्त लेखे)

3.1.2 अपरिचालित व्यक्तिगत जमा खाते

174 व्यक्तिगत जमा खातों में से 94 खाते 47 कोषागारों में विगत तीन वित्तीय वर्षों से अपरिचालित थे जैसा कि ***परिशिष्ट 3.1*** में वर्णित है। इन 94 अपरिचालित पी0डी0 खातों में से 89 में शेष शून्य और पाँच[3] पी0डी0 खातों में ₹ 27.73 करोड़ की राशि मार्च 2018 के अन्त तक अव्ययित थी। इन 94 निष्क्रिय पी0 डी0 खातों को बिहार सरकार के पत्र सं0 11262 दिनांकः 05.10.2010 के अनुसार बंद नहीं किया गया था, हालांकि वे मार्च 2018 के अंत में बंद होने योग्य थे।

पी0डी0 खातों के शेष राशि का समय–समय पर असमाशोधन और पी0डी0 खातों में पड़े अव्ययित राशि को वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व तक संचित निधि में वापस नहीं किये जाने से लोक निधि के दुरूपयोग, धोखाधड़ी और दुर्विनियोजन के जोखिम का सामना करना पड़ सकता है।

अनुशंसाएँ: *वित्त विभाग को ऐसी सूचना प्रबंधन प्रणाली तैयार करनी चाहिए जिनके अन्तर्गत पी0डी0 प्रशासकों को अपने द्वारा संचालित पी0डी0 खातों की समीक्षा करनी चाहिए और प्रतिवर्ष पी0डी0 खातों को बनाए रखने की आवश्यकता को उल्लेखित कर वर्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करें तथा अपरिचालित पी0डी0 खातों और उन खातों जिनमें राशि पाँच वर्षों से अधिक से पड़ी है के संबंध में उचित कार्रवाई करें।*

3.2 भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के लिए कल्याण उपकर

श्रम उपकरों के लेखांकन हेतु बिहार सरकार द्वारा नियम नहीं बनाए गए हैं। विभिन्न विभागों द्वारा श्रमिक सहयोग से निष्पादित परियोजनाओं वाले संग्रहित श्रम उपकरों को प्रविष्टि करने के लिए सरकार द्वारा उप शीर्ष नहीं खोला गया है। सरकारी विभागों द्वारा संग्रहित श्रम उपकरों की प्रविष्टि मुख्य शीर्ष 8443–सिविल जमा–108–लोक निर्माण कार्य में सीधे कर लिया गया है। आगे, यद्यपि लघु शीर्ष–लोक निर्माण कार्य जमा में श्रम उपकर के अलावा कई प्राप्तियाँ शामिल हैं, इसके नीचे कोई उप–शीर्ष नहीं है, इसके फलस्वरूप विभिन्न विभागों द्वारा संग्रहित श्रम उपकर की राशि को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। श्रमिक कल्याण बोर्ड को भुगतान की गयी राशि को भी अलग कर पाना संभव नहीं है।

[3] डी0एम0, बाका (₹ 25.30 करोड़), डी0एम0, पटना (₹ 0.66 करोड़), डी0एम0, वैशाली (₹ 0.07 करोड़), डी0एम0, भोजपुर (₹ 0.20 करोड़) एवं डी0डी0सी0, कटिहार (₹ 1.50 करोड़)

पुनः, वित्त विभाग, बिहार सरकार द्वारा 2019–20 के बजट प्रस्तुतिकरण तक श्रम उपकर के लेखांकन एवं वर्गीकरण हेतु कार्रवाई नहीं किया गया है। तथापि, वित्त विभाग ने इस मामले पर महालेखाकार (ले0 एवं हक0) के सहयोग से उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

3.2.1 उपकर का लेखांकन

बिहार भवन एवं अन्य निर्माण कार्य श्रमिक कल्याण बोर्ड (भ0अ0नि0श्र0) द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार उनके लेखाओं को वर्ष 2015–16 तक ही अंतिम रूप दिया गया है।

जैसा कि बोर्ड द्वारा सूचित किया गया है, अप्रैल 2017 में प्रारंभिक शेष ₹ 895.15 करोड़ था एवं वर्ष 2017–18 में उनके द्वारा जिला बोर्ड द्वारा ₹ 0.19 करोड़ की धन वापसी सहित कुल ₹ 266.46 करोड़ की राशि श्रम उपकर के मद में प्राप्त हुई। इस राशि में से ₹ 62.55 करोड़ (5.38 प्रतिशत) का व्यय कल्याणकारी योजनाओं (₹ 61.26 करोड़) एवं प्रशासन (₹ 1.29 करोड़) पर 2017–18 में किया गया जिससे 40,740 श्रमिक (कुल पंजीकृत श्रामिकों का 10.94 प्रतिशत) लाभान्वित हुए। वर्ष के अन्त में ₹ 1,099.06 करोड़ का अन्तिम शेष था।

बिहार ने पड़ोसी राज्यों जैसे छत्तीसगढ़ (42 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (14 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (सात प्रतिशत) और झारखण्ड (21 प्रतिशत) की तुलना में उपलब्ध निधियों से बहुत ही कम राशि (5.38 प्रतिशत) का उपयोग किया।

अनुशंसाएँ: *बिहार भ0अ0नि0श्र0 कल्याण बोर्ड को लेखाओं के ससमय संधारण को सुनिश्चित करना चाहिए और प्रासंगिक अभिलेखों का उचित रखरखाव करना चाहिए ताकि भवन एवं अन्य निर्माण कार्य श्रमिकों के काम करने की स्थिति में सुधार के उद्देश्यों को पूरा किया जा सके और उन्हें पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जा सके। बिहार सरकार को उपकर के लेखांकन हेतु नियमावली भी तैयार करनी चाहिए।*

3.3 लेखाओं में अपारदर्शिता

अन्य प्राप्तियाँ और अन्य व्यय से संबंधित लघु शीर्ष 800 को तभी व्यवहार में लाना चाहिए जब लेखे में उपयुक्त लघु शीर्ष उपलब्ध नहीं कराया गया हो। लघु शीर्ष 800 के नियमित व्यवहार को निरूत्साहित किया जाना है चूँकि यह अस्पष्ट लेखे को प्रस्तुत करता है क्योंकि ऐसे शीर्ष, राशि से संबंधित योजनाओं, कार्यक्रमों इत्यादि को प्रलक्षित नहीं करते हैं।

संवीक्षा से पता चला कि वर्ष 2017–18 के दौरान राजस्व एवं पूँजीगत के 19 मुख्य शीर्षों के अधीन ₹ 107.09 करोड़ (कुल व्यय का 0.08 प्रतिशत) को व्यय के मुख्य शीर्षों के नीचे लघु शीर्ष '800–अन्य व्यय' के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है।

इसी प्रकार, लेखे के 46 मुख्य शीर्षों के अधीन ₹ 1,607.18 करोड़ (राजस्व प्राप्तियों का 1.37 प्रतिशत) को प्राप्तियों के मुख्य शीर्षों के नीचे (सहायता अनुदान को छोड़ कर) लघु शीर्ष '800–अन्य प्राप्तियाँ' के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

प्राप्तियों एवं व्यय के पर्याप्त अनुपात (संबंधित मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत कुल प्राप्तियों/व्यय के 10 प्रतिशत या अधिक) को लघु शीर्ष 800–'अन्य व्यय/प्राप्तियों' के अन्तर्गत वर्गीकृत उदाहरणों को क्रमशः ***परिशिष्ट 3.2 एवं 3.3*** में वर्णित किया गया है।

बड़ी राशियों का वर्गीकरण सर्वव्यापी लघु शीर्ष 800–'अन्य व्यय/प्राप्तियों' के अंतर्गत करने से वित्तीय विवरणी में पारदर्शिता का अभाव प्रदर्शित हुआ।

अनुशंसाएँ: *वित्त विभाग, महालेखाकार (ले0 एंव हक0) के परामर्श से सभी मदों की व्यापक समीक्षा करा सकता है, जो वर्तमान में लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत प्रदर्शित है और यह भी सुनिश्चित कर सकता है कि भविष्य में ऐसी प्राप्तियों और व्ययों को उचित लेखा शीर्षों में लेखांकित किया जाए।*

3.4 मुख्य उचंत एवं प्रेषण शीर्षों के अंतर्गत लंबित शेष

निश्चित मध्यवर्गी /समायोजन शीर्ष जो 8658– उचंत शीर्ष से जाना जाता है, सरकारी लेखों में प्राप्तियों एवं व्यय के वैसे लेन देन को प्रदर्शित करने के लिए संचालित होता है जिसे उसके प्रकृति की जानकारी न होने के कारण एवं अन्य कारणों से सुनिश्चित लेखा शीर्ष में प्रविष्ट नहीं किया जा सकता है। वित्त लेखा, उचंत एवं प्रेषण शीर्ष के अंतर्गत निवल शेष को प्रदर्शित करता है। इन शीर्षों के अंतर्गत लंबित शेष, विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत लंबित नामे तथा जमा शेष को अलग से जोड़कर तैयार किया गया। विगत तीन वर्षों के अंत तक कुछ मुख्य उचंत तथा प्रेषण शीर्षों के अंतर्गत सकल आँकड़ों की स्थिति **तालिका 3.3** में दर्शायी गयी है।

तालिका 3.3: उचंत एवं प्रेषण शेष की स्थिति

(₹ करोड़ में)

लघु शीर्ष का नाम	2015-16		2016-17		2017-18	
	नामे	जमा	नामे	जमा	नामे	जमा
8658–101–वेतन एवं लेखा कार्यालय उचंत	270.29	0.00	296.05	0.00	335.27	0.00
निवल	**(नामे) 270.29**		**(नामे) 296.05**		**(नामे) 335.27**	
8658–102–उचंत लेखा (सिविल)	3,980.75	290.43	4,673.39	297.35	4,059.01	309.73
निवल	**(नामे) 3,690.32**		**(नामे) 4,376.04**		**(नामे) 3,749.28**	
8658–110–रिजर्व बैंक उचंत–केन्द्रीय लेखा कार्यालय	1,242.12	894.60	1,265.00	894.60	1276.72	894.62
निवल	**(नामे) 347.52**		**(नामे) 370.40**		**(नामे) 382.10**	
8782–102–लोक निर्माण प्रेषण	1,09,773.31	1,09,574.26	1,18,943.96	1,18,827.32	16,469.13	15,520.08
निवल	**(नामे) 199.05**		**(नामे) 116.64**		**(नामे) 949.05**	
8782–103–वन प्रेषण	2,214.48	2,035.28	2,535.84	2,318.34	2,779.39	2,535.37
निवल	**(नामे) 179.20**		**(नामे) 217.50**		**(नामे) 244.02**	

(स्रोत: वर्ष 2017–18 के वित्त लेखे)

वर्ष 2016–17 की तुलना में वर्ष 2017–18 में 101–वेतन एवं लेखा कार्यालय उचंत के अंतर्गत ₹ 39.22 करोड़ (नामे), 110–रिजर्व बैंक उचंत–केंद्रीय लेखा कार्यालय के अंतर्गत ₹ 11.70 करोड़ (नामे) 102–लोक निर्माण प्रेषण के अंतर्गत ₹ 832.41 करोड़ (नामे), तथा 103– वन प्रेषण के अंतर्गत ₹ 26.52 करोड़ (नामे) की निवल वृद्धि हुई और 102– उचंत लेखा (सिविल) के अंतर्गत ₹ 626.26 करोड़ नामे की कमी हुई।

यदि ये राशि अस्पष्ट रहते हैं तो उचंत शीर्ष के अन्तर्गत शेष राशि संचित हो जाएगी जिसके कारण सरकारी व्यय के सही एवं निस्पक्ष तस्वीर नहीं दर्शाएगी।

अनुशंसा: *उचंत शीर्ष के अंतर्गत बकाया शेष के समाशोधन के लिए वित्त विभाग द्वारा संबद्ध इकाई की मदद से प्रबल रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है।*

3.5 सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लेखाओं का अन्तिमीकरण में विलंब

कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 96(1) एवं धारा 129(2) के अनुसार कम्पनियों के प्रत्येक वित्तीय वर्ष के वित्तीय विवरणों का अन्तिमीकरण सम्बन्धित वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छः माह के अन्दर अर्थात सितम्बर के अंत तक करना होता है। ऐसा नहीं करने पर अधिनियम के अंतर्गत कम्पनी का प्रत्येक अधिकारी जो ऐसी चूक करता है, उस पर एक वर्ष तक के लिए बढ़ाये जाने वाले कारावास से या अर्थदण्ड जो 50 हजार रूपये से कम न हो और जिसे पाँच लाख रूपये तक बढ़ाया जा सकता है अथवा दोनों दण्ड का प्रावधान है। जैसे कि सरकारी कम्पनियों के प्रबंधन, जिनके लेखे बकाया में है, इस तरह के किसी भी डिफॉल्ट के लिए भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है। इसी प्रकार, सांविधिक निगमों के मामलों में, उनके लेखाओं का अन्तिमीकरण, लेखा परीक्षण तथा विधायिका के समक्ष प्रस्तुतिकरण उनसे सम्बन्धित अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार होता है।

आगे, वर्ष 1977 में निकाय के रूप में गठित लेखा मानक संस्थान (ए0एस0बी0) के पर्यवेक्षण में निर्गत भारतीय लेखा मानक (भा0ले0मा0) को भारत में कम्पनियों द्वारा अपनाया गया है यद्यपि वर्त्तमान में (भा0ले0मा0) केवल बिजली कम्पनियों और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड पर ही लागू है।

सितम्बर 2018 तक बिहार में कुल 77 राज्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सा0क्ष0उ0) थे जिसमें 32 कार्यशील कंपनियाँ, तीन सांविधिक निगम (सभी कार्यशील) और 42 अकार्यशील कंपनियाँ थी।

3.5.1 कार्यशील कंपनियों के बकाये लेखे

30 सितम्बर 2018 तक 27 कार्यशील कंपनियों एवं तीन सांविधिक निगमों के लेखे क्रमशः 22 वर्ष और 12 वर्षों तक बकाये थे जैसा कि ***परिशिष्ट 3.4*** में दर्शाया गया है। लेखों के अन्तिमीकरण में विलंब के परिणामस्वरूप समयावधि के पश्चात महत्वपूर्ण रिकॉर्ड की अनुप्लब्धता या हानि हो सकती है जो कि तथ्यों की गलत व्याख्या, धोखाधड़ी और दुर्विनियोजन की संभावनाओं से भरा हुआ है।

35 कार्यशील सा0क्षे0उ0 (सांविधिक निगमों के सहित) में से केवल एक[4] सा0क्षे0उ0 ने वर्ष 2017–18 के लिए अपने लेखों का अन्तिमीकरण किया जबकि चार[5] सा0क्षे0उ0 के लेखे बकाए नहीं थे एव अन्य 30 सा0क्षे0उ0 के 160 लेखे[6] बकाये थे। सेवा क्षेत्र की बि0रा0प0प0प0नि0[7] एक लगातार घाटे में चलने वाला निगम है जिसके पास सड़कों पर चलने योग्य बेड़ा नहीं है तथा जिसके लेखे वर्ष 2006–07 से बकाये हैं।

---

4 बिहार ग्रिड कम्पनी लिमिटेड।

5 बिहार राज्य खनन निगम लि0, बिहार राज्य शैक्षणिक वित्त निगम लि0, पटना स्मार्ट सिटी लि0 और मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी लि0 को वर्ष 2017–18 में शामिल किया गया।

6 प्रतिवर्ष एक लेखे की दर पर।

7 बिहार राज्य पथ परिवहन निगम

3.5.2 अकार्यशील कंपनियों के बकाये लेखे

उपरोक्त के अतिरिक्त 30 सितम्बर 2018 तक सभी अकार्यशील सा0क्षे0उ0 के लेखे बकाये थे। 42 अकार्यशील सा0 क्षे0 उ0 में से पाँच सा0क्षे0उ0[8] विघटन की प्रक्रिया में थे। शेष 37 अकार्यशील सा0क्षे0उ0 के 1,016 लेखे बकाये हैं। बिहार राज्य कृषि उद्योग लि0 एवं स्काडा कृषि व्यापार निगम लि0 के लेखे क्रमशः एक एवं तीन वर्ष के लिए बकाये थे और 35 सा0क्षे0उ0 के लेखे नौ से 41 वर्षों के लिए बकाये थे जैसा की ***परिशिष्ट 3.4*** में दर्शाया गया है।

लेखाओं के अंतिमीकरण नहीं होने के कारण नियंत्रक–महालेखापरीक्षक, कंपनी अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार कंपनियों के पूरक लेखापरीक्षा और निगमों से संबंधित निर्धारित अधिनियम के अनुसार, उनके सांविधिक लेखापरीक्षा 41 वर्षों की अवधि तक नहीं करवा सके।

3.5.3 बकाये लेखे वाले सा0 क्षे0 उ0 को बजटीय सहायता

सरकार ने उन 27 सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों को बजटीय सहायता (अंश ₹ 12,413.51 करोड़, ऋण –₹ 2,881.44 करोड़, अनुदान– ₹ 956.42 करोड़ एवं सब्सिडी– ₹ 4,569.10 करोड़) प्रदान की और ₹ 26,640.53 करोड़ की स्वीकार्य देयता (गारंटी – ₹ 5,820.06 करोड़) उस समयावधि में जब कि 31 मार्च 2018 तक उनके लेखे बकाये थे ***(परिशिष्ट 3.5)***। इन सा0 क्षे0 उ0 ने पिछले एक से 41 वर्षों तक अपने लेखों का अन्तिमीकरण नहीं किया है जो कि कम्पनी अधिनियम/सांविधिक निगमों से संबंधित अधिनियमों के प्रावधानों के उल्लंघन है। सरकार को यह देखना चाहिए कि क्या यह व्यय धन के महत्व का है, एवं क्या ऐसी सहायता को युक्ति संगत रूप से पूँजीगत व्यय के अंश और ऋण के अन्तर्गत प्रविष्ट किया जा सकता है।

3.5.4 अकार्यशील कंपनियों का परिसमापन

कंपनियों को कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 248 के तहत बन्द किया जा सकता है या ट्रिब्यूनल अथवा स्वेच्छा से समापन किया जा सकता है।

अकार्यशील 42 कंपनियों में से पाँच सा0 क्षे0 उ0 ने पिछले छः से 19 वर्षों में परिसमापन की प्रक्रिया प्रारंभ की जो कि अधिकारिक परिसमापन, पटना एवं रांची उच्च न्यायालय के पास विचाराधीन है। आगे, राज्य सरकार ने 15 सा0 क्षे0 उ0 के परिसमापन हेतु आदेश निर्गत किया है, परन्तु संबंधित प्राधिकरणों द्वारा अन्तिम प्रक्रिया अभी तक विचाराधीन है।

अनुशंसा: *वित्त विभाग को उन सभी सा0क्षे0उ0 के मामलों की समीक्षा करनी चाहिए जिनके लेखे बकाये हैं, सुनिश्चित करना चाहिए कि एक यथोचित अवधि तक इन लेखाओं को अद्यतन किया जाए, और उन सभी मामलों में जहाँ बकाये लेखों की स्थिति यथावत है, वित्तीय सहायता बंद कर देनी चाहिए।*

3.6 उपयोगिता प्रमाण पत्रों को जमा नहीं किया जाना

बिहार वित्तीय नियमावली (बि0वि0नि0) यह निर्दिष्ट करता है कि जहाँ सहायता अनुदान विशेष उद्देश्य हेतु प्रदान किया जाता है वहाँ संबंधित विभागीय पदाधिकारी को अनुदानग्राहियों से उपयोगिता प्रमाण पत्र (यू0सी0) प्राप्त कर लेना चाहिए, जिसे सत्यापन के पश्चात् 18 महीने के भीतर महालेखाकार (ले0 व हक0) को अग्रसारित कर देना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस निधि का उपयोग अभीष्ट उद्देश्यों हेतु किया गया है।

[8] बिहार फिनिश्ड लेदर लि0, बिहार राज्य चर्म उद्योग विकास निगम लि0, कुमारधुबी मेटल कास्टिंग एवं अभियंत्रण लि0, बिहार राज्य लघु उद्योग निगम लि0, बिहार राज्य निर्यात निगम।

यद्यपि, यह पाया गया कि 31 मार्च 2018 तक 35 विभागों में ₹ 36,593.50 करोड़ के 2,455 यू0सी0 लंबित थे जिसे ***परिशिष्ट 3.6*** में दर्शाया गया है। लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्रों की वर्षवार स्थिति **चार्ट 3.1** में दर्शाया गया है।

चार्ट 3.1: लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्रों का विवरण



(* उपर्युक्त वर्णित वर्ष "लंबित वर्ष" से संबंधित है अर्थात वास्तविक आहरण के 18 माह पश्चात)
(स्रोत: वर्ष 2017–18 के वित्त लेखे)

लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्रों में, 77 प्रतिशत पाँच विभागों से संबंधित है इसे **चार्ट 3.2** में दर्शाया गया है।

चार्ट 3.2: लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र (विभाग वार)

(₹ करोड़ में)



यद्यपि, उपयोगिता प्रमाण पत्रों के प्रस्तुतिकरण नहीं किए जाने के दृष्टांत नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में नियमित रूप से प्रस्तुत किये गये, फिर भी कोई सुधार नहीं है। कई मामलों में, उन्हीं प्राप्तकर्ताओं ने लगातार उन्हीं विभागों से अतिरिक्त अनुदान प्राप्त किये, जबकि उनके पूर्व अनुदान के यू0सी0 लंबित हैं। उपयोगिता प्रमाण पत्रों की उच्च लंबित संख्या से निधि के दुरूपयोग और धोखाधड़ी को बढ़ावा मिलता है।

अनुशंसा: *वित्त विभाग को एक निश्चित समय सीमा निर्धारित करना चाहिए जिससे कि प्रशासनिक विभाग लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्रों को संग्रहित कर सके। वित्त विभाग को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि, उस अवधि तक प्रशासनिक विभाग दोषी अनुदानग्राहियों को आगे कोई अनुदान जारी न करे।*

3.7 लंबित सार आकस्मिक विपत्र

बिहार कोषागार संहिता, 2011 का नियम 177 प्रावधानित करता है कि आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा इस आशय का प्रमाण–पत्र दिया जाएगा कि आकस्मिक विपत्र पर आहरित धन उसी वित्तीय वर्ष में व्ययित कर दिया जाएगा तथा अव्ययित राशि वर्ष के 31 मार्च के पूर्व कोषागार को प्रेषित कर दी जाएगी। पुनः बिहार कोषागार संहिता, 2011 के नियम 194 के अनुसार जिस महीना में सार विपत्र आहरित की गयी हो उसके छः माह के भीतर प्रतिहस्ताक्षरित विस्तृत आकस्मिक विपत्र अभिश्रव सहित महालेखाकार (ले0 एवं हक0) को प्रस्तुत कर दी जानी चाहिए तथा छः माह की अवधि की समाप्ति के बाद कोई सार विपत्र आहरित नहीं की जानी चाहिए जब तक कि विस्तृत आकस्मिक विपत्र प्रस्तुत न किया जाए। विस्तृत आकस्मिक विपत्र की विलंब प्रस्तुति अथवा दीर्घकालीन प्रस्तुति सार विपत्र के व्यय को अपारदर्शी बनाता है।

31 मार्च 2018 तक समायोजन हेतु लंबित बकाया सार आकस्मिक विपत्रों का विवरण **तालिका 3.4** में प्रदर्शित है:

तालिका 3.4: सार आकस्मिक विपत्रों के आहरण और समायोजन की स्थिति

(₹ करोड़ में)

वर्ष	वर्ष के दौरान आहरित सार आकस्मिक विपत्र		वर्ष के दौरान समायोजित विस्तृत आकस्मिक विपत्र		लंबित विस्तृत आकस्मिक विपत्र	
	विपत्रों की संख्या	राशि	विपत्रों की संख्या	राशि	विपत्रों की संख्या	राशि
2015-16 तक	1,01,334	42,987.91	88,645	40,639.43	12,689	2,348.48
2016-17	1,383	1,808.68	366	898.09	1,017	910.59
2017-18	1,540	2,906.91	32	3.3	1,508*	2,903.61
योग	**1,04,257**	**47,703.50**	**89,043**	**41,540.82**	**15,214**	**6,162.68**

****1,508 सार आकस्मिक विपत्रों में ₹ 884.31 करोड़ के 522 सार आकस्मिक विपत्र 31 मार्च 2018 के बाद तक देय होंगे।***
(स्रोत: वर्ष 2017–18 के वित्त लेखे)

यह देखा गया की वर्ष 2017–18 के दौरान ₹ 2,906.91 करोड़ के 1,540 सार आकस्मिक विपत्रों का आहरण किया गया जिनमें से ₹ 867.31 करोड़ (वर्ष के दौरान सार आकस्मिक विपत्रों से आहरित कुल राशि का 29.84 प्रतिशत) के 491 विपत्रों का आहरण अकेले मार्च 2018 में किया गया एवं इसमें से ₹ 73.01 करोड़ के 43 सार आकस्मिक विपत्र का आहरण वित्तीय वर्ष के अन्तिम दिन किया गया। ₹ 2,903.61 करोड़ के 1,508 विस्तृत आकस्मिक

विपत्र वित्तीय वर्ष 2017–18 के अन्त तक प्रस्तुत नहीं किये गये। अतः इसका कोई आश्वासन नहीं है कि ₹ 2,903.61 करोड़ की राशि का उपयोग उसी कार्य के लिए हुआ जिसके लिए वित्तीय वर्ष में विधान मंडल द्वारा स्वीकृत/अधिकृत किया गया था। आहरित अग्रिम जिसको लेखाबद्ध नहीं किया गया, क्षति/गबन/दुष्कृत्य आदि को बढ़ावा देता है।

अनुशंसाएँ: *वित्त विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी नियंत्रण पदाधिकारियों द्वारा निर्धारित अवधि से परे लंबित ए0सी0 विपत्रों को समयबद्ध तरीके से समायोजित करें, तथा यह भी सुनिश्चित करें कि ए0सी0 विपत्रों को सिर्फ बजट के व्यपगत होने से बचाने के लिए आहरित नहीं किया जाए। वैसे पदाधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की पहल की जाय जो ए0सी0 विपत्रों पर निधि का आहरण सिर्फ बजट को व्यपगत होने से बचाने के लिए करते हैं।*

3.8 निवेशों/ऋणों/प्रत्याभूतियों का असमाशोधन

मार्च 2018 तक, वित्त लेखे में प्रतिवेदित राज्य सरकार के विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में निवेश के आँकड़ों (₹ 31,284.55 करोड़) तथा कंपनियों द्वारा बताए गए आँकड़ों (₹ 30,639.29 करोड़) के बीच ₹ 645.26 करोड़ का अंतर है।

इसी प्रकार, वित्त लेखे में दर्शाए गए ऋण एवं अग्रिम के आँकड़ों (₹ 5,258.01 करोड़) तथा राज्य सरकार के विभिन्न संस्थाओं द्वारा सूचित किये गये आँकड़ों (₹ 5,094.68 करोड़) के बीच ₹ 163.33 करोड़ का अंतर पाया गया।

आगे, वित्त लेखे में दर्शाए गए प्रत्याभूति के आँकड़े (₹ 4,844.52 करोड़) तथा राज्य सरकार के विभिन्न संस्थाओं द्वारा सूचित किये गऐ आँकड़ों (₹ 7,030.00 करोड़) के बीच ₹ 2,185.48 करोड़ का अंतर भी पाया गया।

निवेशों, ऋणों तथा प्रत्याभूतियों के आँकड़ों में पाए गए सभी अंतरों का समाशोधन किया जा रहा है जिसकी विवरणी ***परिशिष्ट 3.7*** में दर्ज है।

अनुशंसा: *राज्य सरकार के विभिन्न संस्थाओं को दी गई निवेशों, ऋणों और प्रत्याभूतियों से संबधित राज्य सरकार के अभिलेखों एवं लेखों में अंतरों के समाशोधन के लिए वित्त विभाग एवं संबंधित प्रशासनिक विभागों को महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए।*

3.9 जमा राशि पर ब्याज की गैर–अदायगी

राज्य सरकार को मुख्य शीर्ष 8121– सामान्य एवं अन्य रिजर्व निधि–122– राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि (₹ 696.39 करोड़) एवं 8342– अन्य जमा[9] (₹ 88.61 करोड़) में 31 मार्च 2017 तक प्रदर्शित शेष जमा पर ब्याज देना अपेक्षित है। इस मुख्य शीर्ष से संबंधित लोक खाते में ₹ 785 करोड़ की राशि शेष थी। तथापि, इस निक्षेप पर ब्याज का भुगतान नहीं किया गया है जो कि इस तथ्य से पता चलता है कि शीर्ष 2049–जमा पर ब्याज के अंतर्गत 2017–18 के दौरान किये गये व्यय को इन्द्राज नहीं किया गया। इस अवधि में, जमा राशि पर देय ब्याज ₹ 64.54 करोड़ था। परिणामस्वरूप, 2017–18 के लिए राजस्व अधिशेषों में ₹ 64.54 करोड़ का अतिशयता हो गया जैसा कि **कंडिका 3.14** में प्रदर्शित है।

[9] 117–सरकारी कर्मचारियों के लिए परिभाषित योगदान पेंशन योजना और 120–विविध जमा

अनुशंसा : *वित्त विभाग को सभी ब्याज निक्षेपों के संबंध में ब्याज दर्ज करनी चाहिए।*

3.10 राज्य के पुनर्गठन के फलस्वरूप शेषों का विभाजन

15 नवम्बर 2000 से प्रभावी बिहार राज्य के पुनर्गठन के लगभग दो दशक के बाद भी, उत्तरवर्त्ती राज्यों बिहार और झारखण्ड के बीच पूँजी (मुख्य शीर्ष 4059 से 5475), ऋणों एवं अग्रिम (मुख्य शीर्ष 6202 से 7615) तथा भाग–III के अधीन लोक खातों (रिजर्व बैंक में जमा को छोड़कर) के अंतर्गत ₹ 11,148.69 करोड़ की शेष राशि का विभाजन किया जाना शेष है।

पुनः, तब के मौजूद 12 सा0 क्षे0 उ0[10] के परिसंपत्तियों एवं देयताओं के विभाजन का निर्णय (सितम्बर 2015) लिया गया था। यथापि, सितम्बर 2018 तक केवल पाँच सा0 क्षे0 उ0[11] के संबंध में इस प्रक्रिया को पूर्ण किया गया है। पुनः, बिहार राज्य वन विकास निगम लिमिटेड एवं बिहार राज्य निर्माण निगम लिमिटेड का विभाजन 2012 से लंबित है।

अनुशंसा: *राज्य सरकार को दोनों उत्तरवर्त्ती राज्यों बिहार एवं झारखण्ड के बीच ₹ 11,148.69 करोड़ की शेषों को शीघ्रता से विभाजन करना चाहिए।*

3.11 रोकड़ शेष में अंतर

31 मार्च 2018 को महालेखाकार द्वारा कार्यित रोकड़ शेष ₹ 46.90 करोड़ (नामे) जबकि भारतीय रिजर्व बैंक के पास रोकड़ शेष ₹ 92.16 करोड़ (जमा) थी। ₹ 45.26 करोड़ (जमा) का अंतर मुख्यतः लेन–देन की गलत जानकारी देने तथा एजेंसी बैंकों द्वारा असमाशोधन था एवं इसका समाशोधन किया जा रहा है।

3.12 रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेषों का निवेश

वर्ष 2017–18 के दौरान रोकड़ शेषों एवं रोकड़ शेषों के निवेशों का विवरण **तालिका 3.5** में दिया हुआ है:

तालिका 3.5: रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेषों का निवेश

(₹ करोड़ में)

विवरण	01 अप्रैल 2017 को आरंभिक शेष	31 मार्च 2018 को अंतिम शेष
(अ) सामान्य रोकड़ शेष		
कोषागारों में रोकड़	00.00	00.00
रिजर्व बैंक के पास जमा	114.90	46.90
पारगमन में प्रेषण–स्थानीय	00.00	00.00

[10] बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड, बिहार राज्य खनन निगम लिमिटेड, बिहार राज्य साख एवं विनिवेश निगम लिमिटेड, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड, भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, लखीसराय बिजली कम्पनी लिमिटेड, बिहार राज्य वित्त निगम लिमिटेड, बिहार राज्य भण्डारण निगम, बिहार हिल एरिया लिफ्ट सिंचाई निगम लिमिटेड, बिहार राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड।

[11] बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड, बिहार राज्य जल विद्युत निगम लिमिटेड, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, बिहार राज्य भण्डारण निगम एवं बिहार राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड।

विवरण	01 अप्रैल 2017 को आरंभिक शेष	31 मार्च 2018 को अंतिम शेष
कुल	**114.90**	**46.90**
रोकड़ शेष निवेश खातों में किया गया निवेश	13,001.71	17,395.63
कुल (अ)	**13,116.61**	**17,442.53**
(ब) अन्य शेष एवं निवेश		
विभागीय अधिकारियों यथा लोक निर्माण विभाग तथा वन विकास विभाग के अधिकारियों के पास रोकड़	185.60	185.73
विभागीय अधिकारियों के पास आकस्मिक व्यय के लिए स्थायी अग्रिम	342.26	341.97
उद्दिष्ट निधियों के निवेश	3,417.73	4,111.33
कुल (ब)	**3,945.59**	**4,639.03**
कुल (अ+ब)	**17,062.20**	**22,081.56**

(स्रोतः 2017–18 के वित्त लेखे)

₹ 185.73 करोड़ के विभागीय शेष में अस्थायी अग्रिम/अग्रदाय के रूप में ₹ 161 करोड़ निहित है एवं शेष ₹ 24.73 करोड़ की राशि संयुक्त बिहार के विरासत का भाग है जिसे बिहार एवं झारखण्ड राज्य के बीच परिसंपत्तियों एवं देयताओं के बटवारे के पूर्ण नहीं होने के कारण उत्तरवर्ती राज्य बिहार के द्वारा वहन किया गया है।

3.13 अस्थायी अग्रिम एवं अग्रदाय असमायोजन

बिहार कोषागार संहिता, 2011 के नियम 177 के अनुसार, यदि धन का अग्रिम आहरण होता है तो ऐसी आहरित राशि का अव्ययित शेष अगले विपत्र में न्यून आहरण अथवा चालान, जो पहला संभावित अवसर हो, द्वारा कोषागार में वापस जमा करना चाहिए तथा किसी तरह आहरित राशि उसी वित्तीय वर्ष के अंत तक जमा होनी चाहिए जिसमें यह आहरित हुई है। आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र जारी करना होगा कि आकस्मिक विपत्रों पर आहरित धन को उसी वित्तीय वर्ष में ही व्यय किया जाएगा एवं अव्ययित राशि को वर्ष के 31 मार्च के पूर्व प्रेषित किया जाएगा।

यह पाया गया कि आठ विभागों/संगठनों के कार्य विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा आहरित अस्थायी अग्रिम एवं अग्रदाय की ₹ 145.24 करोड़ की राशि 31 मार्च 2018 तक समायोजन हेतु लंबित थी, जो की वित्तीय वर्ष के अन्त के पहले तक कोषागार में वापसी हेतु योग्य थी। पुनः, ₹ 16.01 करोड़ की राशि इन कार्य विभागों में एक अग्रदाय के रूप में भी पड़ी थी। 31 मार्च 2018 तक लंबित अग्रिम एवं अग्रदाय का विभागवार/संगठनवार विश्लेषण **तालिका 3.6** में दिया गया है।

तालिका 3.6: मार्च 2018 को असमायोजित अस्थायी अग्रिम एवं अग्रदाय

(₹ करोड़ में)

क्रम सं0	विभाग/संगठन का नाम	अग्रिम की अवधि	अस्थायी अग्रिम	अग्रदाय	कुल
1.	भवन निर्माण	1998-2015	5.60	2.14	7.74
2.	सिंचाई	1983-2015	26.49	0.40	26.89
3.	राष्ट्रीय राजमार्ग	अनुप्लब्ध	0.78	0.16	0.94
4.	लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण	अनुप्लब्ध	8.42	0.38	8.80
5.	पथ निर्माण	1999-2005	67.48	2.15	69.63
6.	ग्रामीण कार्य	2002-2016	6.13	7.19	13.32
7.	स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन	2011-2016	28.05	3.38	31.43
8.	लघु जल संसाधन	1985-2014	2.29	0.21	2.50
	कुल		**145.24**	**16.01**	**161.25**

(स्रोत : वर्ष 2017–18 का वित्त लेखे)

संबंधित विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों ने बताया कि आहरित अग्रिमों का समायोजन/वसूली प्रक्रियाधीन है।

अनुशंसा: *वित्त विभाग एवं संबंधित प्रशासनिक विभागों को सभी असमायोजित अस्थायी अग्रिमों एवं अव्ययित राशियों की समीक्षा करनी चाहिए, उसके तत्काल समायोजन के लिए कार्रवाई प्रारंभ की जाय तथा वैसे कर्मचारियों/पदाधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाय जिन्होंने निर्धारित समय के अंदर अस्थायी अग्रिमों एवं अग्रदायों को समायोजित/वापस नहीं किया है।*

3.14 राजस्व अधिशेष एवं राजकोषीय घाटा पर प्रभाव

वित्त लेखे के अनुसार, व्यय एवं राजस्व के गलत लेखांकन के प्रभाव के परिणामस्वरूप ₹ 227.06 करोड़ प्रत्येक का राजस्व अधिशेष में अतिशयता एवं राजकोषीय घाटे में न्यूनोक्ति हुई। इसे **तालिका 3.7** में दिया गया है:

तालिका 3.7: राजस्व अधिशेष एवं राजकोषीय घाटा पर प्रभाव

(₹ करोड़ में)

क्रम सं0	मद	राजस्व अधिशेष पर प्रभाव		राजकोषीय घाटा पर प्रभाव	
		अतिशयता	न्यूनोक्ति	अतिशयता	न्यूनोक्ति
1.	राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि समेत ब्याज सहित आरक्षित निधियाँ	57.45	..	..	57.45
2.	जमा पर ब्याज की गैर–अदायगी	7.09	..	..	7.09
3.	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली	128.24	..	..	128.24
4.	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली पर उपार्जित ब्याज	34.24	..	..	34.24
कुल योग		**अतिशयता**	**227.06**	**न्यूनोक्ति**	**227.06**

(स्रोत : वर्ष 2017–18 का वित्त लेखे, बिहार सरकार)

